✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 123 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, रविवार, 28 सितम्बर 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com

## षष्टम नवदुर्गा : माता कात्यायनी

चंद्र हासोज्ज वलकरा शार्दूलवर वाहनाम।
कात्यायनी शुभंदद्या देवी दानव घातिनिम्म।।



नवरात्रि का आज छठा दिन है। नवरात्र के छठे दिन कात्यायनी मां की पूजा आराधना की जाती है। मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होंगे और एक नई शक्ति का संचार होता है। मां कात्यायनी की पूजा करने से विवाह का योग भी बनता हैं। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती हैं। इनकी चार भुजाएं होती हैं। महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर मां शक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था तभी से वो कात्यायनी मां कहलाती हैं मां कात्यायनी दुष्टों का नाश करती हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जहानाबाद-गया रेलखंड पर एरकी पेट्रोल पंप के समीप ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को तब हुई जब व्यक्ति गया जी से दवा लेकर लौट रहा था। मृतक की पहचान बृज बिहारी (57) के रूप में हुई है। वह शकुराबाद थाना क्षेत्र के खैरू चक गांव के निवासी थे और वर्तमान में जहानाबाद के कोर्ट एरिया में रहते थे।

### तीन लाख का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विशंभरपुर थाना क्षेत्र के निरंजना गांव निवासी गैंगस्टर मनीष कुशवाहा को बिहार एसटीएफ ने गोपालगंज पुलिस की मदद से सिवान से गिरफ्तार कर लिया है। मनीष कुशवाहा पर हत्या, लूट, बमबाजी, पुलिस मुठभेड़ समेत 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार पुलिस और एसटीएफ पिछले सात वर्षों से मनीष कुशवाहा की तलाश कर रही थी। उसके खिलाफ तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसपी अवधेश दीक्षित ने गैंगस्टर की गिरफ्तारी की पुष्टि की और बताया कि उससे पूछताछ जारी है तथा उसके अपराधिक मामलों की जांच भी की जा रही है।

### बीपीएससी शिक्षिका का शव बरामद

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल बाजार के डुमरी रोड में शनिवार को बीपीएससी शिक्षिका का शव ससुराल के पीछे खेत में मिला है। जहां बॉडी मिली है वो जगह घर से 15 फीट दूर है। पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका का नाम पुष्पा कुमारी है। इसी साल मार्च में उसकी शादी हुई थी। पति भी बीपीएससी टीचर है। बेटी की मौत के बाद परिवार गुस्से में है। पिता का आरोप है कि ससुर, दामाद प्रमोद प्रसाद, उसके बहनोई ने मिलकर पुष्पा की हत्या कर दी।

### नक्सलियों के ठिकानों से देसी कट्टा व कारतूस बरामद

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह छकरबंधा थाना क्षेत्र के बभना पत्थर जंगल में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। घंटों चली तलाशी अभियान के दौरान जवानों ने झाड़ियों में छिपाकर रखे गए हथियारों का जखीरा बरामद किया। इसमें 2 देसी कट्टा, 22 जिंदा कारतूस, 2 खोखा और एक चार्जर शामिल है। सर्च ऑपरेशन के दौरान आईआईडी के छिपाए जाने को लेकर विशेष सतर्कता भी बरती गई। जमीन की जांच पड़ताल के बाद ही फोर्स आगे बढ़ रही थी ताकि किसी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंचे।

मधुबनी में मुख्यमंत्री ने 8410 करोड़ की 25 योजनाओं का शिलान्यास व छह का किया उद्घाटन

# विकास की गति को तेज रखने के लिए बिहार में एनडीए सरकार जरूरी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जिले को 8410 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। खुटौना प्रखंड के सिरसिहा-परिसाही स्थित पावर ग्रिड मैदान में आयोजित लाभुक संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 25 विकास योजनाओं का शिलान्यास और छह योजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 8410 करोड़ 56 लाख रुपए है। शिलान्यास की गई प्रमुख परियोजनाओं में 7832 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का विस्तारीकरण, नवीनीकरण और



आधुनिकीकरण कार्य शामिल है। इसके अतिरिक्त, 293 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से मधुबनी जिले में 2-लेन पेव्ड शोल्डर सहित रिंग रोड का निर्माण कार्य भी शुरू होगा, जिससे जिले की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। बिजली क्षेत्र में दुर्गापट्टी, तमरिया, सालपुर, बसुआरा और बोरहट्टा में 50 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से बिजली शक्ति उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे। कुल 70 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से 9 अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जबकि 9 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। इनमें बटोला और पटपटी में विद्युत शक्ति उपकेंद्र, बेनीपट्टी में आपातकालीन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण केंद्र और लौरिया-फुलपरास पावर ग्रिड से जुड़ी हाई टेंशन लाइन परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में बिहार और मधुबनी के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी सरकार के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार 'गुंडा राज' के (शेष पृष्ठ 10 पर)

# विकासशील वंचित इंसान पार्टी 200 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार : प्रदीप निषाद

■ हक और अधिकार से वंचित लोगों को मिलेगी राजनीति में समुचित हिस्सेदारी
– कमल किशोर



**पटना।** आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव में विकासशील वंचित इंसान पार्टी (वीवीआइपी) करीब 200 सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद उर्फ हेलीकॉप्टर बाबा ने आज यहां बताया कि विकासशील वंचित इंसान पार्टी पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव के नेतृत्व वाली जनशक्ति जनता दल समेत अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ तालमेल कर एक गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव में उतरेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने करीब 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है और इसके लिए संभावित उम्मीदवारों तथा कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी एवं दम-खम के साथ क्षेत्र में सक्रिय तथा जनता के बीच रहने को कहा गया है। श्री निषाद ने बताया कि पार्टी टिकट वितरण में निषाद समाज के लोगों को प्राथमिकता देगी और करीब 90% टिकट निषाद समाज के प्रतिनिधियों के बीच ही बांटेगी। इसमें महिलाओं को भी समुचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। विकासशील वंचित इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में अब तक जितनी पार्टियां बनी है, सभी ने निषाद समाज के लोगों का शोषण ही किया है और अभी तक इस समाज को उनका वास्तविक हक एवं अधिकार नहीं मिल सका (शेष पृष्ठ 10 पर)

# इंटर लेवल परीक्षा के लिए पदों की संख्या में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी है। आयोग ने दूसरे चरण के इंटर लेवल एग्जाम के लिए पदों की संख्या में बढ़ोतरी की है। शनिवार दोपहर बीएसएससी ने इंटर स्तरीय परीक्षा 2025 के लिए संशोधित नोटिफिकेशन जारी किया। अब कुल पदों की संख्या 23175 हो गई। पहले जो वैकेंसी निकाली गई थी उसमें 65 विभाग के 12199 पद थे। समीक्षा के बाद आयोग ने 10976 पद और बढ़ा दिए। इसलिए अब नए अभ्यर्थियों को मौका मिल जाएगा। आयोग ने 15 अक्टूबर को नए अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन विंडो खोलने की बात की है। यानी अभ्यर्थी 27 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने स्पष्ट कहा कि जो अभ्यर्थी दूसरे चरण की इंटर लेवल परीक्षा के लिए फॉर्म भर चुके हैं उनके आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था उन्हें सभी पदों के प्रतिभागी मान लिया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग की अनुशंसा पर विभिन्न विभागों में भर्तियां की जाएंगी। इसमें गृह विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल हैं। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए अभ्यर्थी बीएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखा ओडिशा व गुजरात के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सूरत में की बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण कार्य की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत के हीरा और कपड़ा केंद्र के रूप में विख्यात सूरत में यात्री और माल ढुलाई में तेजी से वृद्धि हो रही है। गुजरात की भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिएभारतीय रेलवे व्यापक कदम उठा रहा है। इनमें सूरत एवं उधना में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नई यात्री व मालगाड़ियां शुरू करना शामिल है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्मपुर (ओडिशा) और उधना (गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक नई पीढ़ी की ट्रेन है, जिसे किफायती, सुरक्षित और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।



इस अमृत भारत एक्सप्रेस की विशेषता है कि इसमें, बेहतर डिज़ाइन के साथ आधुनिक एर्गोनॉमिक सीटिंग, निर्बाध आवागमन के लिए पूरी तरह से कनेक्टेड कोच एवं बेहतर सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने वाला ट्विन-इंजन कॉन्फ़िगरेशन है। जिस तरह वंदे भारत एक्सप्रेस ने मध्यम वर्ग के लिए यात्रा की नई परिभाषा गढ़ी है, उसी तरह अमृत भारत एक्सप्रेस भी किफायती किराए पर ऐसी ही सुविधाएंप्रदान करेगी। आज शुरू की गई इस रेल सेवा का किराया 495 रुपए (सामान्य श्रेणी) और 795 रुपए (गैर-वातानुकूलित शयनयान श्रेणी) प्रति यात्रा होगा। यह ट्रेन 5 राज्यों (गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा) के 22 जिलों में 1700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। इस नई कनेक्टिविटी से युवाओं सहित उद्यमियों एवं व्यवसायियों को कपड़ा, हीरा व संबंधित क्षेत्रों में और अधिक अवसर मिलेंगे। इस ट्रेन से मां तारातारिणी शक्तिपीठ जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी लाभ होगा। गुजरात के स्टेशनों का विकास अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए मास्टर डेवलपमेंट प्लान के तहत किया जा रहा है। भारतीय रेलवे उधना, सूरत, बिलिमोरा, सचिन आदि रेलवे स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज उधना स्टेशन (शेष पृष्ठ 10 पर)

# राहुल गांधी को केवल घुसपैठियों की चिंता : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बिहार में हैं। आठ दिनों के अंदर यह उनका दूसरा दौरा है। आज वह समस्तीपुर और अररिया पहुंचे। पटना से निकलने के बाद पहले वह समस्तीपुर पहुंचे। यहां सरायरंजन स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर जिले के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद अररिया पहुंचे। यहां पर फारबिसगंज के हवाई फील्ड मैदान में भाजपा के शक्ति प्रदर्शन में शामिल हुए। यहां पर पहले पूर्णिया,



कटिहार, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, भागलपुर, बांका भाजपा कोर कमिटी के नेताओं और लगभग पांच हजार पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि चुनाव के मौसम में हमलोगों ने आम सभा रखने की जगह कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाया है। क्योंकि सभी पार्टियों में एक भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसका चुनाव जीतने का आधार कार्यकर्ता होता है। बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर ही हमलोग चुनाव जीतते हैं। हमारे यहां नेता थोपे नहीं जाते हैं, वह नीचे लेवल तक आते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले चुनाव में फिर से दो तिहाई बहुमत के साथ नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने पीएम मोदी की खूब तारीफ की। कहा कि 24 साल में एक भी दिन ऐसा नहीं है जब पीएम मोदी ने छुट्टी ली हो। वह 24 घंटे देश सेवा में लगे रहे हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो गर्मी पड़ने पर विदेश चले जाते हैं। श्री शाह ने कहा कि बिहार में भाजपा जितनी मजबूत होगी उतना ही एनडीए मजबूत होगा। एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही सुरक्षित होगा। बिहार जितना मजबूत होगा, उतना ही भारत भी मजबूत भी होगा। कुछ दिन पहले राहुल बाबा यहां आए थे। एक यात्रा निकाली थी। उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली थी। आप बताइए क्या घुसपैठियों का हमारे वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए क्या? घुसपैठियों को सरकारी योजना का लाभ मिलना चाहिए। राहुल गांधी बिहार के युवाओं और गरीबों की चिंता नहीं करते हैं। बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की चिंता करते हैं।

# घर के पास बने गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** जिले के जलालगढ़ के अहिलगांव पंचायत के गेहंवा वार्ड 13 में देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बगल में बने गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों बहनें फूल तोड़ने के लिए गड्ढे की ओर गई थीं। इस दौरान वे पानी में डूब गईं। जब काफी देर तक वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गड्ढे से तीनों बहनों का शव बरामद होने पर पूरे गांव में मातम छा गया। मृत बच्चियों में दो सगी बहनें तमन्ना बानो (8 वर्ष) और साहिका परवीन (12 वर्ष) पिता हाफिज शमीम तथा उनकी चचेरी बहन साजिदा खातून (10 वर्ष) पिता मोईन शामिल थीं। ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी की कटाई के कारण यह गड्ढा बन गया था जिसका अंदाजा बच्चियों को नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही विधायक आफाक आलम, अंचलाधिकारी सबीहुल हसन, थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया भेजा। पोस्टमार्टम के बाद तीनों बच्चियों को गांव में अलग-अलग कब्र में दफन किया गया। घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया।

# राज्य के 35 डाकघरों में होंगे तीन-तीन आधार काउंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम लोगों के आधार कार्ड में सुधार का काम जल्द से जल्द हो, आधार बनवाने में भाग दौड़ या लंबी कतार में नहीं लगनी पड़े। इसके लिए सभी मुख्य डाकघरों में आधार काउंटर बढ़ाये जा रहे हैं। डाक विभाग बिहार सर्किल की तरफ से इसको लेकर एक पत्र जारी किया गया है। इसमें सभी 35 मुख्य डाकघरों में तीन-तीन आधार काउंटर खोला जाएगा। अभी इन सभी जगहों पर एक-एक काउंटर ही है। काउंटर की संख्या बढ़ने से आम लोगों की परेशानी कम होगी और काम आसान हो जाएगा। बता दें कि वर्तमान में पटना जीपीओ को छोड़कर किसी भी मुख्य डाकघर में आधार केंद्र का काउंटर एक से ज्यादा नहीं है। ऐसे में आधार बनवाने और आधार कार्ड में सुधार के लिए लंबी-लंबी कतार लगी रहती है। आम लोगों को कई-कई घंटे तक आधार सुधार के लिए इंतजार करना होता है। ऐसे में डाक विभाग बिहार सर्किल ने काउंटर बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# दुनिया के लिए आदर्श बन चुका है भारत : धर्मेन्द्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूरे देश के साथ बिहार में भी भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवा शुरू हो चुकी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा से इस सेवा की शुरूआत की। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में बीएसएनएल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार सरकार के मंत्री, विधायक समेत बीएसएलएन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और पटना आईआईटी, एनआईटी के छात्र शामिल



हुए। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज से पूरे भारत में बीएसएनएल की 4जी सेवा की शुरुआत हो चुकी है। यह भारत के दूरसंचार क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। शिक्षा मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दी। आज देश भर में भारत संचार निगम लिमिटेड की 4जी सेवा का शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार पटना इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़े। इसीलिए बिहार में इतने अच्छे भवन बने। देश में एक हजार आईटीआई को नई टेक्नोलॉजी से जोड़ा जायेगा। यहां भी एआइ की ट्रेनिंग दी जाएगी। आज भारत दुनिया के लिए आदर्श बन चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में बिहटा का बहुत बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। क्योंकि, यहां आइआइटी, एनआइटी और एयरपोर्ट है। मुख्य महाप्रबंधक (बिहार) रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि बीएसएनएल का यह 4जी नेटवर्क पूरी तरह स्वदेशी सी-डॉट कोर पर आधारित है, जिसे टीसीएस और तेजस ने मिलकर तैयार किया है। कंपनी ने 92,633 नई 4जी साइटें शुरू हुईं। इनमें 14 हजार से ज्यादा 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट की साइटें भी शामिल हैं। बीएसएनएल ने भारत नेट और द्वीपों में समुद्रतलीय फाइबर प्रोजेक्ट के जरिए मल्टी-टीबीपीएस क्षमता और लो-लेटेंसी वाली कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है।

CMYK

बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी ने धर्मेंद्र प्रधान पटना में घर- घर जाकर किया जनसंपर्क

# बिहार की जनता एनडीए की सरकार बनाने का ले चुकी है संकल्प : धर्मेन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान आज प्रदेश की राजधानी पटना के कई मुहल्लों में पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनसे खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज पटना के आदर्श चौक, पश्चिमी पटेल नगर, दीघा विधानसभा में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने गर्व से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ को लेकर भी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने लोगों से घुल-मिलकर बात की और आगामी चुनाव को लेकर और बढ़ते बिहार को लेकर लोगों की राय जानी। लोग बदलते बिहार को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। कई लोगों ने भाजपा के इस जनसम्पर्क अभियान के पहल की प्रशंसा की। लोगों ने इस दौरान बेबाकी से अपनी राय रखी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस दौरान कहा कि जनसंपर्क के दौरान मिले अपार स्नेह और समर्थन से यह स्पष्ट है कि बिहार की जनता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सशक्त नेतृत्व में, प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। इस मौके पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और विधान पार्षद और राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख भी शामिल रहे।

# मानवता की सेवा को समर्पित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी : नन्द किशोर यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के ग्यारहवें वार्षिकोत्सव का उदघाटन आज दीप प्रज्ज्वलित कर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ आर एन सिंह, समाजसेवी एल एन पोद्दार, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया एवं अन्य ने किया। नन्द किशोर यादव ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी मानवता की सेवा को समर्पित संस्था है। मारवाड़ी समाज के लोग व्यापार से ज्यादा सेवा का कार्य करते हैं। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि मात्र 11 वर्षों में ही सोसाइटी ने न्यूनतम शुल्क में उच्चतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराकर एक मिसाल कायम की है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि वर्तमान में सोसाइटी परिसर में लगभग 38 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मौके पर सभी से आग्रह की तन मन धन से सेवा मेरे से संस्था में जुड़े। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि यहां नियमित ओपीडी के अलावा समय-समय पर निःशुल्क वृहत एवं लघु चिकित्सा शिविरों का आयोजन होता है जिसमें चिकित्सक द्वारा अनुमोदित जांच, दवा तथा मरीज एवं परिजनों को भोजन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि अब तक सोसाइटी द्वारा लगभग 5,000 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क कराए जा चुके हैं तथा 50,000 से अधिक मरीजों का निःशुल्क ओपीडी उपचार किया गया है। साथ ही ब्लड एवं अन्य सभी प्रकार की जांचें भी निःशुल्क या बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती है। आज के कार्यक्रम में कई विजय किशोरपुरिया, रमेश गुप्ता सहित अनेकों पचास दानवीरों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन सुबोध गोयल एवं धन्यवाद ज्ञापन हनुमान गोयल ने किया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें प्रमुख पी के अग्रवाल, अध्यक्ष बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, रामलाल खेतान, अध्यक्ष बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, गणेश खेतड़ीवाल, अध्यक्ष वनबंधु परिषद, प्रायोजक प्रशांत बंका, कमल नोपनी, विवेक साहा, संजय भलोटिया, अरुण रूंगटा, शम्भू अग्रवाल, गोपाल मोदी, विनोद तोदी, डॉ श्रवण कुमार, डॉ गीता जैन सहित अन्य थे।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया अररिया-सुपौल नई रेल के अंतर्गत नवनिर्मित रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** सुमित सिंघल संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा समस्तीपुर मंडल के अररिया-सुपौल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत लगभग 9 किमी लंबे नवनिर्मित अमहा पिपरा-त्रिवेणीगंज रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा अमहा पिपरा से त्रिवेणीगंज तक मोटर ट्रॉली से नवनिर्मित लाइन, पुल-पुलिया, ओएचई तथा स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम एवं आईपीएस रूम का निरीक्षण किया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से त्रिवेणीगंज से अमहा पिपरा के मध्य सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि लगभग 95 किलोमीटर लंबे अररिया-सुपौल नई रेल परियोजना का कार्य कई चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में मार्च, 2025 में 22 किमी लंबे सुपौल-अमहा पिपरा रेलखंड का कार्य पूर्ण किया गया था तथा आज दूसरे चरण में 9 किमी लंबे अमहा पिपरा-त्रिवेणीगंज रेलखंड का कार्य पूर्ण होने के उपरांत सीआरएस निरीक्षण किया गया।

# नवरात्र पर पीएम मोदी और सीएम नीतीश ने महिलाओं को दिया उपहार : लाजवंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा की महामंत्री लाजवंती झा ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताते हुए कहा कि नवरात्र के मौके पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ने बिहार की 75 लाख महिलाओं को उपहार दिया है। पटना प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कहा कि यह पहला मौका है जब बिहार की बहनों को इतने बड़े स्तर पर स्वरोजगार के लिए राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 75 लाख बहनों को 10-10 हजार रुपये की राशि दे दी गई है जो बहनें बची हैं उन्हें तीन अक्टूबर को राशि दी जाएगी। 20 वर्ष के एनडीए सरकार में नारी सम्मान और नारी स्वाभिमान के लिए निरंतरता के साथ काम किया गया है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि पीएम और सीएम महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने जीएसटी के स्लैब में कटौती की चर्चा करते हुए कहा कि इसके बाद महिलाओं में उत्साह है। बिहार की महिलाएं इसके लिए धन्यवाद दे रही हैं। उन्होंने इस दौरान सामाजिक पेंशन योजना की राशि बढ़ाने तथा ममता दीदी और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय बढ़ाने को लेकर भी महिलाओं में उत्साह की बात कही। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राजद के शासनकाल में 13.08 प्रतिशत महिलाएं ही कामकाज के लिए घरों से निकलती थीं क्योंकि तब असुरक्षा का भाव था, लेकिन आज 31 प्रतिशत महिलाएं काम करने निकल रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला पुलिसकर्मियों की संख्या किसी भी प्रदेश से बिहार में अधिक है। उन्होंने विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज योजनाओं का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री कर रहे हैं और उद्घाटन भी वही कर रहे हैं। उन्होंने राजद और कांग्रेस के मंच से पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे जाने को लेकर कहा कि जिन्हें गाली दी जाती है वह पीएम की माता नहीं होती बल्कि समस्त नारी समाज होती है जिसे वे गाली देते हैं। उन्होंने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब वे अपनी बहन के नहीं हो पा रहे हैं तब वे बिहार की अन्य महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए क्या सोचेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा कि चंपा विश्वास और शिल्पी हत्याकांड भी उसी दौर में हुआ। महागठबंधन में शामिल दलों ने बराबर महिलाओं के सम्मान को कुचला है। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह राठौड़ ने प्रियंका गांधी से सवाल करते हुए कहा कि जब वे बिहार पहुंची तो क्या अच्छी सड़कें उन्हें नहीं मिली या बिजली नहीं मिली? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और नीतीश सरकार बराबर महिलाओं के उत्थान की बात की है। उन्होंने प्रियंका गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे निश्चिंत रहें अभी बहनों को 10 हजार रुपये मिले हैं और उसके बाद दो लाख रुपये भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में तब के पीएम भी बोलते थे कि एक रुपये भेजते थे और 15 पैसे पहुंचते थे आज जो भेजा जाता है वह खाता में पहुंचता है।

# लिट्ल एंगल्स प्ले स्कूल में दुर्गा पूजा के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित लिट्ल एंगल्स प्ले स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चों को दशहरा और इससे जुड़े हमारे संस्कृति के बारे में शिक्षकों द्वारा पारंपरिक कथा के माध्यम से बताया गया। त्योहारों को आनंद और श्रद्धापूर्वक किस तरह से मनाया जाना चाहिए यह भी समझाया गया। बच्चों ने कार्यक्रम में काफी उत्साहपूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया। सभी बच्चों को इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन द्वारा उपहार स्वरूप चॉकलेट दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया जिसके फलस्वरूप वो अपने भविष्य को संवार सके।

# दानापुर मंडल में स्वच्छता जागरूकता को ले कार्यक्रमों का आयोजन

## आरा स्टेशन पर अमृत महोत्सव एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** 17 सितम्बर 2 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) कार्यक्रम के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्कूल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 02 अक्टूबर 2025 तक चलने वाला यह अभियान, स्वच्छता को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में मनाने के लिए सभी वर्गों के लोगों को एक साथ ला रहा है। इसी कड़ी में दानापुर मंडल के मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा रेलवे सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, दानापुर में स्वच्छता के विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

अगली कड़ी में राजेंद्रनगर स्टेशन पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार की युवा इकाई के द्वारा संचालित श्री राम बाल संस्कारशाला के सहयोग से दानापुर मंडल ने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजिन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया तथा कचरा वेस्ट से कलाकृति बनाने की कला से भी रूबरू हुए जिसमें वेस्ट से बने रोबोट और हवाई जहाज बच्चों के लिए आकर्षण के केंद्र रहे। इसकी अगली कड़ी में एक संयुक्त अभियान के तहत आरा स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता एवं अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता से संबंधित अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता एवं अमृत भारत ट्रेन के ऊपर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जो यात्रियों के बीच कौतूहल का विषय रहा। मंडल के कलाकारों की प्रस्तुति यात्रियों को खूब पसंद आई।

# 483 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर विशेषज्ञ डाक्टरों का चयन किया गया है। 800 विशेषज्ञ डाक्टरों के खाली पदों पर 483 डाक्टरों का चयन किया गया है। तकनीकी चयन आयोग ने इससे संबंधित परिणाम जारी कर दिया है। इनके चयन के लिए पटना स्थित बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। इस साक्षात्कार के बाद विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी चर्म रोग, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी इएनटी, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, शिशु रोग एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, रेडियोलॉजी का परीक्षाफल प्रकाशित किया जा चुका है। यह परीक्षाफल आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। घोषित परीक्षाफल के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी स्त्री रोग के 534 रिक्तियों के सापेक्ष 277, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी माइक्रोबायोलॉजी के 19 रिक्त पदों के सापेक्ष 18, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी नेत्र रोग के 42 पदों के सापेक्ष 37, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हड्डी रोग के 121 पदों के सापेक्ष 77, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी पैथोलॉजी के 70 पदों के सापेक्ष 62 व विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी मनोचिकित्सक के रिक्त 14 पदों के सापेक्ष 12 अभ्यर्थी का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की अगली प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर तैनाती दी जाएगी।

# कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र वितरण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल, पटना ने अपने मुख्य परिसर में जरूरतमंद दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र जैसी सामग्रियों के वितरण के लिए एक शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। स्कूल के इस पहल को महिला इमदाद समिति और लायंस क्लब ऑफ हार्मनी और एलिम्को का सहयोग और समर्थन प्राप्त था। शिविर का उद्देश्य उचित चिकित्सा मूल्यांकन के बाद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना था। बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए जिससे उन्हें अधिक गतिशीलता, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने में मदद मिली।

कार्यक्रम का एक आकर्षण 8वीं और 9वीं कक्षा के छात्रों का लाभार्थियों के साथ विशेष संवाद था। छात्रों ने लाभार्थियों के जीवन के अनुभवों और संघर्षों को सुना और इससे जुड़ी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस संवाद ने युवा शिक्षार्थियों पर गहरी छाप छोड़ी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों के पोषण के लिए स्कूल के दृष्टिकोण को और पुष्ट किया। कार्यक्रम में लिटेरा पब्लिक स्कूल की निदेशक ममता मेहरोत्रा और आशुतोष मेहरोत्रा, निदेशक (प्रशासन) उपस्थित थे। एलिम्को का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. चंदेशर और लायंस क्लब ऑफ हार्मनी की रीता सिन्हा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस नेक कार्य में अपना सहयोग दिया।

# सनातन परंपरा को और मजबूत कर मठ मंदिरों को जनसेवा का केंद्र बनाएंगे : रणवीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने हाल ही राजधानी के बापू सभागार में बड़ी धार्मिक जुटान की थी। 18 सितम्बर को हुआ यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत भाजपा, जदयू के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी का गवाह बना था। धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के इस आयोजन में बिहार के चार हजार से अधिक मठ-मंदियों के साधु, संत, पुजारी शामिल हुए थे। खास बात यह रही कि इस धार्मिक सम्मेलन में बिहार के मठ, मंदिर और धार्मिक संस्थानों को पूजा-पाठ तक सीमित न रखकर, सामाजिक विकास का केन्द्र बनाने का संकल्प लिया गया। आयोजन से यह भी संदेश गया कि बिहार के धार्मिक संस्थान समाज के सकारात्मक बदलाव में अपनी भूमिका निभाने में हस्तक्षेप करने को प्रतिबद्ध हैं। ये पावन केन्द्र धार्मिक सुधार केन्द्र के संकल्प को लेकर अब आगे बढ़ेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राज्य के शीर्ष राजनेता, वरिष्ठ अधिकारी, बड़े धार्मिक मठों के महंतों की एक मंच पर हुई यह जुटान कई मायने में खास है। इसका बड़ा सामाजिक प्रभाव पड़ सकता है। धार्मिक समागम की यह पहल बड़ा कदम साबित हो सकती है। इसे गोलबंदी में तब्दील करने की भी तैयारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व विधान पार्षद प्रो. नंदन मूलतः शिक्षक तथा शिक्षाविद हैं और धार्मिक न्यास पर्षद का अध्यक्ष पद संभालने के महज कुछ ही माह में इन्होंने बिहार के मठ-मंदिरों को शिक्षा के केन्द्र के रूप में भी तब्दील करने की कोशिशों का बिगुल भी धार्मिक समागम के मंच से फूंक दिया है। उनका मानना है कि बिहार के अधिकांश प्रमुख धार्मिक स्थलों के पास पर्याप्त भूमि और भवन उपलब्ध हैं, लेकिन उनका उपयोग सीमित है। यहां शिक्षा, पुस्तकालय, करियर मार्गदर्शन, महिला प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा सकती है। यह कदम न केवल संसाधनों का सही इस्तेमाल होगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं को नए अवसर भी प्रदान करेगा। धार्मिक संस्थानों के सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र बनने से सभी वर्गों में संवाद बढ़ेगा और वर्गविभेद की दीवारें टूटेंगी। सामाजिक समरसता बढ़ेगी।

# विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से भव्य परिचर्चा और सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बिहार के पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान दिलाना और इसे वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना रहा। इस अवसर पर बिहार पर्यटन निगम के निदेशक नंदकिशोर ने दारोगा प्रसाद राय पथ स्थित, सिख हेरिटेज भवन में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार बिहार के ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक पर्यटन अवसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही पर्यटन के थीम 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' पर स्टेक फोल्डर के बारे में चर्चा की। इस परिचर्चा में होटल प्रबंधक, उद्योग जगत से टूर ऑपरेटर, पर्यटन संघ के साथ पर्यटन जागरूकता बढ़ाने और छोटे-छोटे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज और संस्कृति में पर्यटन जागरूकता लाने पर विचार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की स्वयं संचालित परिसम्पत्ति प्री-पेड, टैक्सी काउण्टर, पटना एयरपोर्ट, एम भी कौटिल्या विहार जलयान, आकाशीय रज्जू पथ रोपवे राजगीर, आकाशीय रज्जू पथ रोपवे, मंदार बांका, प्रकाश कुंज के साथ होटल में आने वाले पर्यटकों को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर (27 सितंबर) एक दिन के लिए निर्धारित टैरिफ पर दस प्रतिशत की छुट निगम की ओर से दिया गया है। इसके साथ पटना एयरपोर्ट से आनेवाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉ लि, पटना के तरफ से एक गुलाब का फुल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यटन विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक पर्यटन केंद्रों और लोक कला की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।

# पटना में स्कूली समय में चलेगी पिंक बस

## छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को मिलेगी सुरक्षित यात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में पिंक बस सेवा अब स्कूली समय के अनुसार चलेगी, ताकि छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को सुविधा हो। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मिहिर कुमार सिंह ने इस संबंध में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो चरणों में कुल 100 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर राज्य भर में इसकी शुरुआत की है। इनमें से 30 बसें पटना के विभिन्न मार्गों पर चलाई जा रही है। इसके अलावा पटना जिला और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए पिंक बसें संचालित की जाएंगी। पिंक बस का मासिक पास छात्राओं के लिए 450 रुपये, महिलाओं और ट्रांसजेंडर के लिए 550 रुपये निर्धारित किया गया है। पास बनवाने के लिए 'चलो मोबाइल एप' के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है जो एक दिन में जारी हो जाता है।

# सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक ने बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक संजय सिंघल ने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत नेपाल से लगे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां प्रशासनिक तथा प्रचालनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान महानिदेशक ने एकीकृत चेक पोस्ट रक्सौल में भारत के सहयोगी एजेंसियों के साथ बैठक की जिसमें सीमा पार अपराध, तस्करी तथा सुगम आवागमन के साथ-साथ अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद महानिदेशक सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना पहुंचे जहां निशीत कुमार उज्ज्वल, महानिरीक्षक, सीमांत पटना द्वारा सीमांत पटना के अधीन भारत-नेपाल सीमा एवं बिहार तथा झारखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सभी बटालियनों में हो रहे कार्यों एवं दायित्वों के बारे में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी।

CMYK

# डीएम ने किया लोक शिकायत के दस मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 26 अपील आवेदनों पर जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की गयी जिसमें मुख्यालय अन्तर्गत कुछ लोक प्राधिकार यथा अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डिहरी, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल सासाराम उपस्थित हुए। शेष लोक प्राधिकार यथा अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी डिहरी भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अपना पक्ष रखे। परन्तु, छः अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में अनुपस्थित रहे। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान प्रेम शंकर पाण्डेय, रंजन कुमार, अनुराग देव, महेश कुमार, पन्ना लाल यादव, नारदमुनि साह एवं अन्य, कुमार महेन्द्र प्रताप, यशोदा देवी, निरंजन पाण्डेय, अजय कुमार तिवारी, महेन्द्र तिवारी, विश्वनाथ प्रसाद बिन्द, उमाशंकर साह, शिवजी सिंह, रवि रंजन भगत, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह के शिकायतों का निराकरण करते हुये निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिए गए।

## एसडीएम व डीएसपी ने किया पूजा पंडालों का मुआयना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** एसडीएम आशुतोष रंजन व डीएसपी सासाराम दो कुमार वैभव ने बीडीओ सुश्री शैफाली, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार के साथ दुर्गापूजा पंडालों का भ्रमण कर समिति सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रखंड मुख्यालय स्थित आरा सासाराम मुख्य पथ स्टेशन रोड के हनुमान मंदिर समीप पंडाल में पहुंच समिति सदस्य बद्री प्रसाद से बात की। कहा कि मां के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ख्याल कमेटी को रखना होगा। पंडाल में अग्निशामक यंत्र, सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था रखनी होगी। बताया कि सुरक्षा में लगे वॉलिन्टियरों को पहचान पत्र साथ में रखना होगा।

## डीडीयू मंडल में स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

### स्कूली बच्चों ने पेंटिंग बना दिया स्वच्छता संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 27 सितम्बर को विविध सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। दिन की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता से हुई जिसमें बच्चों ने स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित रचनात्मक कृतियां प्रस्तुत कीं। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने स्कूली बच्चों, स्काउट-गाइड और रेलकर्मियों की सहभागिता से प्रभातफेरी को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से डीडीयू जंक्शन तक हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फेरी के दौरान 'स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल', 'स्वच्छता की जिम्मेदारी थोड़ी आपकी थोड़ी हमारी' आदि नारों के माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया गया। डीडीयू जंक्शन पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के स्काउट एवं गाइड तथा आरपीएफ की टीमों ने स्वच्छता विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में यात्रीगण उपस्थित रहे। नाटकों के माध्यम से स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने का भावनात्मक संदेश दिया गया। मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी ऐसी सांस्कृतिक और जागरूकता गतिविधियों की गई। इन गतिविधियों के साथ-साथ मंडल भर में गहन सफाई अभियान भी निरंतर जारी है जिसमें स्टेशनों, यार्डों, कार्यालयों और कॉलोनियों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य किया जा रहा है।

## स्वच्छता अभियान से छात्राओं में सामुदायिक भावना बढ़ेगी : डॉ अशोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता अभियान से कालेज का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बनता है, बल्कि छात्राओं में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। स्थानीय महिला कालेज डालमियानगर के एन एस एस द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ करते प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से कालेज में बीमारियों के फैलने की संभावना कम होती है जिससे छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में भाग लेने से छात्रों में सामुदायिक भावना बढ़ती है और वे एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने का अनुभव प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी एन एस एस अधिकारी को नियमित निगरानी करनी चाहिए और आवश्यकतानुसार सुधार करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी नीतू रानी ने किया। शिक्षक छात्राओं ने कालेज परिसर की सफाई किया। कार्यक्रम में डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ शंभु शरण सिंह, डॉ. जयराम सिंह, डॉ हरेन्द्र कु. सिन्हा, डॉ. राजीव कुमार, वरीय शिक्षिका डॉ पुष्पा महाराज, डॉ उपासना समेत छात्राओं ने स्वच्छता शपथ ग्रहण किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

## तार टूटने से मालगाड़ी दो घंटे रही बाधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी रेलवे स्टेशन के निकट पोल संख्या 4/27 के निकट डीएफसीसी रेल लाइन की 25000 वोल्ट वाले तार में शनिवार को धमका के साथ जोरदार आवाज हुआ और तार टूट गया। मालगाड़ी दो घंटे तक बाधित रही। घटना प्लेटफार्म नंबर 5, 6 के निकट हुई है। घटना के तत्काल बाद आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम और स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ घटना के कारणों की जानकारी ले रहे हैं। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि तार टूटने का कारण की खोज की जा रही है। साथ ही मेल एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन में कोई समस्या नहीं है। सब कुछ समयबद्ध चल रहा है। तार जोड़ने वाला वाहन और कर्मी अपने कार्य में लगे हुए हैं।

## कदाचार मामले में वायरल वीडियो की जांच में प्रभारी प्रधानाध्यापक पर शो कॉज जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (सासाराम)।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में विद्यालय परिसर में खुले स्थान पर जगह-जगह समूह बनाकर छात्र-छात्राओं द्वारा कदाचार के साथ हो रहे परीक्षा के वायरल वीडियो पर विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है जहां एक और अपनी गर्दन बचाने के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षकों से स्पष्टीकरण किया गया है। वही मामले की जांच कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पूरी रिपोर्ट भेज दी है। वही भ्रष्टाचार उजागर मंच ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के बचाव का आरोप लगाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में वर्तमान में चल रही वर्ग 9वीं से 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को लेकर गंभीर अनियमितता संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तिलौथू के द्वारा उक्त विद्यालय का स्थलीय जांच किया गया। जांचोपरांत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, तिलौथू के ज्ञापांक- 696 दिनांक- 27.09.2025 द्वारा प्रथम दृष्टया कुछ वीक्षकों के द्वारा लापरवाही बरतने की बात कही गयी है जिनके विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक उमा शंकर पाल से भी कारण पृच्छा की गयी है। साथ ही विभाग द्वारा वायरल वीडियो का विस्तृत जांच करायी जा रही है, दोषी पाये जाने पर शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इधर इस मामले में प्रधानाध्यापक उमाशंकर पाल ने विद्यालय के शिक्षक रवि रंजन कुमार, मुकेश कुमार, प्रीति श्रीवास्तव, अंजू कुशवाहा पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि कमरा संख्या 401 से 407 तक में हो रहे प्रथम पाली में इतिहास की परीक्षा के दौरान बच्चे बाहर कैसे निकाल कर परीक्षा दे रहे थे 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करें जबकि शिक्षकों का कहना है कि वायरल वीडियो में यह स्पष्ट है कि खुले मैदान में समूह बनाकर छात्र-छात्राओं की हो रही परीक्षा के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक उमाशंकर पाल स्वयं वहां खड़े थे जिसकी पुष्टि वायरल वीडियो से की जा सकती है। इधर इस मामले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने भी मामले को गंभीर बताते हुए जिला से रिपोर्ट मांगी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने बताया कि मामला अत्यंत गंभीर है। वीडियो की गंभीरता से जांच कर दोषी चाहे जो भी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्रधानाध्यापक द्वारा कुछ चाटुकार और ढोंगी समाजसेवी का साथ लेकर मामले को दबाने के लिए कई हथकंडे भी अपनाने की कोशिश की गई, लेकिन वैसे लोगों का सभी हथकंडा बेकार हो गया क्योंकि ये मामला बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान सचिव शिक्षा विभाग पटना तक पहुंच गई है।

## डीडीयू मंडल में बिना टिकट यात्रा के खिलाफ चल रही 'लाल गाड़ी'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा टिकट जांच को प्रभावी बनाने हेतु 'लाल गाड़ी' नामक विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह एक विशेष रूप से चिह्नित 02 कोच की ट्रेन है जिसमें टिकट चेकिंग स्टाफ, वाणिज्य निरीक्षक एवं आरपीएफ कर्मी एक साथ यात्रा करते हैं और विभिन्न स्टेशनों पर सघन टिकट जांच करते हैं। इसका उद्देश्य बिना टिकट यात्रा को रोकना, राजस्व में वृद्धि करना एवं यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करना है। कोच की बाहरी दीवारों पर यात्रा व टिकट संबंधी नियम भी अंकित है जिससे जागरूकता का भी प्रसार हो रहा है। लाल गाड़ी के माध्यम से पूरे विशेष टिकट जांच दल का आवागमन शीघ्रता से होता है जिससे लंबे रेल खंड में कम समय में भी औचक टिकट जांच की जा सकती है। इसी क्रम में आज 'लाल गाड़ी' के माध्यम से डिहरी-ऑन-सोन - नवीनगर-जपला के मध्य विशेष टिकट जांच किया गया। इस अभियान के अंतर्गत डिहरी-जपला रेल-खंड के स्टेशनों पर सघन जांच की गई।

## संघ ने शताब्दी वर्ष पर मनाया विजयादशमी उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डिहरी नगर के कैनाल रोड स्थित स्व. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। वही इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ई.एन.टी. चिकित्सक डॉ. अभय कुमार राय उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की कार्यपद्धति और समाज निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ अनुशासन और राष्ट्र सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के रोहतास विभाग प्रचारक बिजेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ स्थापना काल से ही भारत माता की सेवा और राष्ट्रहित के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि देश की हर आपदा और विपदा में स्वयंसेवक अग्रिम पंक्ति में रहकर समाज और राष्ट्र की सेवा करते हैं। वही प्रचारक बिजेंद्र कुमार ने संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन– सामाजिक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन तथा नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की योजनाओं को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन यश उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुल मिलाकर यह आयोजन संघ की शताब्दी वर्षगांठ को समर्पित रहा, जिसमें राष्ट्रभक्ति, समाज सेवा और संगठन की शक्ति का संदेश दिया गया।

## समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की पुण्य तिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस (रोहतास)।** लोक समिति, भारत जोड़ो अभियान एवं जय किसान आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में देश के जाने-माने प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की 21वीं पुण्य तिथि के अवसर पर रोहतास जिला अन्तर्गत कोचस प्रखंड के महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भोलानाथ सिंह तथा संचालन समता लोक समिति ट्रस्ट मथुरा सिंह एवं जयशंकर सिंह ने की जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरूष एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम किशन पटनायक एवं उनके साथ आन्दोलन एवं संघर्ष के सहयोगी दिवंगत भाई वैद्य पूर्व मंत्री महाराष्ट्र, पीरो के गांधी एवं पूर्व विधायक राम एकबाल वरसी, मजदूर नेता विश्वनाथ बागी (धनबाद), जे.पी. सेनानी इ.महेन्द्र दुबे, (भोजपुर) घनश्याम शुक्ल, (सीवान), शोषित समाज दल के लक्ष्मण चौधरी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित किया गया।

## संत लॉरेंट्ज इंग्लिश स्कूल में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन

### छात्र-छात्राओं ने किया मां दुर्गा से संबंधित गीत व नृत्य की प्रस्तुति कर भरपूर मनोरंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**भभुआ।** शहर के हवाई अड्डा-अखलासपुर रोड में स्थित संत लॉरेंट्ज इंग्लिश स्कूल में शनिवार को नवरात्रि महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। महोत्सव को लेकर विद्यालय परिसर को रंगीन सजावट, पुष्प मालाओं और रोशनी से सजाकर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन निदेशक विजय तिवारी व चेयरमैन पिंकी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी के जिला संवाददाता श्रीकांत पांडेय ने शिरकत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष आकर्षण के रूप में हो आए तेरे भवन, जय काली मां, शेर पे सवार, निमिया के डार मैया, लाली लाली नया-नया, ओडीसी भजन, गरबा डांडिया, महिषासुर वध और गणेश वंदना जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की ऊर्जा, ताल और समर्पण से पूरा वातावरण मां दुर्गा की महिमा से गुंजायमान हो उठा। स्कूल के चेयरमैन पिंकी तिवारी ने कहा कि नवरात्रि शक्ति और भक्ति का प्रतीक है तथा यह उत्सव हमें हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति को संजोने का संदेश देता है। निदेशक विजय कुमार तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को संस्कृति और शिक्षा दोनों में संतुलन बनाने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य प्रभात कुमार स्वाइन और उप प्राचार्य वैभव कुमार पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने मां दुर्गा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।


**कार्यालय: उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359137**

जिला प्रशासन, पलामू द्वारा एतद् के माध्यम से अति अल्पकालीन निविदा खोलने की तिथि 11.09.2025 को 01.00 बजे अप0 निर्धारित किया गया था जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है एवं इसका अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 08.10.2025 को 12.30 बजे पूर्वा0 तक निविदा जमा करने एवं 03.00 बजे अपराह्न में निविदा खोलने की तिथि निर्धारित की जाती है।

नजारत उप समाहर्त्ता, पलामू

PR 363139 District(25-26).D


## रेलवे हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 2025 के तहत स्वास्थ्य केंद्र पूर्व मध्य रेलवे डिहरी - डालमिया नगर के प्रांगण में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दिए गए आदेशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता स्वास्थ्य केंद्र के सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरदीप कुमार सिंह ने करते हुए बताया कि 20 से 40 वर्ष तक के स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक 3 महीना पर एक बार रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से रक्तचाप की बीमारी से लोगों को मुक्ति मिलती है। इतना ही नहीं हृदय संबंधी कोई बीमारी भी नहीं होती है। रक्तदान स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है यह लोगों के जीवन बचाने के साथ ही आपका भी स्वास्थ्य में सुधार करता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्वैच्छिक रक्तदान के लिए युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। वही रक्तदान करने के बाद अनु कुमारी ने रक्तदान के महत्व और देश में सुरक्षित रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अस्पताल कर्मचारियों के समाज सेवा में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से रेलवे स्वास्थ्य केंद्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## फ्लैग मार्च निकाल पुलिस ने सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** अंचलाधिकारी अनु कुमारी एवं थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा के नेतृत्व में बेलाव पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च बेलाव बाजार होते हुए पानापुर, नौहट्टा, पछेहरा, बड़कागांव, गंगापुर, राजा के अकोड़ी विभिन्न सड़कों और गली मुहल्लों और चौक-चौराहों से गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पुलिस वाहनों के सायरन बजाकर लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का संदेश दिया गया। अंचलाधिकारी अनु कुमारी ने बताया कि दुर्गा पूजा में डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा उन्होंने लोगों से अपील किया कि आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाएं। थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा ने कहा कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। खासकर संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त तेज है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसआई परमहंस कुमार, रामदयाल सिंह, फिरोज अहमद, सतेंद्र प्रसाद सहित पुलिस बल शामिल रहे।


**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/121, दिनांक 26.09.2025; मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे रेल इंजन कारखाना, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा केस सं.:** एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/108, **कार्य का नाम:** एसएलआई के लिए नवीनतम आरडीएसओ/एलकेओ की विनिर्देश सं. एमपी-0.08.0062 (संशो-00) जून 2016 के अनुसार 140टी बीडी क्रेन के सभी संसरों, इलेक्ट्रॉनिक, हार्डवेयर के साथ एसएलआई सिस्टम के 14 सम्पूर्ण सेट के साथ डिजाइन, विकास, फीटमेंट, चालू करना, एसएलआई के लिए 03 वर्षों की वारंटी एवं पांच (05) वर्षों की विस्तारित वारंटी। **निविदा मूल्य:** रु. 2,43,17,440; **बोली सुरक्षा:** रु. 2,71,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल, 2022 के भाग 1 कार्य के लिए अनुच्छेद 03 निविदाओं के अनुसार)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य समापन की तारीख:** सम्पूर्ण कार्य इस कार्यालय से स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 36 महीने के अंदर सम्पन्न करना होगा। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन; **निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। "समतुल्य प्रकृति के कार्य" की परिभाषा:** फर्म के पास भारतीय पीएसयू/सरकारी संस्थान के अधीन भारतीय रेल के रोलिंग स्टॉक में एसएलआई (सेफ लोड इंडीकेशन) की आपूर्ति, फीटमेंट एवं चालू करने के सभी अनुसंशापत्र/अनुभव होने चाहिए। भारतीय रेल की किसी भी इकाई अथवा पीयू अथवा केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों अथवा रु. 500 करोड़ तथा उससे ज्यादा का औसत वार्षिक कारोबार करने वाली पब्लिक लिस्टेड कंपनियों/ट्रस्ट में निष्पादित उपरोक्त कोई भी एक अथवा अधिक कार्य पर विचार किया जाएगा।

(MISC-223/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०**
**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1**
Email- eeegarhwa@yahoo.in • Mobile No.:- 9431707405

**आवश्यक सूचना**

विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1 अन्तर्गत गढ़वा जिला वासियों को दुर्गापूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस त्योहार को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु एवं आकस्मिक स्थिति के लिए विद्युत विभाग हमेशा तत्पर है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निम्नलिखित दूरभाश संख्या पर संपर्क किया जा सकता है:–

| कम सं0 | पदाधिकारी/कार्यालय का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1. | विद्युत कार्यपालक अभियंता | 9431707405 |
| 2 | सहायक विद्युत अभियंता, गढ़वा–1 | 9431707414 |
| 3 | सहायक विद्युत अभियंता, गढ़वा–2(रंका) | 7667150300 |
| 4 | कनीय विद्युत अभियंता, मझिऑव | 7739608059 |
| 5 | कनीय विद्युत अभियंता, गढ़वा | 9431707413 |
| 6 | कनीय विद्युत अभियंता, रंका | 9431707423 |
| 7 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, गढ़वा (ओल्ड) | 9006879090 |
| 8 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, गढ़वा (न्यू) | 7209572580 |
| 9 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, रंका | 9523782579 |
| 10 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, मझिऑव | 8235424251 |
| 11 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, मेराल | 9102219241 |
| 12 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, फरठिया | 9955910880 |
| 13 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, डंडई | 8235503995 |
| 14 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, बरडीहा | 9546587166 |
| 15 | विद्युत शक्ति उपकेन्द, तिलदाग | 9162862848 |
| 16 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, कुण्डी | 7970642173 |
| 17 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, डंडा | 9693965911 |
| 18 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, तसरार | 9162742962 |
| 19 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, करकोमा | 9546522554 |
| 20 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, काण्डी | 9661817081 |
| 21 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, सरकोनी | 9523005885 |
| 22 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, रमकाण्डा | 7654768293 |
| 23 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, हूरदाग | 8789027979 |
| 24 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, भण्डरिया | 6265333159 |
| 25 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, चिनियां | 9905246241 |
| 26 | विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, सालो | 7909014012 |

ह0/–
(महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR 363077 (Energy) 25-26 (D)

# आधार सीडिंग में नवादा राज्य में पांचवें स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, खाद्यान्न वितरण, लाइसेंस नवीनीकरण, तथा राशन कार्ड निर्माण (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) सहित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई और रिपोर्ट को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि आधार सीडिंग में नवादा जिला ने 99.74 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर राज्य में 5वें स्थान पर अपना स्थान बनाया है। वहीं ई-केवाइसी में जिले का औसत 78.13 प्रतिशत रहा, जिससे नवादा राज्य स्तर पर 15वें स्थान पर है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को ई-केवाईसी को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। राशन वितरण व्यवस्था में जुलाई से सितम्बर 2025 तक औसतन 85.15 प्रतिशत कार्डधारियों को लाभ पहुंचा। डीलरों के लाइसेंस नवीनीकरण में जिले का प्रदर्शन 74.53 प्रतिशत रहा, लंबित नवीनीकरण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पारख ऐप के अनुसार पीडीएस दुकानों का निरीक्षण 99.74 प्रतिशत तक हुआ, जिससे जिला राज्य स्तर पर चौथे स्थान पर रहा। बैठक में यह भी बताया गया कि धान अधिप्राप्ति की समीक्षा के क्रम में कुल 73,639 एमटी सीएमआर के विरुद्ध अब तक 71,445 एमटी सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, नवादा को की जा चुकी है। शेष 2,194.179 एमटी की आपूर्ति निर्धारित तिथि 14 सितम्बर 2025 तक नहीं हो सकी, जिसके कारण 27 पैक्सों से बकाया 7.42 करोड़ की वसूली की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। महावीर राइस मिल को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके विरुद्ध आवश्यक कदम उठाए गए हैं। राज्य खाद्य निगम, नवादा को निर्देश दिया गया कि जिले में 500 एमटी क्षमता वाले नए गोदामों की शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि भंडारण संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि लाभुकों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध कराना और शिकायतों का त्वरित निपटारा प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक एफसीआई, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के सहायक गोदाम प्रबंधक सहित सभी बीसीओ आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंबई के लिए राजगीर से जनता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सांसद ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बहुप्रतीक्षित राजगीर–मुंबई रेल सेवा की शुरुआत शुक्रवार से शुरू हो गयी। जिसका नालन्दा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर एलटीटी जनता एक्सप्रेस को शुक्रवार की देर शाम हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर दानापुर डिवीजन के डीसीएम मौजूद थे। एलटीटी जनता एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना राजगीर से मुंबई के बीच चलेगी। जिससे यात्रियों को सीधे बिहार से महाराष्ट्र जाने वालों को काफी सहूलियत होगी। अब मुंबई जाने के लिए यात्रियों को पटना, गया या अन्य बड़े जंक्शनों पर निर्भर रहना नहीं पड़ेगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि यह सेवा राजगीर वासियों के लिए बड़ी सौगात है। इससे व्यापार, रोजगार एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजगीर वासियों का एक पुराना मांग राजगीर से हावड़ा तक ट्रेन का सीधा परिचालन की मांग भी शीघ्र हीं पुरा किया जायेगा। इसके लिए भी रेल मंत्रालय से बात चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राजगीर एक अंतराष्ट्रीय पर्यटक स्थल है इसे यहां से सभी महानगरों के लिए ट्रेन चलाने की योजना है। केन्द्र सरकार द्वारा बख्तियारपुर राजगीर तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण का स्वीकृति मिल गई है। दो हजार एक सौ वानवें करोड़ राशि की भी मुहैया करा दिया गया है। उन्होंने कहा राजगीर रेलवे स्टेशन परिसर में एक और पीट लाइन बनानें का काम किया जाना है। जिसका काम भी जल्द हीं शुरू किया जायेगा। मौके पर स्टेशन प्रबंधक सीबी सिंह, बुकिंग सुपरवाइजर देवेन्द्र यादव, डिपो इंचार्ज दिलीप कुमार,जदयू नेता सुवेन्द्र राजवंशी, मुन्ना कुमार, पार्षद डॉ अनिल कुमार, विकास कुशवाहा, रमेश कुमार पान, डॉ अजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### 12 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अंधरबारी गांव में शौच के लिए गए 12 वर्षीय बच्चे की मौत आहर में डूबने से हो गई। बच्चे की पहचान अंधरबारी गांव निवासी मुकेश कुमार के 12 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना मिलने पर डूबे बच्चे को बाहर निकाला गया और आनन-फानन में इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से बच्चे की मौत हो चुकी थी। पानी में डूबने से बच्चे की मौत की सूचना थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पानी में डूबकर बच्चे की हुई मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।अस्पताल परिसर में शोकाकुल परिजनों के साथ प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव एवं पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार मौजूद रहे। साथ ही सरकार की तरफ से मिलने वाली हर लाभ दिलाने का वादा भी किया।

### डाक विभाग ने साइकिल रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

**बिहारशरीफ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बिहारशरीफ़ प्रधान डाकघर से एक साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने किया। रैली में प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनीष आनंद, शैलेंद्र कुमार, निरंजन कुमार, मिथिलेश कुमार सहित सभी डाककर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साइकिल रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता के महत्व पर संदेश दिया और सभी से अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया।

डाक विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक रामाशीष प्रासाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य डाक कर्मी उपस्थित थे।

### स्काउट एंड गाइड के सदस्य दुर्गापूजा में देंगे अपनी सेवाएं

**नवादा।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड् जिला मुख्यालय नवादा हरिशचद्र स्टेडियम में अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशन में आज सभी स्काउट एंड गाइड्स को एकत्रित किया गया था। इस अवसर पर खेल पदाधिकारी रवि कुमार ने बच्चों को संबोधन करते हुए हौसला बढ़ाया और कहा अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशन में जो अपलोग को सभी पूजा पंडाल में लगाया जाएगा ओ काबिले तारीफ है, आप लोग अपना दायित्व को निभाएंगे, साथ ही संतु कुमार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट और एडवांस स्काउट मास्टर ने कहा विगत कुछ दिन पहले अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सभी स्काउट और गाइड की सूची जमा करे, इसका मुख्य उद्देश्य है लगाने का, छोटे बच्चों के पैकेट में नाम मोबाइल नंबर और पता लिख के डालना है, महिलाओं और पुरुष को अलग लाइन चलने का आग्रह करेंगे। साथ ही साथ बदमाश और पैकेट मर जैसे समस्या आता है तो प्रशासन का कार्य करेंगे।

### जिला नियोजनालय, नवादा में एकदिवसीय रोजगार कैम्प आयोजित

**नवादा।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार संयुक्त श्रम भवन (जिला नियोजनालय), नवादा के तत्वावधान में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आज जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का सफल आयोजन किया गया। इस कैम्प में फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी प्रा. लिमिटेड, मुंगेर द्वारा 40 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई थी।

नियोजन कैम्प में कुल 46 आवेदक उपस्थित हुए, जिनमें से 25 योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और साक्षात्कार उपरांत 17 आवेदकों का स्थल पर ही चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन, यंग प्रोफेशनल राजु अम्बेडकर तथा डी.एस.एम. प्रिंस कुमार ने उपस्थित बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न रोजगार योजनाओं और प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में कार्यालय के सभी कर्मियों की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला नियोजनालय, नवादा ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आगे भी ऐसे जॉब कैम्प का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जा सके।

### दुर्गा पूजा पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु संयुक्तादेश जारी

**बिहारशरीफ।** दुर्गा पूजा, धार्मिक आयोजनों, जुलूसों एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों को देखते हुए डीएम कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष दिशा-निर्देश एवं एहतियाती उपाय जारी किए हैं। जिले भर में प्रशासन का यह प्रयास है कि समस्त कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हों तथा जिले में शांति एवं भाईचारे का माहौल बना रहे।



डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि शहरी क्षेत्रों के पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बिहारशरीफ नगर क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए बिहार शरीफ नगर क्षेत्र को 10 भागों में विभक्त कर वाहन द्वारा गश्ती दल की व्यवस्था की गई है वाहन गश्ती दल दिनांक 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक सामान्य स्थिति में कार्यरत रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा एवं राजगीर को निदेश दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन स्थल पर निर्धारित तिथि को दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक यातायात बिहारशरीफ शहर के महत्वपूर्ण मोड़ो एवं स्थान पर ट्रैफिक की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## सामुदायिक भवन व चापाकल का विधायक नीतू देवी ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हदसा पंचायत के गोनर बिगहा पुदमर कुजालबाबा एवं डाक बाबा के समीप हिसुआ विधायक नीतू देवी द्वारा अनुशंसित सामुदायिक विकास भवन एवं चापाकल का उद्घाटन शनिवार को किया गया। कुल प्रकल्लित राशि 8,59,500/- रुपये की लागत से निर्मित भवन एवं चापाकल का उद्घाटन विधायक नीतू देवी ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व गांव पहुंचते हीं स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत फूल-मालाओं से किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। गांव में व्यवस्था से खुश लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस नवरात्रा में उपवास में रहने के बावजूद गांव जाकर लोगों से मिले। नीतू देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा यह सामुदायिक भवन तथा चापाकल बनने से स्थानीय लोगों एवं पूजापाठ करने वालों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामीण जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा



कि आपलोगों के वोट स्वरूप आशीर्वाद से हम आपके क्षेत्र के विधायक बने और मुझे आपलोगों का सेवा करने का मौका मिला। विपक्ष में रहकर भी हमने क्षेत्र के विकास के लिए हमने कई काम किया। विधायक इस दरम्यान पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क किया साथ हीं घटना -दुर्घटना की सूचना पर पीड़ित परिजन से मुलाकात किया। विधायक को विकाशशील महिला बताते हुए पुनः जीत का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर शेखर सिंह उर्फ पप्पु, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, अरविंद सिंह चंद्रवंशी, जयशंकर कुमार, शंकर कुमार, धनंजय कुमार मुखिया, निपु सिंह आदि दर्जनों लोग साथ थे।

## गरीब और वंचित परिवारों को मिला सहारा मंत्री श्रवण कुमार ने बांटे चेक व पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री सह नालंदा विधायक श्रवण कुमार ने रविवार को बेन प्रखंड में आयोजित एक विशेष समारोह में आमजन को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाया। इस अवसर पर उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना के तहत पात्र तीन परिवारों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह योजना उन परिवारों के लिए संजीवनी है, जिनके घर का मुख्य कमाऊ सदस्य असामयिक निधन का शिकार हो जाता है। सरकार का उद्देश्य ऐसे परिवारों को आर्थिक सहारा देकर कठिन परिस्थितियों में संभालना है। इसी कड़ी में मंत्री ने मुख्यमंत्री अभियान बसेरा योजना और भीम समग्र अभियान के अंतर्गत 29 लाभुकों को गृह स्थल बंदोबस्ती का पर्चा भी सौंपा। उन्होंने कहा कि यह पर्चा केवल एक कागज



नहीं है, बल्कि वंचित वर्ग के लिए सम्मान और सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। जिनके पास अब तक अपनी जमीन नहीं थी, वे अब घर बनाने का सपना साकार कर पाएंगे। अपने संबोधन में श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीबों, दलितों, महादलितों और पिछड़े वर्ग के उत्थान हेतु लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा विकास वही है, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री ने दावा किया कि नालंदा जैसे ऐतिहासिक जिले में विकास की तस्वीर बदल रही है। सड़कों, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रह सके। साथ ही जनता से अपील की कि वे इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लाभार्थियों ने मंच पर आकर सरकार और मंत्री का आभार जताया। उपस्थित थे।

## अलग-अलग मामलों में 39 अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने जानकारी दी कि 26 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कुल 39 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें अवैध खनन के मामलों में 3, हत्या के प्रयास में 2, मद्य निषेध से जुड़े 2 तथा अन्य मामलों में 32 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 90 लीटर महुआ शराब बरामद की। साथ ही 233 वारंटों का निष्पादन एवं छह कुर्कियों का सफलतापूर्वक पालन किया गया। वाहन जांच अभियान के अंतर्गत 310 वाहनों की गहन जांच की गई और नियमों के उल्लंघन पर 24,000 का जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी कार्यवाही में एक ट्रैक्टर भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि "नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाने के लिए पूर्णतः संकल्पित है।

## महिला रोजगार योजना की पहली किश्त मिलने पर महिलाओं में उत्साह, भाजपा ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को पहली किस्त प्राप्त होने पर शनिवार को भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता मौजूद रहे। शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत बिहार की 75 लाख माताओं-बहनों के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में 10-10 हजार रुपये की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के शुभ अवसर पर एनडीए सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक




कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में एनडीए सरकार ने नारी सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि को सर्वोपरि मानते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। बिहार देश का पहला राज्य है जिसने पंचायतों और शहरी निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। कभी जंगलराज के दौर में कामकाजी महिलाओं की भागीदारी 13.8 प्रतिशत थी, जबकि आज यह 31 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। अनिल मेहता ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू प्रसाद के राज में महिलाओं की स्थिति बेहद खराब थी और वे घर से बाहर निकलने से भी डरती थीं। वहीं आज बिहार की महिलाएं पुलिस की वर्दी पहनकर न केवल समाज की सुरक्षा

## जिलाधिकारी ने कन्या आवासीय उच्च विद्यालय के नए भवन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अकबरपुर प्रखंड के तेयार पंचायत में नव-निर्मित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस विद्यालय का विधिवत संचालन आज से ही किया गया है। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर जिलाधिकारी का आत्मीय स्वागत किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पंचायत की पहचान इस विद्यालय से होगी।" उन्होंने सभी छात्राओं से नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस आवासीय विद्यालय को केवल सरकारी संस्थान न समझें, बल्कि इसे अपने घर की तरह मानें और इसकी स्वच्छता एवं देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं लें। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिस उत्साह से आप खेलकूद में भाग लेती हैं, उसी ऊर्जा के साथ शिक्षा ग्रहण करें। निरीक्षण



के क्रम में जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में मेस संचालन की व्यवस्था का भी विस्तार से जायजा लिया। यह मेस जीविका दीदियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की तथा जीविका समूह की अध्यक्ष को निर्देश दिया कि छात्राओं को प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्वयं मेस में तैयार खीर का स्वाद भी लिया और स्वच्छता एवं खाद्य मानक का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। विद्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही फायर अलार्म सिस्टम की हर तीन महीने पर जांच कराने का आदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शौचालय साफ-सुथरे पाए गए और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुचारु पाई गई। जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रियरंजन ने बताया कि वर्तमान में इस विद्यालय में 116 छात्राएं नामांकित हैं, जबकि इसकी क्षमता 520 छात्राओं की है। लगभग 05 एकड़ क्षेत्रफल में बने इस भवन के निर्माण पर लगभग 46 करोड़ रुपये की लागत आई है। यहां पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

## नौकरी मांगने वाले नहीं देने वाले बन रहे बिहार के युवा : कमलजीत सेहरावत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पश्चिम दिल्ली की सांसद कमलजीत सेहरावत ने शनिवार को बिहारशरीफ परिसदन में प्रेस वार्ता कर कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। बिहार के 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस-दस हजार रुपए भेज दिए गए हैं। आगे भी बाकी बचे हुए महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि आने वाली है। स्वरोजगार करने वाली महिला बहनों को 2 लाख रुपए की



सहायता राशि दी जाएगी। उन्हें रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जीविका समूह के द्वारा स्वरोजगार के लिए दी जा रही यह राशि महिला बहनों को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि देश की महिलाओं के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं। बिहार में 2005 के पहले महिला बहनों, बेटियों को अपने घरों से निकलने में डर लगता था, वहीं आज महिलाएं भयमुक्त होकर अपना कार्यकलाप कर रही है। बिहार के युवाओं के लिए भी केंद्र और राज्य सरकार काफी काम कर रही है। बिहार के युवा अब स्वरोजगार में काफी आगे बढ़ रहे हैं, सरकार की मदद से रोजगार के लिए सहायता राशि के साथ साथ प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिससे बिहार के युवा अब नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, डा अशुतोष कुमार, साबो देवी, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, धीरेन्द्र रंजन, अमित शान, अविनाश कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब तथागत ने किया डांडिया नाइट - 2025 का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** रोटरी क्लब तथागत बिहारशरीफ के तत्वावधान में डांडिया नाइट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी वर्षा के बावजूद लोगों का उत्साह चरम पर रहा और सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा व डांडिया नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन बिंदु सिंह, रोटरी पब्लिक इमेज़ कॉर्डिनेटर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन संजीव ठाकुर, क्लब सचिव रो मधुकंचन एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन रो अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डांडिया को-चेयरमैन रो जोसेफ टीटी एवं रो कुमारी सचिव ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। डांडिया मेंटर रो डॉ अरविन्द कुमार सिंहा, रो डॉ सुनील सिन्हा ने डांडिया के सहयोगियों को सम्मनित किया। मंच संचालक रो अरुण कु वर्मा ने कहा कि इतनी वारिस के बाबजूद रोटरी क्लब तथागत के डांडिया प्रेमियोने तथागत के कार्यक्रम में आना





पंसद किया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समन्वयक रो. महेश लोहानी, फंड रेज़िंग टीम तथा विभिन्न समितियों के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ आकर्षक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। रो. परमेश्वर महतो ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि "सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं आगंतुकों की उपस्थिति और सहयोग से ही यह आयोजन सफल हुआ है। भारी बारिश के बावजूद सबों ने समय पर पहुंचकर डांडिया नाइट की शोभा बढ़ाई।" यह आयोजन नवरात्रि के पावन अवसर पर सामाजिक एकता, संस्कृति और आनंद का संदेश लेकर आया।

## विश्व पर्यटन दिवस पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विश्व पर्यटन दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र




कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नवादा जिले के प्रसिद्ध जैन मंदिर, शेखोदेवरा आश्रम (जयप्रकाश नारायण आश्रम), कौआकोल तथा चौमुंडा मंदिर, रूपौ में विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई। जैन मंदिर, नवादा को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि माना जाता है, जहां गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। शेखोदेवरा आश्रम, कौआकोल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण से जुड़ा हुआ ऐतिहासिक स्थल है, जबकि चौमुंडा मंदिर, रूपौ धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। इन सभी स्थलों पर पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा विधिक जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। जैन मंदिर एवं शेखोदेवरा आश्रम में दीपक कुमार तथा रामानुज कुमार, जबकि चौमुंडा मंदिर, रूपौ में रविकान्त कुमार गोयल ने कार्यक्रम का संचालन कर आमजन को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों

## विधानसभा चुनाव को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला प्रशिक्षण कोषांग, नवादा के तत्वावधान में डी.आर.डी.ए. सभागार में एक दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य फोकस निर्वाचन से जुड़ी सैद्धान्तिक जानकारी, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन तथा विभिन्न आइटी एप्लीकेशनों के प्रभावी उपयोग पर रहा। कार्यक्रम



में मुख्य रूप से निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने भाग लिया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही ईवीएम के संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अभ्यास कराया गया। आइटी मैनेजर द्वारा विस्तृत प्रेज़ेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण आइटी एप्लीकेशनों के उद्देश्य, संचालन विधि तथा चुनावी कार्यों में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को इन एप्स का प्रत्यक्ष अभ्यास भी कराया गया, जिससे वे चुनाव कार्य में तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि चुनावी गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, आचार संहिता के पालन की निगरानी, अनुमोदन प्रक्रिया, शिकायत निवारण एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग जैसे कार्यों में आइटी एप्लीकेशनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन डिजिटल साधनों के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा सकेगा।

# डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन को लेकर जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने पितृपक्ष मेला में निस्वार्थ भाव से तीर्थ यात्रियों को सेवा करने यथा यात्रियों को कतारबद्ध लाइन में लगाने, बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को व्हीलचेयर के माध्यम से उन्हें मंदिर दर्शन कराने, संकीर्ण गलियों में लोगों को मदद कराने, मंदिर प्रांगण में बुजुर्ग यात्रियों को दर्शन कराने, खोया पाया सेल के माध्यम से बिछड़े तीर्थ यात्रियों को उनके अपने परिजन से मिलवाने, इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में लोगों की सहायता में जुटे सभी स्कूली बच्चों, कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी 6ठा बटालियन, एनसीसी 27 बिहार बटालियन, भारत स्काउट एंड गाइड, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, एनएसएस गया कॉलेज, एनएसएस अनुग्रह कॉलेज, एनएसएस जगजीवन कॉलेज, गैलेंट इंडिया फाउंडेशन, एनकेवाई, युवा भारत सहित अन्य लोगो ने अपनी सेवा देने वाले छात्र-छात्राओं, स्कूली शिक्षकों को आज प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि पितृपक्ष मेले के अवसर पर आप सबों ने जो यात्रियों को सेवा किया है वह काबिले तारीफ है। आप सभी वालंटियर ने काफी बढ़-चढ़कर यात्रियों को मदद किया है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में पूरी तन्मयता के साथ आप सभी ने लगातार यात्रियों को मदद करने का कार्य किया है। कंट्रोल रूम में एक-एक समस्या को सुनकर उसका निवारण करवाया जा रहा था, यह भी काफी काबिले तारीफ है। व्हीलचेयर में जो वॉलिंटियर्स काम किए हैं वह काफी सेवा का काम है। गेट से लेकर के अंदर ले आना व्हीलचेयर पर दिव्यांग वृद्ध जनों को बैठा कर उन्हें मंदिर दर्शन कराना घाट तक ले जाना, यह काफी अच्छा काम हुआ है। इसके अलावा खोया पाया सेल ने भी काफी उत्कृष्ट काम किया है खोया पाया काउंटर से खोये यात्रियों को उनके परिजनों से मिलने का काम करवाया है। आप सभी ने जो काम किया है इससे गया जी का नाम और रोशन हुआ है। इन्हीं सब परिणाम के कारण लोग देश-विदेश में गया जी को और काफी रिस्पेक्ट के साथ देखते हैं। पितृपक्ष मेला काफी आस्था का मेला है। बाकी

## संवेदनशील मुद्दों पर कार्य करने के लिये गठित प्रशासनिक टीमों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** समाहरणालय सभागार में बिहार विधान सभा निर्वाचन, 2025 हेतु जिले के डीएम के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा निर्वाचन में अभ्यर्थियों के व्यय निर्वाचन को प्रभावित करने हेतु अपनाये जाने वाले अनुचित तौर-तरीकों पर अंकुश, सोशल मीडिया तथा मोरल कोड ऑफ कंडक्ट जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कार्य करने के लिये गठित विभिन्न प्रशासनिक टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। विदित हो कि निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत व्यापक प्रावधान हैं जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सक्षम तथा तकनीकी रूप से कुशल पदाधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न कोषांगों का गठन किया जाता है जिसमें निर्वाचन कार्य में पैसे के दुरूपयोग से मतदान को प्रभावित करने से रोकने में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन किया जाता है। निर्वाचन अनुश्रवण व्यय कोषांग जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश से विभिन्न दलों का गठन करती है जिसमें प्रमुख रूप से उड़नदस्ता दल (एफएसटी), जो अपने सीमा क्षेत्र में भ्रमण कर मतदान को प्रभावित करने के लिये बांटे जा रहे पैसों पर निगरानी करती है। दूसरा स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), जो महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेटिंग कर निर्वाचन कार्य में पैसों के दुरूपयोग से प्रभावित करने के कार्य पर अंकुश लगाती है। तीसरा प्रमुख दल लेखा दल (अकाउंटिंग टीम) होती है, जो निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के खर्चों का नियमित लेखा-जोखा रखती है ताकि किसी अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन में तय सीमा से अधिक खर्च नहीं किया जा सके।

## पथ एवं नाली निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा : मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने डेल्हा-खरखुरा रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पथ एवं नाली निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ कराया जाएगा। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डेल्हा और खरखुरा के निवासियों की लंबे समय से यह मांग रही है कि इस मार्ग का पुनर्निर्माण और नाली निर्माण हो। विदित हो कि उक्त सड़क भारतीय रेल, गयाजी के अधीनस्थ है। इस संबंध में उन्होंने डीआरएम से वार्ता की है और आश्वासन प्राप्त हुआ है कि डेल्हा-खरखुरा आरपीएफ बैरक तक सड़क का पुनर्निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की सुविधा, स्वच्छता और आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य में अनावश्यक विलंब न हो और समयबद्ध तरीके से इसे पूरा किया जाए। वहीं मौके पर शंभू यादव, पवन कुमार, सूरज राणा, महेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, बंटी वर्मा, निर्मला देवी, वेद प्रकाश, गौतम, पप्पू नीलकर, अशोक सहनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## मगध विश्वविद्यालय में टी. एस. इलियट की जयंती पर विशेष व्याख्यान आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग ने आज नोबेल पुरस्कार विजेता कवि और आलोचक टी. एस. इलियट की जयंती को सजीव शैक्षणिक आयोजन के साथ स्मरण किया। इस अवसर पर 'टी. एस. इलियट एंड द फाउंडेशन ऑफ मॉडर्न पोएट्री एंड क्रिटिसिज्म' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता ए. एम. कॉलेज, गया के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमृतेंदु घोषाल ने इलियट की काव्यकला और आलोचनात्मक दृष्टिकोण पर विस्तार से विचार रखते हुए बताया कि इलियट ने आधुनिकतावादी साहित्य की नींव को किस प्रकार नई दिशा दी। उन्होंने समझाया कि इलियट की कविताएं न केवल साहित्यिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक, आध्यात्मिक और अस्तित्वगत प्रश्नों के संदर्भ में भी गहन संवाद स्थापित करती हैं। डॉ. घोषाल ने प्रमुख आधुनिकतावादी अवधारणाओं को सरल और प्रभावी ढंग से स्पष्ट किया। उनका संतुलित विश्लेषण श्रोताओं के लिए प्रेरणादायी रहा और विद्यार्थियों को बीसवीं शताब्दी के साहित्य पर इलियट के गहरे प्रभाव को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुशील सिंह और डॉ. इफ्फत शाहीन सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने भाग लेकर विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे और संवाद में सक्रिय योगदान दिया। यह शैक्षणिक आयोजन इलियट की साहित्यिक विरासत के साथ-साथ आलोचनात्मक विमर्श की परंपरा को भी नई ऊर्जा प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

## बिहार पुनः बनेगा नवोन्मेषी शिक्षा का केंद्र : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, पटना एवं एआईसी-बीवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान प्रणाली का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ एकीकरण का समापन शनिवार को हुआ। समापन सत्र में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने भावी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि बिहार ने कभी भारत की साक्षरता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व किया था। पूर्व-औपनिवेशिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट है कि कुछ क्षेत्रों में शिक्षा में पुरुषों की सहभागिता उल्लेखनीय थी और उस दौर के विद्यालयों में अधिकतर विद्यार्थी ब्राह्मणेतर जाति के शिल्पकार रहे। औपनिवेशिक व्यवधान ने न केवल बहिष्करण को जन्म दिया बल्कि कौशल के ह्रास और केन्द्रीयकरण की गहरी विरासत भी छोड़ी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली को समन्वित कर बिहार एक बार फिर नवोन्मेषी, मूल्य-आधारित और वैश्विक प्रतिस्पर्धी शिक्षा का नेतृत्व कर सकता है।

## एक नजर

### ढाई लाख के जेवरात की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप पंचायत अंतर्गत अदोपुर गांव में देर रात चोरों ने घर से करीब दो लाख पचास हजार रुपए मूल्य के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित उदय यादव, पिता स्व. गणेश यादव ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 5 बजे भैंस निकालने के दौरान देखा कि घर का मेन दरवाजा खुला है। पूछने पर उनकी बेटी ने कहा कि रात में दरवाजा बंद कर दिया था। घर की जांच करने पर पता चला कि ट्रॉली बैग और बक्से गायब हैं तथा घर का सामान बिखरा पड़ा है। उसमें रखे जेवरात चोरी हो गई। घटना की जानकारी पाकर पंचायत समिति सदस्य पति ध्रुवेश यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बधार में खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आशंका है कि चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए। इधर, आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के लिखित आवेदन पर मामले की जांच की जा रही है।

### नौ लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने काबर गांव में छापेमारी कर 9 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। इस कार्रवाई के दौरान शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। एएसआई मुस्तफा कमाल के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई थी। पुलिस को देखते ही कारोबारी वहां से भाग निकला। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 108/25 दर्ज किया गया है। बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस क्षेत्र में शराब कारोबारी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। थानाध्यक्ष ने आम लोगों से अपील की है कि वे शराब के अवैध कारोबार से संबंधित कोई भी जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### दो एनबी वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के अदोपुर और तिनेरी गांव से पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को मेडिकल जांच उपरांत जेल भेज दिया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी रंजय यादव, पिता विजय यादव, ग्राम अदोपुर पर एससी/एसटी मामले में कोर्ट से वारंट जारी था। वहीं, दूसरा वारंटी गोरा दास, पिता स्व. बगर दास, ग्राम तिनेरी पर बीस वर्ष पूर्व का मामला लंबित था। बताया जाता है कि तत्कालीन बीडीओ कोंच ने कॉलोनी निर्माण को लेकर इनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। दोनों को लंबे समय से फरार रहने पर न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मउ थाना नये मॉडल भवन में स्थानांतरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मउ थाना नये मॉडल भवन में स्थानांतरित हुआ। एसएसपी आनंद कुमार ने फीता काट भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ थाना भवन में प्रवेश कराया गया। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे एसएसपी श्री कुमार को मउ थाना की पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसएसपी श्री कुमार ने अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन में आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय, महिला पुलिस कर्मियों के लिए पृथक एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा तथा कार्यालय संचालन हेतु सभी आवश्यक संसाधन का अवलोकन किया व पुलिसकर्मियों को बधाई दी। श्री कुमार ने कहा कि नया थाना भवन न केवल पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, दक्ष एवं सुचारु बनाएगा, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सेवा, सहयोग और सुरक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सीयूएसबी की प्रोफेसर उषा तिवारी ने मलेशिया में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो उषा तिवारी ने यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा शाह आलम, सेलंगोर, मलेशिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में दुनिया भर के विशेषज्ञ और विद्वान शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान में प्रगति पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। सीयूएसबी के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. तिवारी की भागीदारी के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. तिवारी की भागीदारी शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक सहयोग के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाती है। प्रोफेसर तिवारी ने सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक प्रमुख सत्र की अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में प्रतिस्पर्धा के लिए कोड विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान भी दिया जिसमें एथलेटिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। उनकी प्रस्तुति को खूब सराहा गया और उपस्थित लोगों के बीच काफी चर्चा हुई। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अपने व्याख्यान के अलावा, प्रो. तिवारी युवा एथलीटों के लिए शक्ति प्रशिक्षण अवधिकरण विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यशाला में भी आमंत्रित प्रतिभागी थीं।

## राज्य मद योजना से दो प्रमुख नई सड़कों का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** शनिवार को नगर परिषद टिकारी के वार्ड संख्या सात और बाइस में राज्य मद योजना से दो प्रमुख नई सड़क का शिलान्यास किया गया। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। टिकारी कोंच मुख्य पथ से जलालपुर होते हुए बक्सू बिगहा तक सड़क व नाला का निर्माण दो करोड़ 34 लाख 40 हजार रुपया से एवं पंचदेवता मुख्य पथ से चकमठ ग्राम तक सड़क का निर्माण 75 लाख 73 हजार रुपये की लागत से की जा रही है। शिलान्यास के मौके पर क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में बनने वाली यह दो नई सड़क नप क्षेत्र के शहरीकरण में अहम भूमिका निभाएगा। वार्ड पार्षद नीतीश कुमार ने विधायक व नगर परिषद प्रशासन के प्रति आभार जताया। मौके पर नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश झा, जेई अंजनी शर्मा, नप उपाध्यक्ष सागर कुमार, वार्ड पार्षद अशोक कुमार, अरशद आलम के अलावा गुड्डू सिंह, गुंजन शर्मा, मो आफताब सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।


## शपथ पत्र

मैं श्याम सुन्दर पिता-राजाराम सिंह ग्राम- महेश परासी थाना-उपहारा जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
मेरी पुत्री का आधार सं.- 5925 7273 3573 है जिस पर अंकित नाम खुशी कुमारी है एवं जन्म तिथि- 11.06.2008 है जो गलत है। उक्त पुत्री के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर नाम दिव्या है और जन्म तिथि - 28.02.2009 है जो सही एवं सत्य है। मैं उक्त पुत्री के आधार कार्ड में गलत नाम खुशी कुमारी जन्म तिथि-11.06.2008 को वास्तविक नाम दिव्या जन्म तिथि-28.02.2009 सुधार हेतु यह शपथ कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 26513 दिनांक 27.09.25

शपथकर्ता
श्याम सुंदर



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **सीनि. डीईएन/2/हावड़ाः क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 153 _2025-26, दिनांक 26.09.2025; कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल-एईएन डीकेएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन नीचे उल्लेखित स्थानों में टीआरआर (पी)-5.259 किमी -डीडीजे-डीकेएई : अप 13.330-13.590=0.260 किमी, 14.220-14.871=0.651 किमी; बीएलवाई-एसकेजी : रेव लाइन 13.502-13.815=0.313 किमी; अप कॉर्ड 13.630-13.745=0.115 किमी; बीएलवाई-एसकेजी : अप1 37.000-40.920=3.920 किमी एवं टीटीआर-25 सेट-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसी एमएससी)-1 इन 12-9 सेट, टीटीआर (एफएस+ टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी)-1 इन 8.5-15 सेट एवं टीटीआर (डी/क्रॉसिंग)-1 सेट एवं एसईजे-47 सेट एवं सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन नीचे उल्लेखित स्थानों में टीआरआर(पी)-15.398 टीकेएमः बीएलवाई-एसकेजीः रेल लाइन 73.045-76.010=2.965, रेल लाइन 93.314-94.253=0.939 किमी; एसकेजी-बीडब्ल्यूएन थर्ड लाइन 95.200-95.657 = 0.457 किमी; अप 95.200-95.366=0.166 किमी. बीडब्ल्यूएन-केएएनः डाउन1 114.654 -117.000=2.346 किमी; अप1 106.730-107.000=0.270 किमी; डाउन2 106.730-114.500=7.770 किमी; एसकेजी-बीडब्ल्यूएनः अप कार्ड 106.245-106.500=0.255 किमी; अप1 106.500-106.730=0.230 किमी एवं टीटीआर- 3 सेट-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी) - 1 इन 12 - 2 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) - 1 इन 8.5 - 1 सेट एवं टीएफआर-5.126, टीकेएम (60 किग्रा) स्थान-बीडब्ल्यूएन-केएएन अप-1 107.055-107.368=0.313 किमी, 108.526-110.906=2.380 किमी; केएएन-एसएनटी : अप एसबीजी 0 - 2.433=2.433 किमी एवं टीएफआर-11.80 टीकेएम (52 किमी) स्थान - बीडब्ल्यूएन-केडब्ल्यूएईः एसएल 0-3.000=3.000 किमी, 11.000-14.000=3.000 किमी., 18.700-24.500=5.800 किमी एवं एसईजे-40 सेट। **अनुमानित लागतः** रु. 2,61,24,900.92; **बयाना राशिः** रु. 2,80,600; **समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 156_2025-26, दिनांक 26.09.2025; कार्य का विवरणः** तालित-तालित में अप डीडी लाइन का कॉमन लूप में रूपांतरण। **अनुमानित लागत :** रु. 1,55,01,602.84; **बयाना राशिः** रु. 2,27,500; **समापन अवधिः** 12 महीने। निविदा प्रपत्र की लागतः दोनों के लिए शून्य। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 20.10.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा ... वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-325/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## डॉ. मनीष ने विधानसभा चुनाव को लेकर विजय कुमार मांझी से की औपचारिक मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया जिलाध्यक्ष पूर्वी विजय कुमार मांझी से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही गया जिले की 10 विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय स्तर से मिले सभी कार्यक्रमों को जिले में पूर्ण उत्साह और सफलता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन की मजबूती और जनता के अपार समर्थन के आधार पर आने वाले चुनाव में एनडीए गठबंधन भारी बहुमत से विजयी होगा। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि गया जिला आने वाले समय में पूरे बिहार की राजनीति का केंद्र बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले की दसों विधानसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवार प्रचंड बहुमत से विजयी होंगे। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों को मुफ्त अनाज, सड़क और रेल परिवहन का विकास, गया जिले में महाबोधि मंदिर और विष्णु कॉरिडोर की घोषणा जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां जनता को भाजपा और एनडीए के पक्ष में एकजुट करेंगी।

## खिजरसराय की गलियां अब रहेंगी रोशन स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** नगर पंचायत खिजरसराय में अब अंधेरे की समस्या से जल्द ही निजात मिलेगी। नगर क्षेत्र की सड़कों और गलियों को रोशन करने के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य की शुरुआत शनिवार को की गई जिसका उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी अंशुल पाण्डेय, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि रौशन कुमार तथा कई पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी अंशुल पाण्डेय ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा यह योजना आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। लंबे समय से वार्डों में रात्रि के समय अंधेरे की समस्या बनी हुई थी जिससे आवागमन में परेशानी के साथ-साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में भी इजाफा हो रहा था। अब स्ट्रीट लाइट लगने से इन समस्याओं का समाधान होगा। कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि रौशन कुमार ने बताया कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में किया जाएगा। पहले चरण में मुख्य सड़कों एवं व्यस्त गलियों में लाइटें लगाई जा रही है। इसके बाद अन्य वार्डों की आवश्यकतानुसार कार्य किया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया। नागरिकों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे न केवल रात में चलना-फिरना सुरक्षित होगा, बल्कि पूरे इलाके की तस्वीर भी बदलेगी। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विवेक कुमार ने बताया कि यह पहल सिर्फ लाइटें लगाने तक सीमित नहीं है, यह हमारे शहर को सुरक्षित, सुंदर और आधुनिक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मेरी अपील है कि सभी नगरवासी इस कार्य में सहयोग दें, स्ट्रीट लाइट्स की सुरक्षा करें और अगर कहीं कोई खराबी दिखे तो तुरंत नगर कार्यालय को सूचित करें। ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।


## रेलवे भर्ती सेल पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

**वर्ष 2025–26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती**
रोजगार सूचना सं० एनईआर/आरआरसी/सीक्यू/2025–26 दिनांकः 24.09.2025

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 25.09.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 24.10.2025, 18:00 बजे |

वर्ष 2025–26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत लेवल–2 (छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रु० 1900) में ग्रुप 'सी' के 2 पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** देखें।

मुजाधि/आरआरसी–1 — अध्यक्ष, रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर



## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्रांतर्गत दुर्गा पूजा एवं गॉधी जयन्ती के शुभ अवसर पर लोक भवनाओं को ध्यान में रखते हुए शांति एवं शौहार्द बनाए रखने के उदेश्य से खुले में मांस, मछली आदि का विक्रय करना दिनांक 28.09.2025 से 02.10.2025 तक पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेंगा।

उक्त के आलोक में सभी मांस, मछली दुकानदारों एंव विक्रेताओं को निदेश दिया जाता है कि उक्त समय अवधि में संबंधित निदेशो का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई व्यक्ति/विक्रेता उल्लघंन करते हुए पाये जाते है तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 363147 Urban Development (25-26)_D



## पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एसजीडब्ल्यू.272-252-टी1-60, दिनांक 26.09.2025, मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में तालित स्टेशन में पैनल इंटरलॉकिंग का इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में प्रतिस्थापन के साथ अप डीडी लाइन का कॉमन लूप में रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 10,29,78,972.96; **बयाना राशिः** रु. 6,64,900; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 09 (नौ) महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समयः** 24.10.2025 को 14.00 बजे तक। **खुलने की तारीख एवं समयः** 24.10.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीख :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 26.09.2025 से। **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती हैः** 1. बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। 2. ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। 3. बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। 5. रेलवे बोर्ड पत्रांक 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस दिनांक 28.03.2018 के अनुसार कार्य अनुबंध (रु. 50.00 करोड़ अथवा अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) लागू है। (CON-41/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# नीतीश के वोट बैंक में सेंध?

बिहार कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट चोरी विरोधी यात्रा की सफलता से कांग्रेस कुछ ज्यादा ही उत्साहित लग रही है। अचानक उसके तेवर राज्य में छोटे भाई से बड़े भाई वाले होते जा रहे हैं। यही कारण है कि वो जहां एकतरफ विस चुनाव में महागठबंधन में 70 सीटें मांग रही है, वहीं उसने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने भी कन्नी काट ली है। माना जा रहा है कि पार्टी सीटों पर कड़ी सौदेबाजी के बाद ही तेजस्वी को भावी सीएम के तौर पर स्वीकार करेगी। लेकिन हाल में उसने बड़ा दांव बिहार की राजधानी पटना में 85 साल बाद कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्लूसी) की बैठक कर के दिया है। इस बैठक में पारित संकल्प पत्र के खास मायने हैं। यह संकल्प पत्र कांग्रेस और महागठबंधन ने जारी किया है। इसे उस अति पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है जो नीतीश कुमार का मज़बूत वोट बैंक रहा है। बिहार की राजनीति में अति पिछड़ा वर्ग का 36 प्रतिशत वोट बैंक है। इसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजबूत आधार माना जाता है। कांग्रेस और इसके सहयोगी दलों ने 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प' पत्र को अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश किया है। पत्र में आबादी के अनुपात में आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाने के लिए प्रयास करने और अति पिछड़ा वर्ग के लिए स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण को बढ़ाने का वादा भी किया गया है। इसके अलावा कई और फ़ैसले लिए गए हैं। इसके अलावा सभी प्राइवेट कॉलेज-यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू करने, नियुक्तियों में ÷ह्श्ह्ल स्नश्ह्ठ्स्त्र स्ह्वह्लड्ड्ह्यद्द÷ जैसी व्यवस्था खत्म करने, अतिपिछड़ा वर्ग की सूची में सही प्रतिनिधित्व के लिए कमेटी बनाने, एससी, एसटी, ओबीसी तथा ईबीसी के आवासीय भूमिहीनों को जमीन देने, प्राइवेट स्कूलों की आधी आरक्षित सीटें आरक्षित वर्ग के बच्चों को देने, 25 करोड़ रुपये तक के सरकारी ठेकों में पचास फीसदी आरक्षण, अतिपिछड़ों के खिलाफ़ अत्याचार रोकने का कानून बनाने, आरक्षण की निगरानी के लिए प्राधिकरण बनाने जैसे वादे शामिल हैं। इनमें से कुछ की व्यावहारिकता पर संदेह है। फिर भी कांग्रेस और महागठबंधन का मानना है कि अगर नीतीश के ईबीसी वोट बैंक में सेंध लगा दी जाए तो सत्ता की चाबी उसके हाथ आ सकती है। राहुल गांधी ने इसे ऐतिहासिक 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' निरूपित करते हुए कहा कि बिहार में 20 साल से नीतीश कुमार की सरकार है, लेकिन उन्होंने अतिपिछड़ा समाज को न्याय दिलाने के लिए फैसले नहीं लिए। नीतीश सिर्फ वोट ले रहे थे और बदले में अतिपिछड़ा समाज के हक की आवाज दबा रहे थे। हम सरकार बनते ही अतिपिछड़ा न्याय संकल्प को लागू करेंगे। गौरतलब है कि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा वर्ग को पंचायती राज में आरक्षण, जीविका योजना और अभियान बसेरा जैसी अपनी नीतियों के जरिए अपने साथ जोड़े रखा है। नीतीश की समाजवादी विचारधारा और 'न्याय के साथ विकास' की नीति ने ईबीसी को एक मजबूत आधार दिया, जिसके चलते वह बार-बार सत्ता में रहे हैं। सवाल यह है कि क्या यह संकल्प पत्र नीतीश कुमार के मजबूत वोट बैंक में सेंध लगा पाएगा? क्या ईबीसी नीतीश की जगह दूसरे किसी को सीएम मानने को तैयार होंगे? बिहार में 2023 के जातीय सर्वेक्षण ने दिखाया कि ईबीसी और ओबीसी मिलकर 63 प्रतिशत आबादी हैं। बेशक अति पिछड़ा न्याय संकल्प महागठबंधन का एक रणनीतिक कदम है। लेकिन यह नीतीश कुमार की अपनी सुशासन बाबू की छवि पर कितना भारी पड़ेगा, अभी कहना मुश्किल है।

# नए वैश्विक संकट के समय 80वीं यूएन महासभा

**विश्व में प्रतिबद्धताओं का अभाव संयुक्त राष्ट्र को निराश करती रही है। इस महासभा में यह बात उभरकर सामने भी आ गई। अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक ने स्वयं कहा कि बीजिंग घोषणापत्र, महिला अधिकारों, संसाधनों और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक अभूतपूर्व उपलब्धि थी, लेकिन 30 वर्ष बाद, यह क्रॉंति अभी अधूरी है। पूरी दुनिया को पता है कि चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ मिलकर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया था। बीजिंग सम्मेलन को महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इसके 30 वर्ष पूर्ण होने पर इस 80वीं महासभा में महिला सशक्तीकरण के विषय पर एक अन्तरराष्ट्रीय बहस में ऐनालेना बेयरबॉक की यह टिप्पणी चिंता में डाल देती है। यदि स्त्रियों के सशक्तीकरण ही नहीं कर पा रहे हैं तो इसका अर्थ है कि यह हमारी सभ्यतागत पिछड़ापन है। उनकी गरिमा की रक्षा के साथ ही हम किसी मानव विकास सूचकांक के दावे कर सकते हैं।**

**डॉ. कन्हैया त्रिपाठी**



यह न्यूयॉर्क है जहाँ हर वर्ष वैश्विक महापंचायत होती है। न्यूयॉर्क के मैनहैटन इलाक़े में ईस्ट रिवर के नज़दीक स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय दुनिया भर के लिए सितंबर महीने में आकर्षण का केंद्र बन जाता है। यहाँ कई बार कुछ ऐसे भी राष्ट्राध्यक्ष या राष्ट्रों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं जिनके लिए यह आयोजन वास्तव में अविस्मरणीय और कुतूहल भरा होता है। जैसा कि पूरे विश्व को पता है कि महासभा का वार्षिक उच्चस्तरीय अधिवेशन सप्ताह आरम्भ हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र महासभा सबसे व्यस्ततम समय होता है और हर पल का यहाँ हिसाब रहता है। कब, किससे कौन मिलेगा। किस विषय पर मिलेगा। बातचीत का मोड क्या होगा। बातचीत में भविष्य के लिए क्या उम्मीदें हैं। इस दृष्टि से भी महासभा में कार्यरत लोगों के लिए बहुत सुनियोजित, संयमित, अनुशासित व उद्देश्यपूर्ण कर्तव्य निर्वहन का यह वक्त होता है। अब सोचिये कि 150 से अधिक विश्व के शीर्ष नेता, जनरल डिबेट में प्रतिभागिता के लिए न्यूयॉर्क पहुँच रहे हैं, वहां किस पैमाने पर तैयारियां होंगी। वे महासभा के मंच से दुनिया के समक्ष अपनी बात रखते हैं और विभिन्न स्मरणीय आयोजनों, सम्मेलनों और बैठकों में हिस्सा लेते हैं। दुनिया के इस महाकुंभ को कवर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडियाकर्मियों का भी आगमन होता है ताकि कोई भी मोमेंट छूट न जाए। कोई भी महत्वपूर्ण बातें लोगों की पहुँच से दूर न रह जाएँ। यूएन की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने पर एक विशेष आयोजन हुआ तो इस ऐतिहासिक क्षण की बात ही कुछ और थी। महासभा का हॉल नीली रौशनी में भीगकर सबको अपनी ओर रिझा रहा हो जैसे। साथ में यह सन्देश भी कि 'एक साथ हैं, तो बेहतर हैं।' यह बेटर, टुगेदर का नारा महासभा की नई अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक का है जो संपूर्ण पृथ्वी के एकत्व की पक्षधर हैं। एक ऐसे मानवीय मूल्य की पक्षधर हैं जिसे भारतीय धर्मशास्त्रों ने कहा- संघे शक्तिः। भारतीय ज्ञान मीमांसा पूरी पृथ्वी को आकर्षित करती रही है वह चाहे वैचारिकी के माध्यम से ही क्यों न करती रही हो। इस 80वीं महापंचायत में बेटर टुगेदर का नारा भी जर्मनी की ऐनालेना बेयरबॉक के माध्यम से आया है जिसकी जड़ें यदि देखी जाए तो भारत से अमेरिका तक एक जैसी प्रतीत होती हैं। बिना एक साथ आए आज न हम पूरी पृथ्वी की रक्षा करने में सक्षम हैं और न ही किसी भारी समस्या से निपटने में सक्षम हैं। ऐसे में एक सूत्र में बंधकर हम दुनिया की समस्याओं को समाप्त करें, यही ऐनालेना बेयरबॉक की मंशा है। इस ऐतिहासिक नीली रौशनी में डूबे जेनरल असेंबली का भी यही सपना है कि सभी एक साथ मिलकर आगे बढ़ें। एक दूसरे के काम आएं। पृथ्वी पर शांति, सतत विकास और मानवाधिकारों की रक्षा करें। एक साथ हैं, तो बेहतर है। शान्ति, विकास व मानवाधिकारों के लिए, यही सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है। विश्व में प्रतिबद्धताओं का अभाव संयुक्त राष्ट्र को निराश करती रही है। इस महासभा में यह बात उभरकर सामने भी आ गई। अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक ने स्वयं कहा कि बीजिंग घोषणापत्र, महिला अधिकारों, संसाधनों और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक अभूतपूर्व उपलब्धि थी, लेकिन 30 वर्ष बाद, यह क्रॉंति अभी अधूरी है। पूरी दुनिया को पता है कि चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ मिलकर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया था। बीजिंग सम्मेलन को महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इसके 30 वर्ष पूर्ण होने पर इस 80वीं महासभा में महिला सशक्तीकरण के विषय पर एक अन्तरराष्ट्रीय बहस में ऐनालेना बेयरबॉक की यह टिप्पणी चिंता में डाल देती है। यदि स्त्रियों के सशक्तीकरण ही नहीं कर पा रहे हैं तो इसका अर्थ है कि यह हमारी सभ्यतागत पिछड़ापन है। उनकी गरिमा की रक्षा के साथ ही हम किसी मानव विकास सूचकांक के दावे कर सकते हैं।

सबसे अच्छी बात है कि ऐनालेना बेयरबॉक दो टूक बात कहती हैं। बेझिझक सच कहती हैं। महिलाओं पर चौथे विश्व सम्मेलन की तीसवीं वर्षगांठ पर महासभा की उच्च-स्तरीय बैठक में उनके द्वारा रखे गए महिलाओं के पक्ष इसकी सबसे बड़ी मिसाल हैं। ऐनालेना ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि जब महिलाएँ बातचीत की मेज पर होती हैं, तो कंपनियाँ बेहतर प्रदर्शन करती हैं, शांति संधियाँ लंबे समय तक चलती हैं, और सरकारें अधिक परिणाम देती हैं। उनकी उपस्थिति ही शक्ति है। महासभा के सभी 80 अध्यक्षों में से, मैं केवल पाँचवीं महिला हूँ। महासचिव की तो बात ही छोड़िए, जहाँ 80 वर्षों में हमारे पास कभी कोई महिला महासचिव नहीं रही। यह सिर्फ़ प्रतिनिधित्व का मामला नहीं है, यह विश्वसनीयता का मामला है, हम जो कहते हैं उसे व्यवहार में लाना है। लेकिन सिर्फ़ यह नहीं कि कौन नेतृत्व कर रहा है, बल्कि यह भी है कि हम कैसे नेतृत्व करते हैं। नेतृत्व का अर्थ है सहयोग। उनकी यह निष्पक्ष समालोचनात्मक दृष्टि को पूरी दुनिया को समझना चाहिए। यह समझना चाहिए कि हम वास्तव में क्या कहने और सोचने के लिए किसी विमेन को मजबूर करते हैं। यह तथ्य यदि दुनिया को समझ आती है तो निश्चय ही बीजिंग सम्मेलन की बहस के लिए पूरी दुनिया के राष्ट्राध्यक्ष जो न्यूयार्क में इकठ्ठा हुए हैं, वे सकारात्मक कदम उठाएंगे। वैसे ऐनालेना बेयरबॉक ने धीमी गति से कार्यान्वयन की आलोचना करते हुए कहा भी कि यदि हमारी चाल यूं ही बनी रही तो आने वाले 123 वर्ष में हम बीजिंग घोषणा-पत्र में व्यक्त अपनी प्रतिबद्धताओं को संभवतः पूर्ण कर सकें। इस महासभा की एक ख़ास बात यह है कि प्रत्येक दिन एक नए विषय पर घनघोर बहस हो रही है। इसमें दुनिया के मानवतावादी, नोबेल पुरस्कार विजेता, मानवाधिकारों के पैरोकार अपनी अपनी बात रख रहे हैं। यथा, यज़ीदी समुदाय की नादिया मुराद के ही शब्द- महिलाओं व लड़कियों की अगली पीढ़ी विरासत में केवल वादे पाने के लिए हक़दार नहीं हैं, बल्कि उन्हें न्याय, समानता व गरिमा की वास्तविकता देनी होगी, लोगों के बीच चर्चा के विषय बन गए हैं। वास्तविकताओं को व्यक्त करना बिना डरे, बिना सहमे और बेबाक जुबान से निश्चय ही विश्व के नागरिकों के पक्ष में है क्योंकि अफगानिस्तान जैसे देश में डरी स्त्रियों की आवाज़ ही दबा दी जा रही है। वास्तविकताओं से अनभिज्ञ यदि महासभा भी रह जाएगी तो उनके हित में कोई ठोस कदम कैसे विश्व स्तर पर उठेंगे? कैसे ऐसे देशों में रहने वाली स्त्रियाँ स्वतंत्र गरिमा के साथ जी सकेंगी? कैसे शिक्षा ले सकेंगी और कैसे ऐनालेना की तरह विश्व के नेतृत्व के लिए तैयार हो सकेंगी? हवा का रुख़ बदलने का आग्रह तो महासचिव विगत कई वर्षों से कर रहे हैं और इस बार भी वह युद्ध, निर्धनता, मानवाधिकार उल्लंघन, जलवायु परिवर्तन की ओर सबका ध्यान केंद्रित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि वैश्विक संकट नए स्वरूपों में आते जा रहे हैं। बेटर टुगेदर की निति से तत्काल समन्वित कार्रवाई अब ज़रूरी हो गयी है। देखना यह है कि इस महापंचायत में भी वादों की जगह कारवाइयाँ अपना आकर लेती हैं कि नहीं?

अध्यात्म

# बिना अभ्यास के आप सफल नहीं हो सकते

प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे।. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे. और अध्ययन भी किया करते थे। वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया। वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा। लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था। गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी। इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है। उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया। गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, ÷बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है। अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो। अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो।÷ वरदराज ने भी सोचा कि शायद विद्या मेरी किस्मत में नहीं हैं। और भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया। दोपहर का समय था। रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी। वह कुवे के पास गया। वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, ÷यह निशान आपने कैसे बनाएं।÷ तो एक महिला ने जवाब दिया, ÷बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं। यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं।÷ वरदराज सोच में पड़ गया। उसने विचार किया कि जब एक कोमल से रस्सी के बार-बार आने जाने से एक ठोस पत्थर पर गहरे निशान बन सकते हैं तो निरंतर अभ्यास से में विद्या ग्रहण क्यों नहीं कर सकता। वरदराज ढेर सारे उत्साह के साथ वापस गुरुकुल आया और अथक कड़ी मेहनत की। गुरुजी ने भी खुश होकर भरपूर सहयोग किया। कुछ ही सालों बाद यही मंदबुद्धि बालक वरदराज आगे चलकर संस्कृत व्याकरण का महान विद्वान बना। जिसने लघुसिद्धान्तकौमुदी, मध्यसिद्धान्तकौमुदी, सारसिद्धान्तकौमुदी, गीर्वाणपदमंजरी की रचना की। दोस्तो अभ्यास की शक्ति का तो कहना ही क्या हैं। यह आपके हर सपने को पूरा करेगी।

# भारत-ईयू एफटीए : अवसर की निर्णायक घड़ी

**वैश्विक राजनीति और व्यापार की तेजी से बदलती दुनिया में आज हर राष्ट्र अपनी आर्थिक सुरक्षा और रणनीतिक प्रगति के लिए नए-नए अवसर खोज रहा है। यूरोपीय संघ लंबे समय तक अपने पारंपरिक सहयोगी अमेरिका पर निर्भर रहा है, लेकिन बदलते हालातों ने उसे भी वैकल्पिक साझेदारों की ओर रुख करने के लिए बाध्य किया है। यही कारण है कि उसने हाल के वर्षों में दक्षिण अमेरिका के मर्कोसुर समूह, आसियान देशों और इंडोनेशिया जैसे कई उभरते बाजारों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को सिरे चढ़ाया है। इसी कड़ी में भारत के साथ भी वार्ता लंबे समय से चल रही है और अब वह निर्णायक मोड़ पर आ पहुँची है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल व्यापार का नहीं बल्कि भविष्य की रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक भी हो सकता है। वर्तमान समय में जब भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखलाओं की अस्थिरता और अमेरिका की अनिश्चित नीतियाँ सामने हैं, तो भारत-ईयू एफटीए का महत्व और बढ़ जाता है।

यूरोपीय संघ ने पिछले कुछ वर्षों में यह समझ लिया है कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर वह अपनी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित नहीं कर सकता। डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता की वापसी की संभावना और अमेरिका की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने ईयू को झकझोर दिया है। यही कारण है कि ईयू अब स्वतंत्र व्यापार नीति की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उसने आसियान देशों के साथ कई करार किए, इंडोनेशिया के साथ समझौता अंतिम चरण में है और दक्षिण अमेरिका के साथ दिसंबर 2024 में एफटीए पर हस्ताक्षर किए। ईयू की रणनीति अब है कि वह एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों से गहरे संबंध बनाए। भारत इस दृष्टि से उसके लिए सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण साझेदार है–क्योंकि भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि उसकी जनसंख्या, उत्पादन क्षमता और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था यूरोप के लिए आकर्षण का केंद्र है।

भारत लंबे समय से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बड़ी भूमिका निभाना चाहता है। लेकिन अब तक वह पूरी तरह इसमें एकीकृत नहीं हो सका है। ईयू के साथ एफटीए भारत के लिए इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस समझौते के जरिए भारत को यूरोपीय बाजारों तक न केवल बिना बाधा पहुँच मिलेगी, बल्कि अपने निर्यात को टिकाऊ बनाने का अवसर भी मिलेगा। ईयू का विशाल उपभोक्ता वर्ग भारतीय वस्त्र, औषधियाँ, आईटी सेवाएँ, मशीनरी और खाद्य उत्पादों के लिए एक स्थायी गंतव्य बन सकता है। इसके अतिरिक्त, निवेश के क्षेत्र में भी यूरोपीय कंपनियाँ भारत में आकर रोजगार, तकनीकी हस्तांतरण और नवाचार को गति देंगी।

हालाँकि, यह रास्ता इतना आसान नहीं है। एफटीए की वार्ता वर्षों से खिंचती आ रही है और इसकी सबसे बड़ी वजह है- नियमों की जटिलता और निवेश से जुड़े प्रावधान। यूरोपीय संघ चाहता है कि भारत में आने वाला कोई भी उत्पाद इस स्तर पर पारदर्शी हो कि उसकी उत्पादन प्रक्रिया और मूल्य संवर्धन स्पष्ट दिखाई दे। जबकि भारत अपनी घरेलू परिस्थितियों के चलते अधिक लचीले नियमों की मांग करता है। इसके अलावा, श्रम मानक, पर्यावरणीय दायित्व और स्थिरता जैसे मुद्दों पर भी ईयू काफी सख्त रुख अपनाता रहा है। उदाहरण के लिए, कार्बन उत्सर्जन घटाने की उसकी प्रतिबद्धता का सीधा असर भारतीय निर्यात पर पड़ सकता है। यदि भारत की उत्पादन इकाइयाँ पर्यावरणीय मानकों को पूरा नहीं कर पातीं तो उन्हें भारी करों और शुल्कों का सामना करना पड़ सकता है।



भारत-ईयू एफटीए सिर्फ आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टिकोण से भी उतना ही आवश्यक है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और अमेरिका की अनिश्चित नीतियों ने भारत को मजबूर किया है कि वह बहुध्रुवीय साझेदारियाँ बनाए। यूरोपीय संघ इसके लिए सबसे उपयुक्त है, क्योंकि वह भारत की तरह लोकतंत्र, मानवाधिकार और बहुपक्षवाद की भावना को महत्व देता है। इसके अलावा, रक्षा और सुरक्षा सहयोग में भी भारत और ईयू की साझेदारी का विस्तार हो सकता है। यूरोप चाहता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव कम किया जाए, और भारत उसके लिए स्वाभाविक साझेदार है। ऐसे में एफटीए आर्थिक रिश्तों को गहरा करने के साथ-साथ रणनीतिक सहयोग का भी सेतु बनेगा।

यदि यह समझौता होता है तो भारत के लिए दोहरे लाभ के द्वार खुलेंगे। पहला, भारतीय कंपनियों को यूरोप के बाजारों में प्रवेश सरल होगा। दूसरा, यूरोपीय कंपनियों का निवेश भारत में बढ़ेगा। यह निवेश केवल पूँजी तक सीमित नहीं होगा, बल्कि इसमें नई तकनीक, प्रबंधन कौशल और उत्पादन की दक्षता भी शामिल होगी। विशेष रूप से, भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (स्न्स्स्ध) क्षेत्र को इससे भारी लाभ मिल सकता है। उन्हें न केवल नए बाजार मिलेंगे, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

एफटीए के सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं होंगे। भारत में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, उपभोक्ताओं को अधिक और बेहतर विकल्प मिलेंगे, और प्रतिस्पर्धा से उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा। हाँ, कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा से दबाव भी आएगा, जैसे कृषि और छोटे उद्योग। लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से यह दबाव भारत को और सक्षम बनाएगा।

भारत और ईयू, दोनों ही अब इस स्थिति में हैं कि उन्हें यह समझौता और अधिक देर तक टालना नहीं चाहिए। यदि बातचीत खिंचती रही, तो चीन और आसियान देशों जैसे प्रतिस्पर्धी इसका लाभ उठा लेंगे। भारत के लिए यह अवसर है कि वहअपनी निर्माण क्षमता को मजबूत करे और निर्यात को विविध बनाए। यूरोपीय संघ भी जानता है कि भारत के बिना वह एशियाई बाजारों में प्रभावी उपस्थिति नहीं बना सकता। इसलिए ईयू ने हाल के वर्षों में अपने रुख में लचीलापन दिखाया है। अब यह भारत पर निर्भर है कि वह समय रहते इस अवसर का लाभ उठाए और समझौते को अंतिम रूप दे।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता केवल एक आर्थिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का दरवाज़ा है। यह भारत के लिए वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर है और यूरोपीय संघ के लिए एशियाई विस्तार की कुंजी। दोनों पक्ष यदि परस्पर सम्मान और लचीलेपन के साथ आगे बढ़ें तो यह समझौता आने वाले दशकों तक वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

नयी परियोजनाओं की तैयारी करना इस समय उचित नहीं है। आज क्रोध में आकर चर्चा करने से बचना चाहिये। सहकर्मियों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृषभ**

दोस्तों के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। बड़ों की सलाह का अनुसरण करना हितकारी होगा।

**मिथुन**

आपके विचारों का लोग विरोध कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद न करें। पुरानी बचत का आज आपको लाभ मिलेगा।

**कर्क**

आज आप नये कार्यों में रुचि लेंगे। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करने से बचें। पिछले काफी समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

**सिंह**

पारिवारिक सम्बन्धों को अधिक महत्व देना चाहिये। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक है। दाम्पत्य सम्बन्धों में तनाव होने की आशंका है।

**कन्या**

नये कारोबार में पूँजी निवेश कर सकते हैं। मित्रों की सलाह आपके काफी काम आयेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद का अवसर मिल सकता है।

**तुला**

किसी पर भी अधिक विश्वास करने से बचें। दिखावे की प्रवृत्ति के कारण अचानक खर्च बढ़ सकते हैं। नजदीकी लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृश्चिक**

व्यापार को बढ़ाने के लिये नये निवेशक ढूँढ रहे हैं तो आपको आज सुखद परिणाम मिल सकते हैं। नौकरी में बदलाव करने का विचार बन सकता है।

**धनु**

आज आप थोड़ा उदास रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में अविश्वास न उत्पन्न होने दें। प्रेम-सम्बन्धों को सन्तुलित रखने का प्रयास करें। नजदीकी लोगों से भी बातें सोच-समझकर ही करें।

**मकर**

आज आप अत्यन्त सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। शेयर मार्केट से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। आय में निरन्तरता बनी रहेगी। इससे मन में नयी उम्मीदों के सपने आकार लेंगे।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आप अपना प्रभाव छोड़ पाने में सफल रहेंगे। व्यवसाय में आपको अपनी कार्यशैली पर ध्यान देना होगा। अपने सहकर्मियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन**

आज धार्मिक मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज परिवार जनों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

# केंद्रीय मंत्री ने किया ओवरब्रिज का शिलान्यास

## 146 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा ब्रिज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** दो लाख के अधिक आबादी वाले क्षेत्र अमरपुर, बारो, निपानिया मधुरापुर, गढ़हरा सही कई गांव के लोगों का सपना अब कहीं न कहीं पूरा होने जा रहा है। बताते चलें कि बरौनी जंक्शन पश्चिमी 7 गुमटी और रजवाड़ा पर बन रहे ओवर ब्रिज का शिलान्यास भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा शनिवार को वाटिका चौक पर रिमोट दबाकर किया। उपस्थित अतिथियों को केशव शांडिल्य के द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। बेगूसराय के सांसद को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि दो लाख से अधिक आबादी वाले क्षेत्र मथुरापुर, निपानिया, अमरपुर, गंगा प्रसाद, बारो, मधुरापुर गढ़हरा वासियों के लिए एक ऐतिहासिक पल है। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार में बिहार में सबसे ज्यादा विकास बेगूसराय जिला में हुआ है। साथ ही बेगूसराय वासियों को एक और एक और तोहफा मिल रहा है जो खास कर तेघड़ा विधानसभा वासियों के लिए एनएच पर फोर लाइन लाइन की स्वीता भी मिल गई है। जल्दी ही उसका भी काम शुरुहोगा। पांच किमी के अंदर तीन ओवर ब्रिज का शिलान्यास ये तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार है। निपानिया ओवरब्रिज 146 करोड़ की लागत से बनेगी तो वहीं रजवाड़ा गुमटी व अमत ब्रिज 70 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ठेकेदार को ही हिदायत देते हुए कहा कि अगर कोई गड़बड़ हुआ तो हम जेल भेजने का भी काम करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित, भाजपा नेता केशव शांडिल्य, अरविंद चौधरी, बरौनी के मुख्य पार्षद संजीव कुमार, विनय मुखिया, विवेक मुखिया, रुस्तम आजाद, हेमंत शर्मा, चंदन कुमार, डक्टर हेमंत सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के समाजसेवी बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि सहित एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नदी में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के छतौना में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। स्थानीय गोताखोरों ने डूबी हुई महिला के शव को शनिवार की सुबह नदी से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त डफरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 अब्बूपुर के टूना महतो की 46 वर्षीया पत्नी गीता देवी के रूप में की गई। पुत्र अनमोल कुमार ने बताया कि माँ प्रतिदिन भगवती स्थान में संध्या पूजा अर्चना करने जाती थी। देर रात तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन करने लगा, पर रात में कोई अतापता नहीं चला। सुबह जब नदी किनारे खोजबीन के क्रम में भगवती स्थान के सामने बूढ़ी गंडक नदी के किनारे ग्रामीणों के साथ जाने पर नदी किनारे उसकी चप्पल रखी हुई थी। उसके नदी में डूबने की आशंका होने लगी। लोगों ने कयास लगाया कि शौच के लिए नदी किनारे गई होगी। शौच के बाद उसकी धुलाई के लिए चप्पल खोलकर पानी के करीब गई होगी। पैर फिसलने से वह असंतुलित होकर गहरे पानी में जाने से वह डूब गई। हसनपुर सुरेश के गोताखोर ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इसे ढूंढ लिया। नावकोठी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीवे पांडे, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि पमपम कुमार, उप मुखिया राजकुमार, पंसस अजीत कुमार आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# हत्या मामले के आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने स्पीडी ट्रायल करते हुए हत्या मामले के आरोपित समस्तीपुर जिला के हसनपुर थाना क्षेत्र के मुर्राहा निवासी चंद्रशेखर पासवान एवं बुचो पासवान को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर छह महीना अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। आरोपितों पर आरोप है कि दिनांक 29 सितम्बर 2014 को समय 6:45 बजे संध्या में गढ़पूरा मछली बाजार अवस्थित वादी के बड़ा भाई मृतक राजेश पासवान के पान दुकान पर आरोपीत चंद्रशेखर पासवान, बुचो पासवान, वैजनाथ पासवान एवं सत्यनारायण पासवान पर आया और आरोपी चंद्रशेखर पासवान मृतक राजेश पासवान से बोला कि तुमसे रुपये की मांग की थी अभी तक क्यों नही दिया। आरोपी वैजनाथ पासवान के आदेश पर चंद्रशेखर पासवान कमर से पिस्तौल निकाल कर राजेश पासवान को गोली मार दिया। जिससे राजेश पासवान गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। सभी आरोपित गोली फायर करते हुए भाग गए। जख्मी हालत में राजेश पासवान को ईलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय लाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में आठ साक्षियों का साक्ष्य करवाया जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का समर्थन किया जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपितों को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी सत्यनारायण पासवान एवं वैजनाथ पासवान को साक्ष्य के अभाव में मुकदमा से बरी कर दिया। आरोपितों के विरुद्ध मृतक राजेश पासवान के भाई ग्रामीण वादी मुकेश कुमार ने गढ़पुरा थाना काण्ड संख्या 91/2014 दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने मृतक के परिजन को डीएलएसए से आर्थिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## कई बिन्दुओं पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी कौशल कुमार के निर्देश के आलोक में शनिवार को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में अंबेडकर सभागार में जिला स्तरीय सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार द्वारा दिया गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुदीप शंकर झा (बेनीपुर) एवं पुष्पा प्रिया (सदर) ने प्रशिक्षण सत्र में मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें-नामांकन प्रक्रिया, विधि-व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश,आदर्श आचार संहिता, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दलों की तैनाती एवं मतदान दिवस के निर्देश, मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाएँ, डाक मत पत्र की प्रक्रिया, व्यय लेखा एवं अनुश्रवण ईवीएम एवं वीवीपैट का संचालन, एमसीएमसी की भूमिका, मीडिया प्रबंधन, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शामिल है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया। निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों को समयबद्ध रूप से संपन्न करने एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने पर भी बल दिया गया।

# भक्तिभाव से हुई देवी के पंचम स्वरूप की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** शनिवार को पांचवी स्वरूप सकन्द माता की पूजा अर्चना की गयी। सभी दुर्गा पूजा समितियां के द्वारा पंडालों एवं तोरण द्वार को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बलिया एवम डंडारी में संध्या आरती के समय विभिन्न दुर्ग पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमर रही है। बलिया नगर के छोटी बलिया बाजार पुरानी दुर्गा स्थान में बड़ी दुर्गा मां के मंदिर दरबार में संध्या महाआरती में भक्तों की खासकर हजारों महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। मां के जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहता है। अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद बताते है कई दशक से महाआरती का कार्यक्रम होता है। इस मंदिर का बिशेष महत्व है जो जिस मनोकामना लेकर आते है वह पूरी होती है। पुजारी हेमंत झा शास्त्री के आरती स्त्रोत व भजन पर लोग झूमते रहते है। बलिया नगर परिषद क्षेत्र के स्टेशन परिसर धर्मशाला परिसर, कर्पूरी स्थान चौक, पुरानी दुर्गा स्थान, शीतला स्थान, शक्ति चौरा, शेरन चक, लखमीनिया बाजार सहित बड़ी बलिया बाजार दो जगहों पर एवं प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर पंचायत अंतर्गत मीरअलीपुर, गोखले नगर विष्णुपुर, हुसैना, पहाड़पुर, हसनपुर, सदानंद-पुर में दो जगहों पर जबकि बरियारपुर में दो जगहों पर वहीं राहतपुर में एक जगह, डंडारी, तेतरी, वांक, बिशनपुर, सिसौनी, कटरमाला, बलहा दुर्गा मंदिर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है साथ ही कई दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा अष्टमी नवमी एवं दशमी को देवी जागरण नाटक मंचन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। वही दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त दुरूस्त दिख रही है। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी डीएसपी साक्षी कुमारी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय सजग दिख रहे हैं। प्रशासन किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र के मिसिकार टोला के समीप हुई घटना की पूर्णावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन के द्वारा कई तरह के सुरक्षा के इंतजाम किए गये। जिसमें पूजा एवं विसर्जन के दौरान ड्रोन कैमरा से निगरानी सभी मुख्य चौक चौराहा सहित पूजा पंडालों में भी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी सभी पूजा पंडालों के समीप दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस बल के सहयोग से दिवा एवं रात्रि गश्ती की व्यवस्था की गई है। थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में भी एसडीओ सुश्री तरनिजा व एएसपी सह बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी ने साफ शब्दों में हिदायत दे दी गई है कि मेला एवं विसर्जन के दौरान किसी तरह के अपवाह फैलाने वाले लोग बख्से नहीं जाएंगे। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने पूजा समितियां को भी आश्वासन दिया है कि आप सुरक्षा की चिंता ना करें।

# सरैंया में सोने-चांदी के जेवर व नगदी की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया निवासी हरेंद्र यादव के घर में चोरी की घटना घटित हुआ है। वह स्व विसुनदेव यादव का पुत्र है। उसके घर में रखे मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर जिसमें चांदी पायल 5 पीस, सोना के जीवतिया 2, चांदी के 3 पीस, 2000 से अधिक रुपये, घर के बाहर रखे साइकिल को चोरों ने चोरी कर ली। घटना शुक्रवार रात की है। गृहस्वामी हरेंद्र यादव मजदूरी कर घर आया और खाना खाकर सो गया। चोर घर के बगल के दिवाल के सहारे छत पर चढ गये। सीढ़ी के रास्ते आंगन में उतर गये। गृहस्वामी के घर की कुंडी बाहर से लगा दिया। दूसरे घर में रखे बक्से को निकाला और बाउंड्री में बक्सा खोलकर सारा सामान निकाल लिया। चोर जाते समय घर के बाहर रखे साइकिल को उठाकर लेते गये। वही मोबाइल के खोल को फेंक दी।

# संत पॉल स्कूल में स्वच्छता जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के प्रबंधन द्वारा भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं की अलग-अलग टोली बना कर स्वच्छता जागरुकता अभियान कार्यक्रम रखा गया। जिसके अंतर्गत तेघड़ा अनुमंडल बाजार के सड़क को सफाई करते हुए रास्ते में स्थित मंदिर, मस्जिद एवं सार्वजानिक स्थलों का सफाई कर भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान में सहयोग के लिए लोगों से अपील भी की। बताते चलें कि इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा स्वच्छ परिवेश, स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ माहौल में ही अच्छे चित्त, अच्छे मन और अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना की जा सकती है और अच्छे स्वास्थ्य से अच्छी शिक्षा और और अच्छे संस्कार की।वही विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ ने कहा स्वच्छता में सुधार के माध्यम से ही सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। बेहतर स्वास्थ्य से बेहतर समाज और बेहतर राष्ट्र की कल्पना कर सकते है। देश को खुले में शौच से मुक्त करना और हर घर में शौचालय की सुविधा प्रदान करना।

# 'भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका' विषय पर संगोष्ठि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मिल्लत कॉलेज दरभंगा में 'भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका' विषय पर बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं।पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संघर्ष की स्थिति में भारतीय महिला सैन्य पदाधिकारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा देश का मस्तक ऊंचा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने लड़कियों को 35% का आरक्षण देकर तथा विभिन्न प्रकार का स्कॉलरशिप प्रदान कर साथ ही महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से राशि प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने आशा प्रकट की कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से जो निष्कर्ष सामने आएगा वह महिलाओं की स्थिति को और भी सशक्त बनाने का कार्य करेगी।

कुलसचिव डॉक्टर दिव्या रानी हंसदा ने नारियों की सबलता और कर्तव्यनिष्ठता पर बल देते हुए कहा कि नारी अब अबला तथा बेचारी नहीं है तथा अब वह लगातार आगे बढ़ रही हैं। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह ने गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ ही अल्लामा इकबाल की शायरी का जिक्र करते हुए कहा कि यह सेमिनार बहुत ही बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा इंग्लैंड, फ्रांस सहित कई देशों के विद्वान जुड़ रहे हैं। मिल्लत महाविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक हाशमी ने अपने वक्तव्य में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' का उल्लेख करते हुए देश के विकास में नारियों की सहभागिता की बात कही। सेमिनार की स्मारिका का विमोचन कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी तथा सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया। विषय प्रवर्तन कराते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर सोनी शर्मा ने वैदिक काल से आज तक की महिलाओं की भूमिका की विशद् चर्चा की ।मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा जबकि धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉक्टर शाहनवाज आलम ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर एम.सी मिश्रा, डॉ ए. एस. जिलानी, डॉ अब्दुर राफ़े, डॉक्टर कीर्ति चौरसिया, डॉ मुन्ना शाह, डॉक्टर सुनीता झा, प्रोफ़ेसर इफ्तेखार अहमद। आनलाइन में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनके चेयरपर्सन थे डॉक्टर मुदस्सिर हसन भट्ट, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर कीर्ति चौरसिया, डॉक्टर जमशेद आलम। डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी की अध्यक्षता में समापन सत्र का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डी.बी.के.एन कॉलेज नरहन, समस्तीपुर के प्राचार्य आदित्य चंद्र झा थे।

# उद्योग विभाग और खादी ग्रामोद्योग ने लगाया पूजा पंडालों के समीप स्टॉल

## तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों को किया जाएगा पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र तथा खादी और ग्रामोद्योग के सहयोग से इस बार नई पहल करते हुए स्वदेशी अपनाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पर्व के तहत स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ के नारों के साथ दुर्गा पूजा के अवसर पर पंडालों के समीप स्टॉल लगाकर खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित वस्त्र, उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पाद, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट का उत्पाद डिस्काउंट दर पर बिक्री किया जा रहा है। इसको लेकर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र निखिल कश्यप ने स्टालों का निरीक्षण शनिवार को किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग का उद्देश्य है कि बिहार की संस्कृति, परम्परा एवं स्थानीय कला को लोगों तक पहुंचाया जाए तथा 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को और मजबूत बनाया जाए। दुर्गा पूजा में इस बार अलग-अलग पूजा पंडालों में विभाग की ओर से स्टॉल लगाये गए है। इन स्टॉलों में बिहार और भारत की विरासत से जुड़े हैण्डमेड (हस्तनिर्मित) प्रोडक्ट्स और परंपरागत सामान प्रदर्शित किये जा रहे है। इससे न सिर्फ लोगों को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी मिलेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि पंडालों में बिहार और भारतीयता की विरासत एवं परम्परा के प्रदर्शनी के आधार पर जिसमें बिहार की स्मृति, संस्कृति और परम्परा को प्रदर्शित किया गया हो वैसे तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 एवं तृतीय पुरस्कार 5,000 दिया जाएगा। आरा के बाजार शो रुम स्थित पुराना होमगार्ड कार्यालय के पास, स्टेशन रोड सरकारी बस स्टैंड के पास और जगदेव नगर में उद्योग विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया है। जो दो अक्टूबर तक संचालित रहेगा, यहां खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों और उद्यमियों से आमजनों को प्रोडक्ट्स की जानकारी देते रहने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यह पहल न केवल त्योहारों की रौनक बढ़ायेगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्योगों को भी नई पहचान दिलाएगी। मौके पर उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग पदाधिकारी उदय शंकर दुबे, प्रधान लिपिक अखिलेश, डीआरपी सौरभ, अनुराग, एमएसएमई मित्रा बंटी और नीरज समेत, विशाल आदि मौजूद थे।

# लहेरिया पोखर के पास बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

## दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ के लहेरियापोखर बजरंगबली मंदिर के पास कुछ लोगों ने स्टेशन बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे पंडारक के ग्वासा शेखपुरा गांव निवासी पप्पू कुमार के साथ मारपीट कर लूटपाट की। बदमाशों ने सोने की चेन और 5000 रुपए लूटने के बाद बाइक भी छीनने की कोशिश की जिसमें कामयाब नहीं हो सके। पीड़ित पप्पू कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बाढ़ स्टेशन बाजार से घरेलू सामान खरीद कर अपने घर बाइक से लौट रहा था। लहरियापोखर के पास जब वह पहुंचा तो चार लोगों ने उसकी बाइक को रोक कर अचानक हमला कर दिया। पिस्तौल दिखाकर धमकी भी दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी भाग निकले। इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस नामजद अपराधियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ पुलिस दशहरा पर्व के अवसर पर बेहतर सुरक्षा इंतजाम का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर मुख्य सड़क लूटपाट की वारदात धड़ल्ले से हो रही है।

## एक नजर

### रोगी कल्याण समिति की बैठक

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना एवं जिला स्वास्थ्य समिति भोजपुर आरा के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा में गठित रोगी कल्याण समिति के गठन के बाद शनिवार को पहली बैठक हुई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति बड़हरा मोहित भारद्वाज और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति बड़हरा डा अरविंद कुमार मौजूद थे। सीएचसी बड़हरा के सभागार में 6 सदस्यों साथ बैठक हुई। बैठक में बबुरा के रिंकी देवी व संजय पासवान, केवटिया के नागेंद्र सिंह, रामपुर के रविंद्र कुमार पासवान और पड़रिया के सीमा देवी कल्याण समिति के सदस्य शामिल थे। इस पहली बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्यों का परिचय हुआ। उसको बाद विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उसके बाद अगली बैठक का शुभकामना देते हुए सम्पन्न किया गया।

### नाव दुर्घटना से बचाव की दी गई जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी दी गई। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि बरसात में उफनायी नदियों में नाव डूबने की दुर्घटना में बहुमूल्य जिंदगियां चली जाती है।इन्हें रोका जा सकता है,यदि हम नाव दुर्घटना से बचने का उपाय कर ले। नाव चलने से पहले देख लें कि लदान क्षमता दर्शाने वाला सफेदपट्टी का निशान डूबा तो नहीं है, ओवर लोडेड तो नहीं है। यदि ऐसा है तो तुरंत उतर जाएं। जब बारिश हो रही हो तो नाव की यात्रा न करें, छोटे बच्चों को अकेले नाव की यात्रा न करने दे, जर्जर टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें यह जानलेवा हो सकता है। नाव पर मवेशी आदि नहीं ले जाना चाहिए, नाव पर चढ़ते उतरते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावे पानी में डूबने से होने वाले खतरे के बचाव को लेकर बोलते हुए उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब जाय तो तत्काल उसे पूरी सावधानी के साथ पानी से बाहर निकालें व प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल पहुंचाए। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, रईस उद्दीन, विश्वनाथ, शिक्षक अजनीश, अमर शंकर, शानू, पूनम, नितेश, प्रभात, सुमन आदि मौजूद थे।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के समसा पंचायत के जीतपुर से एक वांछित को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में भेज दिया है। गिरफ्तार वांछित ललित नारायण मिश्रा का पुत्र जय कृष्ण मिश्रा उर्फ झा जी है। वह थाना कांड संख्या 102/25 का प्राथमिकी नामजद अभियुक्त है। उस पर आद्रा भवन के सामने पोखर के समीप बांसबिट्टी के समीप 20 मई को पुलिस पर हमला किया था। वह चार महीने से फरार चल रहा था। इस गिरफ्तारी में एसएचओ राजीव कुमार रंजन, एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पोर्टल पर प्रकाशन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के भुगतान के एनआईसी पोर्टल पर प्रकाशित कर दी गई है।सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पेंशन नेहा कुमारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर एनआईसी पोर्टल के साथ साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वे भी अपने अपने प्रखंडों के तकनीकी त्रुटियां से लंबित लाभार्थियों की सूची सूचना पट पर प्रदर्शित करें। साथ ही पंचायत में भी इसकी सूचना प्रदर्शित करें।उन्होंने बताया कि इसके लिए एक अभियान के तहत कैंप मोड में सभी तकनीकी कारणों से त्रुटिपूर्ण लाभार्थियों के दस्तावेज को विवरण का संशोधन कर उन्हें पेंशन से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही लंबित पेंशन का भी भुगतान भी कराया जाएगा। सहायक निदेशक ने लाभार्थियों से भी अपील की है कि जिनका-जिनका पेंशन लंबित है, वह अपने प्रखंड कार्यालय जाकर सुधार कारण ताकि उनका पेंशन प्रारंभ किया जा सके।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक भूमि विवाद का नया मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा एक भी पुराने मामले का निष्पादन नहीं किया गया। दर्ज किये गया मामला हसनपुर बागर की यात्री देवी व मोहन चौधरी वगैरह के बीच आपसी बंटवारा से संबंधित विवाद है। जनता दरबार में कुल 13 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताध्ती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख तय की गयी।मौके पर आर ओ लबली कुमारी, अमरजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह तथा फरियादी आदि मौजूद थे।

### पांच आरोपित गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को अलग अलग मामले के पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि थाना कांड संख्या 408/25 में थाना क्षेत्र के मसुदनपुर वार्ड 8 निवासी कमल किशोर चौधरी के पुत्र सुमन कुमार व अमन कुमार विमल किशोर चौधरी के पुत्र निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग जाने के क्रम में पुलिस के द्वारा समझाने पर पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है। जबकि कांड संख्या 176/15 में वारंटी लखमिनिया निवासी झब्बू सोनार के पुत्र गरीब साह सोनार एवं कांड संख्या 217/07 में स्थाई वारंटी राहतपुर निवासी मदन सिंह के पुत्र शालू सिंह उर्फ शैलेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को न्याययिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बच्चे को बचाने में युवक डूबा

**डंडारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के कटहरी गांव में शनिवार को गांव के ही डमुर सोती में एक बच्चे को बचाने के चक्कर में युवक स्वयं डूब गया। डूबे हुए युवक की पहचान कटहरी गांव निवासी मो. इब्राहिम के 19 वर्षीय पुत्र मो. इंदास उल्लाह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डंडारी थाना के एसआई मो. फिरोज खान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस अधिकारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा। लेकिन परिजनों के द्वारा पोस्टमार्म कराने से इनकार कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि परोस का ही एक बच्चा पंचायत भवन के पीछे स्थित पानी से भरे डमुर सोती में स्नान कर रहा था, इसी दौरान बच्चा डूबने लगा। बच्चे को डूबते देख मो. इंदास बच्चे को किनारे की ओर धकेल कर बचा तो दिया परंतु वह स्वयं गहरे पानी में फंस कर डूब गया। डूबे युवक की शव को ग्रामीणों ने बाहर निकाला तो परिजनों में कोहराम मच गई। मृत युवक के पिता मो. इब्राहिम, माता गजला प्रवीण गहरे सदमे में हैं। वहीं दूसरी ओर पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पंचायत के मुखिया मो. अहसन, प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद, पैक्स अध्यक्ष मो. परवेज आलम, मो. अरशद सहित ग्रामीणों की भीड़ पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में जुटे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### परिजनों ने हॉस्पिटल में हंगामा कर किया भारी नुकसान : डॉ तबरेज अजीज



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किडनी में पथरी के ऑपरेशन के बाद युवक की हुई थी मौत। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगा रहे हैं आरोप। युवक की मौत के बाद परिजनों ने रहमानिया मेडिकल सेंटर में हंगामा और तोड फोड किए। वही रहमानिया मेडिकल सेंटर के डॉक्टर तबरेज अजीज ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के डॉक्टर अमित कुमार के देखरेख में हुई है ऑपरेशन। अस्पताल में परिजनों के द्वारा भारी नुकसान किया गया है। कई डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। युवक के मौत के बाद लगभग 300 लोग इकट्ठा हो गए। रात भर हंगामा करते रहे। जो भी प्रोटोकॉल है उसके हिसाब से इलाज किया गया था। हम लोग पेशेंट को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं जिससे पेशेंट ठीक हो जाए। बहुत सारे लोग ठीक भी हुए हैं। इलाज के क्रम में पेशेंट को जो भी प्रोटोकॉल होता है उसको किया जाता है। साथ ही बताया कि परिजनों के द्वारा हॉस्पिटल का ग्लास तोड़ दिया गया। टीवी का स्क्रीन कंप्यूटर तोड़ दिया गया। परिजनों के द्वारा यहां तक आईसीयू में भी हंगामा किया गया। वही मेरे अस्पताल स्टाफ के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

### आरजेडी के संभावित प्रत्याशी संतोष जायसवाल का आदापुर दौरा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की सत्ता को इस चुनाव में उलटने का काम करेंगे आरजेडी के तेजस्वी यादव , इनका नाम नहीं काम बोलता है कुछ ही दिनों में तेजस्वी के सरकार ने बिहार को नौकरी देकर देश में नाम कमाया, उक्त बातें रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के संभावित आरजेडी के प्रत्याशी संतोष कुमार जायसवाल ने आदापुर दौरे के दौरान कहीं , उन्होंने एक आरजेडी के कार्यकर्ताओं के समक्ष औरैया पंचायत के चमरहिया पोखरा पर चुनावी कार्यक्रम के सिलसिले में पहुंचे थे, सैकड़ों की तादाद में पहुंचे लोगों ने उनके बातों को समझा ,उनके द्वारा बताया गया कि हमारे गठबंधन से जो भी उम्मीदवार आयेगा उसे हमलोग मदद करेंगे, कार्यकर्ता के साथ साथ आम पब्लिक भी मौजूद थे, तेजस्वी यादव के किये गये सभी कार्यों को बारीकी से समझा या गया,साथ में रक्सौल अध्यक्ष सौरनजन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रोटरी बेतिया टाउन ने विद्यालय को उपलब्ध कराया कंप्यूटर सेट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब बेतिया टाउन के सदस्यों ने शनिवार को लिटरेसी प्रोजेक्ट के तहत चनपटिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लच्छू छापर को कंप्यूटर डेस्कटॉप सेट सौंपा। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मदन बनिक, इमानुएल शर्मा, अजय शर्मा, अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर शशिकांत शुक्ला सहित कई सदस्य मौजूद थे। विद्यालय परिसर में रोटरी क्लब के द्वारा पौधारोपण किया गया। उत्साहित स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस विद्यालय के प्राचार्य सच्चिदानंद ठाकुर ने इस दौरान अपने संबोधन में रोटरी क्लब बेतिया टाउन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा के उपलब्ध हो जाने से अब बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विवेकानंद की जीवनी से संबंधित पुस्तिका का भी वितरण किया गया। स्कूल में उपस्थित लगभग 400 छात्र-छात्राओं को अब विषयों की जानकारी लेने में आसानी मिलेगी।

### वार्ड सदस्यों ने दिया समाहरणालय पर धरना



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पांच सूत्री मांगो के समर्थन में शनिवार को जिला वार्ड सदस्य महासंघ के सदस्यों ने समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दीपक कुमार, छोटे श्रीवास्तव समेत अन्य ने मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नाली पक्कीकरण योजना के क्रियान्वयन के खाते में राशि हस्तांतरित करने, मुखिया के तर्ज पर मनरेगा कार्य के लिए वार्ड सदस्यों को पांच लाख तक का प्रशासनिक अधिकार देने, सांसद विधायक विधान परिषद के तर्ज पर वार्ड सदस्यों को भी पेंशन का लाभ देने, जल नल योजना में अनुरक्षकों का मानदेय 10 हजार रुपया प्रतिमाह करने तथा वार्ड सदस्यों को बैठने के लिए प्रखंड परिसर में एक वार्ड सदस्य सभागार का निर्माण करने कीमांग की। बाद में धरनार्थियों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा।

### मुखिया को पितृशोक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत के मुखिया संतोष कुमार साह के पिता राम नगीना साह का निधन शुक्रवार की देर शाम जीएमसीएच में हो गई। वे 80 साल के थे। सरपंच, हजारी शर्मा, पंचायत समिति दिलीप शर्मा, उप मुखिया इम्तियाज अहमद, वार्ड सदस्य शानू मिश्रा, रवि वर्मा, हजारी साह,शेख मसीहा,वार्ड प्रतिनिधि राजू यादव, अखिलेश पासवान, राजू साह समेत गाव व पंचायत के दर्जनाधिक लोगो ने सोनासती गांव के पश्चिम शमशान घाट पर पहुचकर मृतआत्मा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### बिना सत्यापन का नहीं जारी होगा प्रमाण पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र में बिना संबंधित हल्का के राजस्व कर्मचारी के सत्यापन के किसी का भी निवास, जाति, आय, नॉन क्रीमीलेयर व ईडब्ल्यूएस जैसे प्रमाण पत्र जारी नही होंगे। इसको लेकर अंचल प्रशासन सख्त हो गयी है। राजस्व अधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न अंचलों में विगत दिनों हुई गड़बड़ीयो को देखते हुए सभी कार्यपालक सहायकों को विशेष निर्देश दिया गया है। आरओ ने बताया कि प्रमाण पत्रों की वैधानिकता व पारदर्शिता के लिए आवश्यक कदम उठाना अनिवार्य है।

### छोटू ने उगला सौरव हत्याकांड का राज

**एक दूसरे की पत्नियों पर अभद्र टिप्पणी के कारण आवेश में हुयी हत्या**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना क्षेत्र के हरदिया निवार सौरव तिवारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य आरोपी छोटू दुबे ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथी सुधीर पांडेय के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार किया है। पूछताछ के दौरान छोटू दुबे ने बताया कि 18 सितंबर की रात वह और सुधीर पांडेय, सौरभ तिवारी को उसकी बहन के घर से बुलाकर लाए थे। तीनों घटनास्थल पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान सौरभ और सुधीर के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों ने एक-दूसरे की पत्नियों पर अभद्र टिप्पणी की, जिससे विवाद बढ़ गया। छोटू ने सौरभ को पकड़ लिया और सुधीर ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों आरोपी शव को घटनास्थल पर ही छोड़कर सुधीर पांडेय की स्कॉर्पियो गाड़ी से फरार हो गए। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लगातार छिपते रहे।

## आरकेवी विद्या मंदिर, में डांडिया एवं नवरात्रि समारोह का आयोजन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर से सटे बैरिया प्रखंड के राकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर में डांडिया एवं नवरात्रि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ माँ दुर्गा की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत देवी वंदना ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार पांडेय ने भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहने और परंपराओं को संजोकर रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और एकता का प्रतीक है। निदेशिका वाणी दास ने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकशिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें विनय कुमार सिंह, बब्लू कुमार, मंजीत कुमार, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, निरंश तमांग, ओमप्रकाश कुमार, मनीष कुमार, शिशिर कुमार अधिकारी, सुभाष कुमार, अनुपमा कुमारी एवं नेहा कुमारी विशेष रूप से सम्मिलित रहे।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा सामूहिक डांडिया नृत्य, जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षक और अभिभावक भी शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यालय और समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। यह डांडिया एवं नवरात्रि समारोह एकता, भक्ति और सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय संगम बनकर उपस्थित जनों की स्मृति में अमिट छाप छोड़ गया।

## तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का भाव है झिंझिया

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सांस्कृतिक उत्सव एवं परम्पराओं का वही महत्व है जो भारतीय संस्कृति का आधारभूत वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, रामायण, महाभारत आदि का है। सम्पूर्ण हिन्दू परंपरायें इन्हीं ग्रन्थों के आधार पर बनी है। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि ग्रामवचनं कुर्यात अर्थात गाँव की परंपराओं का अनुपालन करें। इसका कारण यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ दो तरह की शिक्षायें देतीं हैं- एक विचारात्मक और दूसरी व्यवहारात्मक। गाँव की माता-बहनें जो झिंझिया के रूप में परम्पराओं का पालन करतीं हैं, उसका संबंध शास्त्र से प्रत्यक्ष दिखाई नहीं पड़ता परन्तु यह परंपरायें किसी न किसी रूप में किसी न किसी शास्त्र के साथ संबद्ध अवश्य है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि जहाँ तक झिंझिया का संबंध है इस परंपरा की भी स्थिति लगभग ऐसी ही है। कालिक भेद के कारण उत्सवों का स्वरूप बदल जाया करता है। वैदिक मंत्रों में दीप एवं प्रकाश को अंधकार,माया एवं राक्षसी वृत्तियों को खत्म करने का साधन माना गया है जिसके प्रभाव से पौराणिक काल में नवदुर्गा के प्रसंग में नवरात्र के समय पूजा की परंपरा से संबंधित अनेक प्रकार की देश,काल, परिस्थिति के अनुसार परंपरा देखने में आती है।

# स्वस्थ महिला है सशक्त परिवार की नींव: सिग्रीवाल







**नेत्र परीक्षण से लेकर दवा वितरण तक, एकमा में आयोजित हुआ व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर ● ग्रामीण महिलाओं को मिला बड़ा सहारा, स्वास्थ्य जांच व निःशुल्क चश्मा वितरण ● स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित**

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के परिसर में शनिवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की नींव रखती है। महिला और बेटियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आज की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य सुधार योजनाओं की चर्चा करते हुए लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। वहीं सांसद के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के बीच स्वास्थ्य व जीवन रक्षक दवाओं से भरी किट का वितरण किया गया। वहीं जच्चा-बच्चा कट एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध नहीं रहने एवं कार्यक्रम के दौरान लाउड स्पीकर व माईक के नहीं लगाए जाने पर नाराजगी जताई गई। कार्यक्रम में भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय, बलवंत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रुपेश कुमार सिंह, विकास मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, जितेंद्र कुमार सिंह, विजय देशबंधु पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, कमलेश सिंह, संजय तिवारी, मंटू बाबा आदि अन्य नेताओं व कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार, डॉ. इरफान अहमद, डॉ विवेक कुमार प्रसाद, डॉ अमरजीत सिंह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहीद अख़्तर, बीसीएम प्रियंका कुमारी, परवेज अख्तर, मुन्ना मांझी, जयराम तिवारी, शाहिद अहमद सहित कई चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय व सराहनीय भूमिका निभाई। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने बड़ी संख्या में आयीं महिलाओं, बेटियों व छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। खासकर रक्त जांच, नेत्र परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पूर्व से हुए नेत्र परीक्षण के आधार पर पटना से मंगाए गए तैयार चश्मों का निःशुल्क वितरण लाभुकों के बीच किया गया। बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाओं व छात्राओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को संतुलित आहार, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, बच्चियों की शिक्षा व स्वच्छता के महत्व पर भी जागरूक किया। महिलाओं के बीच परिवार नियोजन अपनाने व जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से परिवार नियोजन किट का वितरण किया गया।

**धूमधाम से मनाया जाएगा बापूधाम महोत्सव- 2025**


## 2 अक्टूबर को सम्मान समारोह के साथ महोत्सव का होगा शुभारंभ



**सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महोत्सव में रहेगी धूम**
**भजन सम्राट अनूप जलोटा एवं बॉलीवुड गायक अंकित तिवारी महोत्सव में देंगे अपनी प्रस्तुति**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद, पूर्वी चंपारण राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार,जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ परिसदन मोतीहारी में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 02 अक्टूबर से 04 अक्टूबर तक बापूधाम महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया और कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। बापूधाम महोत्सव का शुभारंभ 02 अक्टूबर को 10:00 बजे पूर्वाहन में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सम्मान समारोह के साथ की जाएगी, जिसका आयोजन गांधी स्मारक मोतिहारी में किया जाएगा। 02 अक्टूबर को ही 3:00 बजे अपराह्न सांसद खेल महोत्सव समापन समारोह का आयोजन गांधी मैदान मोतिहारी में किया जाएगा। 02अक्टूबर को ही अपराह्न 7:00 बजे से गांधी स्मारक मोतिहारी में स्थानीय कलाकारों का सम्मान समारोह रखा गया है। महोत्सव के दौरान 3 अक्टूबर 2025 को संध्या 5:00 बजे स्थानीय कलाकार गांधी मैदान में अपनी प्रस्तुति देंगे। उसके पश्चात अपराह्न 7:00 बजे से ख्याति प्राप्त भजन सम्राट अनूप जलोटा की प्रस्तुति कराई जाएगी। 04 अक्टूबर को गांधी मैदान में अपराह्न 5:00 बजे स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। अपराह्न 7:00 बजे प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अंकित तिवारी की प्रस्तुति होगी उसके पश्चात महोत्सव का समापन होगा।सांसद राधा मोहन सिंह, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव,उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री श्वेता भारती, पुलिस उप अधीक्षक दिलीप कुमार के द्वारा कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण किया गया।

## विश्व फार्मेसी दिवस पर सिकारिया फार्मेसी कॉलेज द्वारा निशुल्क जांच शिविर आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व फामेर्सी दिवस एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर सिकारिया फामेर्सी कॉलेज के द्वरा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शुक्रवार को चरखा पार्क में किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह,युवा भाजपा नेता यमुना कुमार सिकारिया,उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता एव कॉलेज के प्रिंसिपल प्रीति दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पहले सासंद राधामोहन सिंह का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय लोगों को नि शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।शिविर में आस-पास के मोहल्ले के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही रोगियों को निशुल्क दवा दिया गया।डॉक्टरों ने रोगियों की जांच करते हुए उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता,पोषण और फिटनेस से संबंधित उपयोगी सलाह दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधामोहन सिंह कहा कि श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी जी की जन्म जयंती तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में हम लोग मना रहे हैं । सौभाग्य से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती भी है। इसी को लेकर यहां पर एक बड़ा कैम्प लगाया गया । जिसमे लोगो का इलाज हो रहा है। यह कार्यक्रम सिकारिया फामेर्सी कॉलेज के 50 डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। हम इस कॉलेज और इसके संचालक को और यमुना सिकारिया जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। वही भाजपा नेता यमुना कुमार सिकारिया ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म जयंती के साथ साथ विश्व फामेर्सी दिवस के अवसर पर मेरे सिकारिया फामेर्सी कॉलेज के द्वारा नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि एक समय था 2014 के पहले जो बिहार में सिर्फ पांच फामेर्सी के कॉलेज हुआ करते थे लेकिन अब सौ पार हो गई है। यह नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों का देन है।

## मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत रोजगार तलाश करने हेतु भत्ता का लाभ दिया जायेगा




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सात निश्चय अंतर्गत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना वर्ष 2016 से प्रारंभ की गई है, जिसके तहत पूर्व से इंटर (12वीं) उत्तीर्ण युवक / युवतियों को रोजगार तलाश करने हेतु भत्ता का लाभ दिया जा रहा है। अब उक्त योजना के तहत 20-25 वर्ष के आयु वर्ग में आने वाले वैसे युवक / युवत्तियाँ जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों से स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण हों, एवं स्वरोजगार / सरकारी/निजी / गैर सरकारी नियोजन (अनुबंध / स्थायी /अस्थायी रूप से) प्राप्त नहीं किये है, कहीं अध्ययनरत नहीं है तथा रोजगार की तलाश कर रहे है, को भी 1000/- रुपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम 02 वर्षों तक इस योजना का लाभ देय होगा। इस योजना के तहत स्नातक उर्त्तीण युवक / युवतियों जो स्वयं सहायता भत्ता की राशि प्राप्त करेंगे उनको रोजगार / स्वरोजगार के लिए क्षमतावर्धन हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद अस्पताल में बवाल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के पकड़ी ढाला गांव के पास बाइक की ठोकर से एक महिला बुरी तरह से जख्मी हो गयी।स्थानीय ग्रामीणों व महिला के परिजनों ने घायल महिला को अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृत महिला की पहचान डीके शिकारपूर गांव निवासी कुंती देवी के रूप में की गई है।अस्पताल द्वारा मृत महिला को एम्बुलेंस से घर भेजा जाने लगा।किन्तु महिला के परिजनों में महिला को जिंदा बताया गया। हो हल्ला पर डॉक्टर संतोष कुमार ने दोबारा महिला की जांच की और महिला को दुबारा भी मृत बताया। जिसपर महिला के परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गये और चिकित्सक डॉ संतोष कुमार की पिटाई कर दी। उसके बाद डॉक्टर व उसके सहयोगियों ने पुलिस के सामने ही एक ग्रामीण मो शमशाद आलम की जमकर पिटाई कर दी। उसका सिर फोड़ दिया गया। वही इस घटना के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप हो गयी है। जिससे मरीजो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वही शिकारपूर पुलिस ने दोनो पक्षो को समझाकर मामला शांत करा दिया। किन्तु अस्पताल के डॉक्टरों ने सामूहिक हड़ताल पर चले गये। दोनो पक्षो के बवाल के चलते अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल रहा और पुलिस मामले को शांत कराने में जुटी रही।प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि दोनो पक्षो को समझाकर शांत करा दिया गया है।

## सांसद ने किया 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार का स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, एक देशव्यापी स्वास्थ्य पहल है, जिसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने जन्मदिन 17 सितंबर को शुरू किया है। यह अभियान पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। पोषण माह के अंतर्गत आयोजित यह माहभर चलने वाला अभियान पोषण के प्रति जागरूकता को समर्पित है। यह अभियान मजबूत परिवारों और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इस अभियान की गतिविधियों का उद्देश्य है। महिलाओं, किशोर लड़कियों और बच्चों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना। संचारी और गैर-संचारी रोगों के लिए जाँच की सुविधा देना। पोषण और स्वच्छता पर स्वास्थ्य परामर्श और जागरूकता सत्र आयोजित करना। टीकाकरण और बच्चों के स्वास्थ्य कवरेज को मजबूत करना। देश भर में व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करना। यह अभियान समुदायों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति-निमार्ताओं को एकजुट करता है, ताकि वे इस सपने को साकार करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकें। इस स्वास्थ्य शिविर में रक्सौल विधायक प्रमोद सिन्हा के साथ अनुमंड अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधिक्षक डा. स्वाति सपन, भाजपा रक्सौल के सांगठनिक जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय भी साथ थे।

# स्वीप कोषांग की पहल पर कॉलेज में चला विशेष जागरूकता अभियान

**छात्रों ने भाषण, संकल्प और सेल्फी से दिया मतदान का संदेश**




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्वीप कोषांग द्वारा आज रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय बेतिया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैम्पस एम्बेसडर पप्पू कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान का संकल्प दिलाया। उसके बाद मेरा वोट- मेरा अधिकार विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति जाहिर करते हुए कहा कि मेरा वोट- मेरा अधिकार तो है ही, साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए हरेक नागरिक की जिम्मेदारी भी है, कि वें मतदान अवश्य करें।वही फर्स्ट टाइम वोटरों ने कहा कि हमलोग काफी उत्सुक है और प्रसन्न है कि जीवन में पहली बार मतदान करने वाले हैं। मतदान के बाद उंगली पर लगे मतदान के खूबसूरत निशान के साथ हम खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे, और शान से कहेंगे, हमने भी लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया है। आप सभी मतदाता भी अवश्य मतदान करें।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रो॰ अभय कुमार ने कहा स्वीप के तहत बहुत ही बेहतरीन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इससे महाविद्यालय के युवा वोटर प्रेरित होंगे और अन्य मतदाताओं को भी जागरूक बनायेंगें। महाविद्यालय स्तर से मतदाता जागरूकता अभियान व्यापक रूप से चलाया जाएगा। जिसमें कैम्पस अम्बेसडर, एन॰ एस॰ एस॰, एन॰ सी॰ सी॰ कैडेडट्स के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्राचार्य श्री कुमार ने भाषण प्रतियोगिता के विजेता साबिर अहमद, प्रथम स्थान, आयुषी कश्यप, द्वितीय स्थान और डेजी खातून, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत किया। साक्षरता क्लब के नोडल प्रभारी प्रो॰ डॉ॰ प्रकाश कुमार राय एवं डॉ शशिकांत यादव एन॰ एस॰ एस॰ के कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि रैली, प्रभातफेरी, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्याख्याताओं, कर्मियों सहित छात्र- छात्राओं ने सेल्फी लेकर मतदान का संदेश दिए।इस अवसर पर मेरी आडलीन ने कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी हो, इसके लिए विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। युवा वोटरों को मतदान की महत्ता बताकर, मतदान के लिए जागरूक बनाया जा रहा है।इस अवसर पर जिला स्वीप कोषांग के सदस्य रामएकबाल, राजीव रंजन कुमार, संजय कुशवाहा, रानी कुमारी, जुलुम साह, नंदू महतो सहित महाविद्यालय के व्याख्याता प्रो॰ पुष्पेन्द्र कुमार, डॉ आलोक कुमार, डॉ लालजी यादव, डॉ रविन्द्र साहाबादी, प्रो॰ सुरेश कुमार, प्रो॰ स्नेहा कुमारी, प्रो॰ कुमारी गीतांजलि सहित सैकड़ों छात्रा- छात्र उपस्थित हुए।

## हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व दुश्मनी को लेकर दो वर्ष पूर्व एक दिव्यांग की ट्राई साइकिल से खींचकर उसकी हत्या करने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमलेंदु कुमार ने एक अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा उसके ऊपर बीस हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है । अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सजायाफ्ता अवध किशोर महतो उर्फ मंजय चनपटिया थाना क्षेत्र के गिद्दा गांव का रहने वाला है ।अपर लोक अभियोजक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि घटना 19 अगस्त वर्ष 2023 की है। घटना की तिथि को शाम में पैर से विकलांग नगीना महतो अपने ट्राई साइकिल से गांव में घूमने निकला था। जो रात तक घर वापस नहीं आया। घर वाले उसकी काफी खोजबीन करने लगे। खोजबीन के क्रम में पता चला कि ग्रामीण अवध किशोर महतो उसे अपने बाइक पर बैठा कर लेते गया है। दूसरे दिन सुबह में गांव के सैफुद्दीन मियां के घर पर उसका ट्राई साइकिल देखा गया। खोजबीन के क्रम में एक धान के खेत से नगीना महतो का शव बरामद किया गया। जिसका एक आंख फोड़ दिया गया था तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर धान के खेत में रख दिया गया था। इस मामलों को लेकर मृतक की पत्नी फूल कुंवर देवी ने अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व दुश्मनी को लेकर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अवध किशोर महतो के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराया था।

# असक्षम कैदियों को प्राधिकार उपलब्ध कराएगा अधिवक्ता : तान्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनुमंडलीय कारा दाउदनगर का जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। कारा में निरीक्षण के दौरान कारा में पदस्थापित जेल अधीक्षक अमित कुमार राय उपस्थित रहे। सचिव तान्या पटेल द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरांत कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के संबध में पूछताछ किया तथा सभी कैदियों को कहा गया कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है



तो जेल में प्रतिनियुक्त जेल भ्रमण अधिवक्ता अथवा कारा प्रशासन से उसे अग्रसारित कराते हए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में भेजें जिससे कि पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इसी क्रम में बरसात के मौसम को देखते हुए मौसम आधारित बीमारियों से बचाव तथा मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश देते हुए संबधित बीमारियों हेतु प्रचुर मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश कारा प्रशासन को दिया तथा जेल में मिलने वाले खाने को मेनू के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया ताकि बंदियों के बीच असंतोष की भावना के साथ-साथ उन्हें भोजनजनित बीमारी न हो। सचिव द्वारा सभी कैदियों से उनके अधिवक्ता के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया तथा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सहायता की आवश्यकता रखने वालो के लिए उन्हें मुफ्त पैनल अधिवक्ता की सेवा मुहैया करायी जाती है। कुछ ऐसे कैदी मिलें जिन्हें विधिक सहायता के अंतर्गत पैनल अधिवक्ता की सेवा चाहिए। उन्हें सचिव द्वारा पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताएं , साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बताएं।

## फर्नीचर दुकान से 70 हजार नकदी सहित 30 हजार का सामान चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना मुख्यालय के रफीगंज रोड स्थित एक फर्नीचर दुकान से 70 हजार नकदी समेत तीस हजार का सामान अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। शनिवार को जानकारी देते हुए पीड़ित दुकानदार गोह थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी पिंटु शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की संध्या करीब 6:30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था, अगले दिन सुबह करीब 9:00 बजे दुकान खुला तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, तथा ऊपर में अल्वेस्टर टूटा हुआ था, दुकान का गोदरेज खोलकर देखा तो 70 हजार नकदी तथा तीस हजार का हार्डवेयर के सामान गायब है। जिसकी तत्काल सुचना गोह पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामले में थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित दुकानदार द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन मिली है, छानबीन कर जा रही है। एक सप्ताह के भीतर तीन जगहों पर चोरी की घटना से लोग दहशत में हैं।

# डूबने से 19 वर्षीय किशोरी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलटु बिगहा गांव में उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब गांव के ही जयराम पंडित की 19 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी का शव दरधा नदी में तैरते हुए मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खुशबू कुमारी 22 सितम्बर की शाम से ही गायब थी, घर वाले काफी खोजबीन कर रहे थे, जिसकी सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को भी दी गई थी। इस संबंध में मखदुमपुर थाना में गुमसुदी का मामला भी दर्ज कर लिया गया था। वहीं शनिवार के दिन गांव के ही नदी में कुछ ग्रामीण अपने मवेशी को धोने गए तो नदी में शव तैरता हुआ दिखा। लोगो द्वारा हल्ला किये जाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस सहायता वाहन 112 पर दिया, जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दलबल के साथ मखदुमपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। उन्होंने बताया कि शव चार- पांच दिनों तक पानी मे रहने के कारण छत-विछत की स्थिति में हो गया है। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। मृतका के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका अपने मां-बाप की एकमात्र संतान थी जिसके गुजर जाने के बाद उनके घर में अंधकार छा गया है।

# दुर्गापूजा के सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनित कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र में जहानाबाद जिले की शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी शांति समिति सदस्यों एवं जिलेवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। बैठक में जिला पदाधिकारी ने शांति समिति/दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से अपील किया कि जिन लोगों ने पूजा पंडाल के लिए अनुज्ञप्ति आवेदन दिया है, वे अपने पंडाल के दस-दस कार्यकर्ताओं के नाम और आधार संख्या उपलब्ध कराएं, ताकि अनुज्ञप्ति निर्गत की जा सके। इसके साथ ही प्रत्येक पंडाल के लिए एक सदस्य को नोडल पूजा पंडाल/नोडल पूजा समिति के रूप में नामित करने एवं उसका नाम, पता और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकथाम के लिए एक समन्वय समिति गठित की गई है, जिसमें कार्यपालक अभियंता (नगर परिषद), कार्यपालक अभियंता (भवन एवं विद्युत), एवं जिला अग्निशामक पदाधिकारी शामिल हैं। बैठक में यह भी आश्वस्त किया गया कि सभी पंडालों में प्रकाश, साफ-सफाई और सड़क मरम्मती की समुचित व्यवस्था की जा रही है। रेलवे अंडरपास और राजा बाजार सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पानी की निकासी की नियमित व्यवस्था की जाएगी।ठाकुरबाड़ी में केवल दो झूलों को अनुज्ञप्ति दी गई है, जिनमें प्रत्येक में दस बच्चों से अधिक क्षमता नहीं होगी। किसी अन्य स्थान पर झूला पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि दशहरा के अगले दिन मूर्ति विसर्जन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं, लाइटों की मरम्मत और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त लाइटिंग की जा रही है। महत्वपूर्ण स्थलों के लिए मेडिकल टीम और चलंत शौचालय की व्यवस्था भी की गई है।

## दुर्गा पूजा में शांति बनाए रखने को लेकर पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आगामी दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को हसपुरा प्रखंड के विभिन्न मार्गों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने किया। उनके साथ डीसीएलआर प्रणव कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित एसआई अर्पिता प्रकाश, सुगंध कुमार, खुशबू कुमारी गुप्ता, मधु कुमार तथा दर्जनों पुलिस बल के जवान शामिल रहे। मार्च अमझरशरीफ से शुरू होकर हसपुरा बड़ी फील्ड, पटेल चौक, मेन बाजार होते हुए नरसंन तक निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से दुर्गा पूजा समेत अन्य धार्मिक आयोजनों में आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

# एएनएस महाविद्यालय में सेवानिवृत शिक्षकों व कर्मचारियों को दशहरा पूर्व आर्थिक सहयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय में अवकाश ग्रहण कर गये शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दशहरा के पूर्व आर्थिक मदद के रूप में चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव प्रोफेसर डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह ने शिक्षक डॉ रविन्द्र नाथ, प्रो प्रतिमा कुमारी, विजय कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, वालेश्वर मिस्त्री, रणजीत कुमार, अनिरुद्ध कुमार सहित सात कर्मियों को चेक प्रदान किया। महाविद्यालय के शासी निकाय के निर्णय के आलोक में शनिवार को लगभग छह लाख की राशि का चेक अवकाश प्राप्त कर्मियों को दिया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह ने उपस्थित कर्मियों को बताया कि महाविद्यालय अपने कर्मचारियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अल्प राशि प्रदान की है। इन्होंने कहा कि अवकाश कर गये कर्मियों ने जो सेवा दी है वह इस प्रदत्त राशि से श्रेष्ठ है। सरकार की उदासीनता और उनके छलावा में रहते हुए हमारे कर्मियों ने अपने सेवा बड़ी पवित्रता के साथ दिया। बिना वेतन के जीवन को शिक्षा के मशाल जलानें में समर्पित रखा। यह भी राष्ट्रीयता की भावना को प्रदर्शित करती है। इन्होंने याद दिलाया कि हमारा महाविद्यालय शासी निकाय के सदस्य और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से निरन्तर आगे बढ़ा है।अमर पुण्य आत्मा और महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्याम नारायण बाबू की सोच को आगे रखकर हम निरंतर विकास में लगे हैं और छात्रों के साथ कर्मियों के भविष्य की ओर भी हमारी नजर है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं में प्रो. डॉ रविन्द्र नाथ, प्रधान लिपिक अभयकुमार सिंह, विजय कुमार तथा अजय कुमार सिंह ने अपनी बातों को रखतें हुए महाविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना व्यक्त करते हुए सेवानिवृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को प्रदान किए गए आर्थिक सहायता के लिए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉ राम भवन शर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के सचिव ने दिया।

## विभिन्न प्रखंडों में जन-जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में जन-जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। मोदनगंज प्रखंड परिषद परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मोदनगंज द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं बल्कि सामूहिक उत्तरदायित्व है, जिसमें सभी नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। इसी क्रम में, मोदनगंज प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या- 97 पर मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मोदनगंज ने मतदाताओं को मताधिकार से संबंधित जानकारी दी तथा उन्हें आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

# स्नातक उर्तीण युवाओं की आर्थिक सहायता के लिए महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता

**योजना से जुड़े लाभार्थियों को मिलेगा 1000/- प्रतिमाह**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना अंतर्गत वर्ष 2016 से लागू मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ अब स्नातक उर्तीण युवक-युवतियों को भी उपलब्ध होगा।

इस योजना के तहत 20-25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवक-युवतियाँ, जो राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्थानों से कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से स्नातक उत्तीर्ण हों, तथास्वरोजगार/सरकारी/निजी/गैर-सरकारी रोजगार (अनुबंध/स्थायी/अस्थायी) प्राप्त नहीं किए हों, तथा वर्तमान में कहीं अध्ययनरत न हों और रोजगार की तलाश कर रहे हों, उन्हें 1000/- रुपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 2 वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाने हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह सारी प्रक्रिया जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र द्वारा की जाएगी । इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जहानाबाद जिला अंतर्गत इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। बताया गया कि यह योजना बेरोजगार स्नातक युवक-युवतियों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इच्छुक अभ्यर्थी समय पर आवेदन कर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

## एक नजर

### एसपी ने विशुनगंज थाना का किया औचक निरीक्षण

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नबिटा ब्यूरो।** शनिवार के दिन जिले के एसपी विनीत कुमार ने विसुनगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना परिसर में घूम घूम कर जायजा लिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बैरक, महिला पुरुष हाजत, शस्त्रागार का निरीक्षण किया। वही पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा को लेकर सतर्क रहने, पूजा पंडालो पर विशेष नजर रखने की बात कही है। वही एसपी ने उदेरस्थान बराज का भी जायजा लिया।मौके पर थानाध्यक्ष नीरज कुमार समेत सभी पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे। बताते चले की जिले के एसपी विनीत कुमार ने विसुनगंज थाने का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को कई आवश्यक निर्देश दिए।

### स्थानांतरण पर न्यायाधीश को दी विदाई

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** व्यवहार न्यायालय के जिला जज चतुर्थ न्यायधीश आंनद भूषण का न्यायिक अकादमी पटना में उपनिदेशक पद पर स्थानांतरित किए गए। जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह एवं पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बुके और न्यायलय से जुड़े फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके कार्यकाल में न्यायिक कार्यो की सराहना की। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि व्यवहार न्यायालय के कई प्रशासनिक कार्यो में न्यायाधीश आंनद भूषण का अहम योगदान रहा है। वे बार बेंच में मधुर संबध के हिमायती थे ।पूर्व में भी बिहार न्यायिक अकादमी में अपना योगदान दिए। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी आंनद भूषण ने कहा कि हमारे तीसरी कार्यकाल में छपरा, गया के बाद औरंगाबाद रहा। यहां के अधिवक्ताओं से अपेक्षित सहयोग मिला। सौहार्दपूर्ण वातावरण कार्य करने का अवसर मिला। यह सराहनीय है। ऐसे में हम चाहेंगे कि पुनः हमारी स्थानांतरण औरंगाबाद में हो।

### अंचल में जनता दरबार, भूमि विवाद से जुड़े पांच मामलों की हुई सुनवाई

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रफीगंज अंचल के सभागार भवन में शनिवार को अंचलाधिकारी भारतेन्दु की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से एक मामला नया था, जबकि शेष चार पूर्व से लंबित थे। सुनवाई के क्रम में द्वितीय पक्ष की अनुपस्थिति के कारण किसी भी मामले का निपटारा नहीं हो सका। अंचलाधिकारी ने सभी मामलों की अगली तिथि निर्धारित करने का आदेश देते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। अंचलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे भूमि संबंधी विवादों का निपटारा कानूनी और संवैधानिक तरीके से करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को त्वरित और निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। खासकर भूमि विवाद के मामलों में आपसी झगड़े से बचते हुए विधिक प्रक्रिया अपनाना ही उचित है। जनता दरबार के माध्यम से मामलों का ऑन स्पॉट निपटारा किया जाता है और इसमें किसी प्रकार की कोर्ट फीस भी नहीं लगती। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी विवाद को सुलह-सहमति और कानून के दायरे में रहकर निपटाया जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे। जनता दरबार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष शंभु कुमार, अंचल कर्मचारी दुर्गेश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, प्रेमशीला देवी, शिवनंदन प्रसाद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### दशहरा से पूर्व रफीगंज ओवरब्रिज जगमगाया

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा ब्यूरो।** दशहरा पर्व से ठीक पहले रफीगंज शहर का ओवरब्रिज रोशनी से जगमगा उठा। ब्लॉक के पास बने इस ओवरब्रिज पर शुक्रवार की शाम विद्युत प्रवाह होते ही ब्रिज सहित आसपास का इलाका रंगीन रोशनी से नहा गया। शाम ढलते ही रोशनी से सजे इस ओवरब्रिज की सुंदरता देखते ही बन रही थी। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण अभियान के तहत पहले ही मुख्य बाजार, शिवगंज बस स्टैंड, कासमा बस स्टैंड, तिवारी विगहा बस स्टैंड, डाकबंगला मोड़, महराजगंज मोड़, मुरली चौक, अब्दुलपुर, हाजीपुर सहित विभिन्न मोहल्लों और गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं। इसी कड़ी में ओवरब्रिज पर भी लाइट लगाने का कार्य दो महीने पूर्व शुरू हुआ था, जो करीब पंद्रह दिन पहले पूरा हो गया था। शुक्रवार को विद्युत प्रवाह मिलने के बाद लाइटें पूरी तरह चालू हो गई। उन्होंने कहा कि दशहरा जैसे बड़े त्योहार से पहले रोशनी से नहाया यह ओवरब्रिज शहर के आकर्षण और सौंदर्यीकरण में एक नया अध्याय जोड़ता है। लाइटों के उद्घाटन मौके पर पूर्व उपमुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, साजिद उर्फ टिंकू, युवा राजद नेता शाहनवाज हुसैन, सरफराज आलम उर्फ गोल्डन, विकास कुमार, अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान, तनवीर आलम सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पी. पी. एम.किड्स स्कूल में दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय शहरके सर गणेश दत्त नगर, राजा बाजार में स्थित पी.पी.एम. किड्स स्कूल के प्रांगण में दुर्गापूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव का विधिवत शुभारंभ लोक जनशक्ति पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पी. पी एम. स्कूल के निदेशक डॉ इंदु कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर किया । उन्होंने मां दुर्गा के नौ रूपो में आए नन्हे मुन्हें बच्चियों को माता दुर्गा का स्वरूप बताते हुए कहा कि मैं देवी दुर्गा के रूप में आप सभी बेटियों का अभिनंदन और वंदन करती हूं। उन्होंने कहा कि माता दुर्गा ने अपनी विभिन्न रूपों में महिषासुर, शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज सहित अनेकों राक्षसों का संहार किया था उस मातृशक्ति के विजय का सम्मान करती हूं,जो बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक है। इस दौरान सुंदर परिधानों में नन्हे- नन्हे बच्चे भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान एवं बच्चियाँ मां दुर्गा के नौ रूपो में बड़े ही मनमोहक दिख रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान सचमुच इन बच्चों के रूप में स्वर्ग से धरती पर उतर आए हैं। इस दौरान सभी बच्चे जय श्री राम के नारा लगाते हुए फेरी भी लगाते नजर आए। बच्चों में सद्भाव और भक्ति का भाव साफ तौर पर उनके चेहरे पर दिख रहा था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या नीतू कुमारी, जस्सी शर्मा, सुरुचि शर्मा, बीभवरी कुमारी, जयश्री कुमारी, शम्मी कुमारी, मुस्कान कुमारी जीनत की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

## परीक्षा फार्म शुल्क पर छात्रों से की जा रही थी अवैध उगाही, परिजनों ने उठाया सवाल

**गोह(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को गोह प्रखंड के बनतारा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में परीक्षा शुल्क के नाम पर अवैध राशि की उगाही का आरोप छात्र-छात्राओं व परिजनों ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका पुनम कुमारी पर लगाया है। इसका विरोध करने पर प्रधानाध्यापिका कहती हैं कि ज्यादा सवाल जवाब करोगे तो फार्म भरने से वंचित कर दिया जाएगा क्योंकि 75 प्रतिशत उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं है। वहीं दसवीं व बारहवीं के छात्र की शिकायत पर बनतारा निवासी साहिल खान उर्फ शेरू ने शिकायतकर्ता छात्रों को लेकर विद्यालय पहुंचे जहां प्रभारी प्रधानाध्यापिका से अवैध उगाही पर सवाल किया तो प्रभारी भड़क उठी।

# 28 सितंबरः विश्व रेबीज दिवस पर विशेष

रेबीज बीमारी एक वायरस के संक्रमण से होने वाले घातक बीमारी है जो मनुष्यों एवं जानवरों के लिए हमेशा घातक होता है। लेकिन बचाव पूरी तरह संभव है। यह बीमारी ज्यादातर कुत्तों के काटने या खरोचने के कारण होती है लेकिन बिल्ली, बंदर या अन्य जंगली जानवरों के द्वारा भी हो सकती है। यदि कोई भी जानवर असामान्य रूप से आपको काट देता है तो वह रेबीज हो सकता है क्योंकि सामान्यतः पालतू जानवर ऐसा नहीं करते जब तक कि वह संक्रमित न हो। यदि जानवर काट ले तो क्या करना चाहिए इस संबंध में जिले के महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक कुमार बताते हैं कि सबसे पहले घाव को साबुन और साफ बहते पानी से अच्छी तरह धोएं। घाव को खुला छोड़े, टांके या बैंडेज न लगाएं। वो आगे बताते हैं कि रेबीज के मामले में त्वरित उपचार बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में नजदीकी चिकित्सक से मिले और बचाव हेतु त्वचा या मांसपेशियों में टीके अवश्य लगवाएं । सामान्यतः मांसपेशियों में लगने वाले पांच टीके अथवा त्वचा के नीचे लगने वाले चार टीके चलन में है। घाव का उपचार चिकित्सक द्वारा जांच कर श्रेणी के आधार में किया जाता है। समय पर टीका लगाकर हम रेबीज जैसे जानलेवा बीमारी से खुद को बचा सकते हैं क्योंकि यदि हमने टीका नहीं लगाया और यदि हमारे शरीर में संक्रमण पहुंच गया तो 30 दिन से लेकर 6 साल के अंदर कभी भी हमें रेबीज के लक्षण दिखाई दे सकते हैं जैसे पानी से डर, बिजली या प्रकाश से डर, हवा से डर, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण आ सकते हैं जो लाइलाज है।

**रेबीज से बचाव के लिए क्या करें**

इस संबंध में डॉ आलोक कुमार बताते हैं कि ज्यादातर देखा गया है की आवारा कुत्ते छोटे बच्चों पर ज्यादा हमला करते हैं। समय-समय पर अपने पालतू जानवरों को नियमित एंटी रेबीज का टीका लगवाते रहे और हमेशा अपनी निगरानी में रखें। पालतू जानवर को किसी भी अज्ञात या आवारा जानवर के काटने की घटना होती है तो उसे तुरंत पशु चिकित्सालय लेकर जाएं और टीका लगवाएं। पंचायत या नगर पालिका के सहयोग से आवारा कुत्तों को रेबीज से बचाव के टीके लगवानी चाहिए।

**रेबीज से बचाव के लिए बरतें सावधानियां**

किसी भी अज्ञात आवारा जानवर को बेवजह छूने या पकड़ने की कोशिश ना करें। रेबीज के संक्रमण से जानवरों में इस प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं - जिसमें पहले जानवरों के व्यवहार में परिवर्तन हो जाना, कुत्ते के भौंकने की आवाज में बदलाव, बिना किसी कारण के उत्तेजित होना और काटना,पानी से डरना,मुंह से अत्यधिक लार का निकलना तथा झटके आना और 10 से 15 दिनों के अंदर मृत्यु हो जाना।

**टीका है आसान और सुरक्षित**

यदि आप पहले से एंटी रेबीज टीका लगवा चुके हैं और आपको जानवर फिर से काट दे तो आपको केवल प्रथम और तीसरे दिवस के टीके (0.5 एमएल मांशपेशियों में या 0.1 एमएल त्वचा में ) ही लगाने की आवश्यकता होगी लेकिन उक्त हेतु आपको पूर्व में लगे टीके का रिकॉर्ड/ स्लिप या डॉक्टर की पर्ची सम्भाल के रखना जरूरी है। जानवर हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग है हमें कोशिश करनी चाहिए कि उन्हें छेड़े ना, ना ही उन्हें परेशान करें।


समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला प्रोग्राम शाखा)

बिहार सरकार

E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

**सूचना**

एद्त द्वारा सूचित किया जाता है कि महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना से प्राप्त निदेश एवं **विज्ञापन संख्या–02/2024** वन स्टॉप सेन्टर, औरंगाबाद अंतर्गत रोस्टर अनुमोदित पद **यथा– केस वर्कर, बहुउद्धेशीय कर्मी/रसाईया एवं सुरक्षा प्रहरी/रात्री प्रहरी** संविदा आधारित पदों का अंतिम मेधा सूची जिले के NIC पोर्टल एवं वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय औरंगाबाद के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की गई है जिसे अवलोकान किया जा सकता है।

वेबसाईट–www.aurangabad.bih.nic.in/ Notice

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 016403 (SWD) 25-26

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–**2025/20** दिनांक– **27.09.2025**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**

**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2025 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

1. विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/13 दिनांक– 03.09.2025 एवं 2025/16 दिनांक– 12.09.2025 एवं 2025/18 दिनांक– 16.09.2025 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga के B.Tech. पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 में सम्मिलित अभ्यर्थियों एवं सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 के आधार पर Online Mop-up Counselling अपरिहार्य कारणों से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नहीं हो सका था। अतः विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/18 दिनांक 16.09.2025 द्वारा प्रकाशित **Online Mop-up Round Counselling** कार्यक्रम को निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | **Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result** publication date | **24.09.2025** | **27.09.2025** |
| ii. | Downloading of Allotment Order (Mop-up Round) | 24.09.2025 to 27.09.2025 | 28.09.2025 to 08.10.2025 |
| iii. | **Document Verification and Admission** (Mop-up Round) | **26.09.2025 to 27.09.2025** | **06.10.2025 to 08.10.2025** |

2. विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/13 दिनांक– 03.09.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–**2025/19** दिनांक– **27.09.2025**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**

**BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2025 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Round-2 Online Counselling से सम्बन्धित सूचना**

1. विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2025/09 दिनांक 01.08.2025 एवं 2025/17 दिनांक 14.09.2025 के क्रम में BCECE-(PCM/ PCB / PCMB)-2025 की संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 20.08.2025 तक सम्पन्न Online 1st Round Counselling एवं नामांकन के उपरान्त बचे रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए Online 2nd Round Counselling हेतु पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थियों / सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि BCECE-(PCM/ PCB / PCMB)-2025 की संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर द्वितीय चक्र की Online Counselling अपरिहार्य कारणों से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नहीं हो सका था। अतः विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/17 दिनांक 14.09.2025 द्वारा प्रकाशित **Online 2nd Round Counselling कार्यक्रम को निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;**

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | **2nd Round** Provisional Seat Allotment Result publication date | **20.09.2025** | **27.09.2025** |
| ii. | Downloading of Allotment Order (Round-2) | 20.09.2025 to 24.09.2025 | 28.09.2025 to 08.10.2025 |
| iii. | **Document Verification and Admission** (Round-2) | **22.09.2025 to 24.09.2025** | **06.10.2025 to 08.10.2025** |

2. विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/09 दिनांक– 01.08.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# दशहरा : गांधी मैदान में जलेगा 55 फीट का रावण

## बुराई पर होगी अच्छाई की जीत, तैयारी जोरों पर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** गांधी मैदान मसौढ़ी में इस बार 55 फीट का रावण का पुतला बनेगा, जहां बुराई पर अच्छाई की जीत होगी और इसका गवाह तकरीबन हजारों लोग होंगे। जिसके तैयारी जोरों पर चल रही है। मसौढ़ी में अभी से ही युवाओं की टीम जुट गई है। रात दिन एक कर रावण कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है। रावण वध समारोह के दिन सबसे पहले राम, जानकी और लक्ष्मण की शोभा यात्रा पूरे शहर में निकाली जाती है। उसके बाद शाम 4:00 बजे गांधी मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता है। बता दें कि दशहरा को लेकर अभी से ही सभी प्रकार की तैयारी शुरू हो गई है। विजयादशमी के मौके पर 2 अक्टूबर को इस बार मसौढ़ी के गांधी मैदान में रावण वध समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्री काली पूजा समिति तारेगना गोला की कमेटी की माने तो इस बार 50 से 55 फीट के रावण का जहां पुतला तैयार होगा वहीं 45 फीट के मेघनाथ और 40 फीट के कुंभकरण का पुतला बनेगा। हालांकि इस बार कमेटी ने बाहर के कारीगरों को मौका नहीं दिया है और सभी मसौढ़ी के ही युवा कारीगर पुतले को तैयार करने में जुटे हुए हैं। रावण वध समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके पर प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुट गया है। चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे, सादे लिवास में पुलिस प्रशासन के अलावा वॉच टावर और ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी. दरअसल श्री काली पूजा समिति की ओर से 40 वर्षों से गांधी मैदान में रावण वध समारोह किया जाता रहा है। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष पालटन सिंह, सचिव नरेश सिंह, महासचिवअश्विनी उर्फ गोल्डी, कोषाध्यक्ष उज्जवल कुमार, पूजा प्रभारी धीरज कुमार, उपाध्यक्ष विकास कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

## दशहरा को लेकर फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** दशहरा पर्व को शांति सौहार्द के साथ मनाने और विधि व्यवस्था को संधारण करने को लेकर शनिवार की शाम को एसडीएम अभिषेक कुमार एएसपी कोमल मीणा की संयुक्त नेतृत्व में मसौढी शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया, इस मौके पर मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार के साथ पूरी पुलिस बटालियन शामिल रही। पुलिसबल के साथ फ्लैग मार्च कर आम जनता को प्रशासन की सजगता का संदेश दिया। थाना परिसर से निकाले गए फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसकर्मी थाना रोड, गांधी मैदान रोड, रहमतगंज, मंडप पर के बाद स्टेशन रोड, पुरानी बाजार, मालिकाना, संघत पर, कर्पूरी चौक होते हुए थाने तक वापस लौट गए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने मां दुर्गा देवी की प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने आमलोगों से प्रेम व सद्भाव के साथ दशहरा मनाने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने लोगों से कहा कि त्योहार को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है। लोग किसी तरह के अफवाहों में न पड़ें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करें और न ही उसके चक्कर में पड़ें। एसडीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर अफवाह फैलाने अथवा किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## विधायक ने स्वच्छता ही सेवा के तहत पोषण पखवारा का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** धनरूआ के पभेडा स्वास्थ्य उपकेंद्र पर विधायक रेखा देवी ने'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत शनिवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' के अलावा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह शिविर 17 सितंबर से 29 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान का हिस्सा था। प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र, पभेडा के सहयोग से सफाईकर्मियों के लिए एक मेडिकल कैंप लगाया गया। इस मेडिकल कैंप में सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।इसमें ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की सुविधा उपलब्ध थी, साथ ही डॉक्टरों ने छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारियों से संबंधित परामर्श भी दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सफाईकर्मियों और कर्मचारियों को स्वस्थ रखना तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में बताया कि यह सुनिश्चित किया है कि स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की देखभाल को भी प्राथमिकता दी जाए।

## बिजली बोर्ड के पदाधिकारियों ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी बिजली विभाग की टीम ने दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार के साथ सहायक विद्युत अभियंता सुरेंद्र कुमार, सहायक विद्युत अभियंता परियोजना राजा अहमद एवं कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार के साथ टीम में सभी कर्मचारी शामिल रहे हैं। उन्होंने सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तारों और उपकरणों की जांच की। खामियों को सुधारने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मसौढ़ी में पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली तारों और उपकरणों की जांच की गई और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं पंडालों में की गई विद्युत सजावट, कनेक्शन एरिया की दूरी, लगाए गए उपकरणों और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। जहां-जहां खामियां पाई गईं, वहां सुधार करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पूजा पंडाल के ऊपर बिजली तार की केवलिंग की गई टीम ने सुरक्षित वायरिंग, तारों को ऊंचाई पर रखने, आग से बचाव के इंतजाम और पोल और ट्रांसफॉर्मर से उचित दूरी बनाए रखने का निर्देश दिया। बच्चों को बिजली उपकरणों से दूर रखने के लिए सुरक्षा घेरा बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पूरे शहर में माईकिंग के जरिए बिजली की योजना के प्रति जागरूक किया गया

## स्वच्छता ही सेवा पखवारा के तहत चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद की ओर से शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है इसी कडी में शनिवार को नगर परिषद के सम्राट अशोक सभागार भवन में सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं का चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार सरकारी विद्यालयों के 120 छात्र छात्र शामिल हुए, जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू मालिकाना, नवल किशोर बालिका टेन प्लस टू विद्यालय, संस्कृत मध्य विद्यालय, अभ्यास मध्य विद्यालय के सभी छात्र-छात्र शामिल हुए, नगर परिषद के सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद ने बताया कि नगर परिषद की ओर से पूरे शहर में साफ सफाई अभियान, आम जनता को इसके प्रति जागरूक करना एवं रैली जागरूकता किया जा रहा है। ऐसे में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच उन्हें सफाई के प्रति जागरूक करने को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## पेज 1 का शेष

### विकास की गति को...

दिनों से बहुत आगे बढ़ चुका है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क तथा बिजली के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से विकास की गति को तेज करने के लिए एक बार फिर उनकी सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सीधे लाभुकों से संवाद किया और उनके सुझाव सुने। जिला प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा और बिजली आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की थी। हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार की योजनाओं का स्वागत किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि पश्चिमी कोसी नहर परियोजना और मधुबनी रिंग रोड जैसे प्रोजेक्ट जिले की तस्वीर बदल देंगे।

### विकासशील वंचित इंसान...

है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी निषाद समाज समेत तथा अधिकार से वंचित लोगों की भलाई और उनका हक दिलाने के लिए काम करेगी। पार्टी ऐसे लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेगी और राजनीति में उनकी समुचित हिस्सेदारी भी सुनिश्चित करेगी। श्री निषाद ने बताया कि वह विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से अपने समर्पित तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ 2021 से ही जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी को अब जाकर लॉन्च किया है लेकिन उनकी तैयारी काफी पहले से चल रही थी। इस सिलसिले में पार्टी ने बूथ स्तर पर 11 सदस्यीय कमिटी भी बना ली है। अभी उम्मीदवारों के चयन पर काम चल रहा है और प्रत्याशियों के नामों की घोषणा चुनाव की तिथियों के जारी हो जाने के बाद की जाएगी।

### पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखा...

के पुनर्विकास कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्टेशन को आधुनिक तर्ज पर डिज़ाइन किया जा रहा है। प्लेटफ़ॉर्म और पिट लाइनों की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया जा रहा है। इससे पहले केंद्रीय रेल मंत्री ने निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए सूरत हाई स्पीड रेल स्टेशन का भी दौरा किया। सूरत-बिलिमोरा के बीच काम तेजी से चल रहा है। स्टेशन का सिविल वर्क पूरा हो चुका है और फ़िनिशिंग व यूटिलिटी वर्क अभी चल रहा है। आज के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना में आधुनिक और नवीन तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। पटरियों पर काम उल्लेखनीय गति से चल रहा है। सूरत स्टेशन पर पहला टर्नआउट सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। टर्नआउट रेलवे ट्रैक का महत्वपूर्ण जंक्शन होता है। यह सुविधा हाई-स्पीड ट्रेनों के संचालन में सुगमता लाएगी। उन्होंने बताया कि पटरियों में रोलर बेयरिंग भी लगे हैं, जिससे बुलेट ट्रेन अधिक सुरक्षित और सुगमता से तेज़ गति सेचल सकेगी। इसके अतिरिक्त, पटरियों पर स्लीपर कंक्रीट की बजाय मिश्रित सामग्री से बनाए गए हैं। इससे उच्च स्थायित्व, कम रखरखाव और तेज़ गति पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित होगा। यात्री सुविधा को और बेहतर बनाने एवं वातावरण में शोर को कम करने के लिएडैम्पर्स के रूप में एक कंपन अवशोषण तंत्र शुरू किया गया है। ये डैम्पर्स शोर और झटके को अवशोषित करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से हम सूरत से मुंबई एक घंटे में पहुंच सकेंगे। स्टेशन पुनर्विकास और ट्रैक बिछाने का काम लगातार जारी है। हाई-स्पीड रेल परियोजना अंततः कनेक्टिविटी में बदलाव लाएगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। अहमदाबाद और मुंबई का पूरा खंड एक आर्थिक गलियारा बन जाएगा। यह परियोजना रेलवे प्रौद्योगिकी और यात्री अनुभव में भी नए मानक स्थापित करेगी।

## पुलिस ने चार महिला शराब सप्लायर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत एक्साइज पुलिस और रेलवे पुलिस के संयुक्त पहल पर नदौल में छापेमारी की गई है, जहां पर नदौल रेलवे स्टेशन पर बेच रहे चार महिला शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है। इन सबों के पास गैलन में रखे हुए 20 लीटर देसी चुलाई शराब भी जब्त किया गया है। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि रेलवे पुलिस और एक्साईज पुलिस की संयुक्त ऑपरेशन की गई है, जिसमें लालती देवी, कुसुम देवी, सुधा देवी, रीता देवी चारों महिला शराब तस्कर को नदौल रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। लगातार सूचना मिल रही थी कि शाम ढलते ही रेलवे स्टेशन पर शराब सप्लायर एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में रेल पुलिस की टीम और एक्साइज पुलिस ने इन सबों को छापेमारी कर रंगे हाथ दबोचा है।

## नगर परिषद की बैठक में सफाई व्यवस्था पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** नगर परिषद में बैठक शनिवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता मुख्य पार्षद रूपा कुमारी के द्वारा की गई। संचालन सिटी मैनेजर गौरव ने की। बैठक में शामिल रहे फतुहा नगर परिषद कार्यपालक जगन्नाथ प्रसाद यादव। वहीं इस बैठक में नगर उपाध्यक्ष अंजनी कुमारी उपस्थिति रहीं। इस बैठक में फतुहा चिकित्सा प्रभारी अनील कुमार शामिल हुए। उन्होंने स्वास्थ्य समुदाय भवन में होने बाले सुविधा के बारें में जानकारी दी। इस बैठक में फतुहा नगर परिषद के वार्ड पार्षद लोग शामिल रहे। लोगों ने फतुहा नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न समस्यायों को रखा जिसका समाधान हेतु निपटारा हेतु चर्चा की गई। बैठक शांतिपूर्ण संपूर्ण हुई। इस बैठक में फतुहा नगर परिषद अंतर्गत स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने की बात कही गई। वही फतुहा नगर परिषद अंतर्गत नटवा मोर पास फैक्ट्री मोर के पास गंदगी की अंबार लगी हुई रहती है जिसको लेकर साफ सफाई को लेकर विशेष चर्चाएं की गई। वहीं दशहरा पर्व को लेकर नली-गली सड़क की साफ सफाई को लेकर विशेष वार्तालाप की गई। फतुहा में जाम को लेकर के भी विशेष चर्चाएं की जिससे जाम से कैसे निदान हो सकता है। वही फतुहा नगर परिषद अंतर्गत स्वच्छता अभियान को लेकर विशेष रूप से चर्चाएं और वार्तालाप की गई। इस पर वार्ड पार्षद लोग और अध्यक्ष उपाध्यक्ष और कार्यपालक नगर परिषद के सभी कर्मचारी लोगों स्वच्छता अभियान को लेकर विशेष चर्चाएं की गई। नगर परिषद अंतर्गत स्वच्छता अभियान और स्वस्थ अभियान को लेकर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर भी लगाई गई थी जिसमें करीब 250 लोगों ने बीपी, शुगर, आंख की जांच नगर परिषद अंतर्गत मुख्य स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत लोगों ने कराई। वहीं जीवका दीदी की लाभ को लेकर जीविका के मुकेश कुमार भास्कर नगर मिशन प्रबंधक ने विशेष रूप से बताएं की कैसे इसमें जीविका दीदी को जोड़ा जाय।कैसे लाभुकों को दस हजार लाभ मिलता है।आगे भी सही ढंग से जीविका दीदी लाभ लेने के बाद अच्छी ढंग से चलाएंगे तो उनको भी तत्काल दस हजार रुपए दी गई है। उनको बाद में दो (2) लाख की राशि भी मिलने की संभावना दी गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर शोभा रानी डॉक्टर, खुर्दीश आलम, डॉक्टर पप्पू कुमार, एन एम संगीता कुमारी, सेवक श्री राज बल्लभ शामिल रहे।

## शिक्षा की पुनर्कल्पना में नेतृत्व कर सकता है बिहार : विजय प्रकाश

**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, पटना और एआईसी-बीवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ एकीकृत करने के विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विविध अकादमिक सत्रों का आयोजन हुआ। इस आयोजन में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा कि शिक्षा की पुनर्कल्पना भारतीय ज्ञान परंपराओं के साथ संभव है और बिहार इस नेतृत्व के लिए तैयार है। पहले ऑनलाइन पैनल चर्चा-3 का विषय था ल्लभारतीय ज्ञान प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अंतरराष्ट्रीय अनुभव जिसकी अध्यक्षता राणा अवधेश ने की। इसमें नुपुर निशीथ, विकास कुमार और ज्योति कुमारी ने अपने विचार साझा किए। इसके बाद शैक्षणिक नवाचारों के माध्यम से शिक्षा की पुनर्कल्पना पर चर्चा हुई, जिसमें विजय प्रकाश, सुधांशु भूषण, उषा शर्मा और शरद मोहन ने भाग लिया। डॉ. कुमारी अंजना की अध्यक्षता में हुए शोध पत्र सत्र में अनिल के. प्रसाद ने कहानी और लोक परंपरा पर, मृदुला प्रकाश ने मिथिला पेंटिंग पर, यामिनी ने कथक नृत्य पर, स्वाति शिल्पीद्व ने शिक्षण गतिविधियों पर और अतिया परवीन ने समावेशी प्रथाओं पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ. बिनोद कुमार की अध्यक्षता में ल्लभारतीय परंपरा में उद्यमिता और नवाचारङ्क विषय पर प्रमोद के. कर्ण और राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से शोध पत्र पढ़ा। संवाददाता के रूप में एम.के. दास, सोनाली कुमारी और काजल कुमारी ने भूमिका निभाई। मौलाना मज़हरुल हक़ सभागार में डॉ. महेंद्र सिंह और डॉ. चंदन श्रीवास्तव की देखरेख में विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुत हुए।

## राष्ट्रीय बेटी दिवस : पिता की प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहुंची बेटी, कहा पापा हैं मेरे पहले गुरु

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी की चाननपुर गांव के रहने वाले शिक्षक कुंदन सिंह की बेटी कृतिका राज है, जो आज अंतरराष्ट्रीय फलक पर गोल्ड मेडलिस्ट विश्व रिकॉर्ड बना कर न केवल बिहार का मान बढ़ाया है बल्कि पूरे भारत का नेतृत्व की है। इस खास मौके पर कृतिका राज ने कहा कि मेरे पापा मेरे पहले गुरु हैं आज जो कुछ भी हैं उनकी प्रेरणा से हम बने हैं। कृतिका राज की मां रूबी देवी ने अपनी बेटी का हौसला अफजाई किया है, बड़ी बहन रुचिका राज ने भी हिम्मत बढाई है। गौरतलब है की हैदराबाद में 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में मसौढ़ी की बेटी कृतिका राज ने गोल्ड मेडल जीता जहां 18 देश के खिलाड़ी शामिल हुए थे, उससे पहले जिला स्तर पर, राज्य स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल भी जीत चुकी है। महज 17 साल की उम्र में एक सरकारी स्कूल से पढ़कर विश्व स्तर का मुकाम हासिल करने वाली कृतिका राज ने अपने पिता को अपना पहला गुरु बताया। इसके पीछे कहानी बताते हुए कृतिका ने कहा की एक दिन घर में काम लगा हुआ था. फूल के एक बड़े से गमले को हटाना था. जहां 10-12 लोग मिलकर उसे गमले को हटा रहे थे, जहाँ पापा ने कहा गमला को हटाओ. बहुत भारी गमला था, जिसे बडी आसानी से उठाकर अलग कर दिये थे। उस दिन हमारे पिता कुंदन सिंह के दिमाग में लिफ्टिंग का ख्याल आया। फिर उसी दिन से इस खेल के प्रति रुचि बढ़ गई, कृतिका राज ने कहा कि पढ़ाई के लिए जोश और जुनून आवश्यक है। खेल में भी अपना मुकाम बना सकते हैं. आने वाले युवाओं को खेल के प्रति रुचि लेने का संदेश दिया।द कृतिका राज ने अंडर 17 में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए 165 किलोग्राम का भार उठाया। ऐसे में कृतिका राज ने अंडर 17 में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए बिहार का मान बढ़ाया है।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)**

**ई0–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2025–26**

(https://eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दाउदनगर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 24.09.2025
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– 01.11.2025 को 11:00 बजे से On Website (https://eproc2.bihar.gov.in )
4. प्री बीड मीटिंग का समय/स्थान एवं तिथि :– दिनांक–30.10.2025 के समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय, नगर–परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :– दिनांक–09.11.2025 को 15:00 बजे तक On Website (https://eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनिकी/वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक–11.11.2025 के 15:30 बजे के बाद On Website(https://eproc2.bihar.gov.in )
7. मद का नाम– :– 15वीं वित एवं षष्टम् वित के कर्णांकित राशि ।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मौनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् दाउदनगर अन्तर्गत वार्ड सं0–03 में मो0 महमुद हाशमी के घर से मो0 अब्दुला अंसारी, किला रोड, कलीम अंसारी के घर से आशीक अंसारी के घर तक, मो0 सकुद्दीन खान के घर से मो0 मोईद खान के घर तक, अब्दुल बाकी के घर से दिनु मंसुरी, मो0 नसीर के घर से कादरी इस्लाम के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2499943.00 | 50000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड सं0–07 में आलमगीर के घर से डॉर्ड अस्पताल तक, सिद्धनाथ चौधरी के घर से देवी मंदिर होते हुये बारूण रोड तक तथा डॉ0 प्रमोद सिंह के घर से रिजवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2499700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड सं0–14 में पिराहीबाग मुहर्रम चौक, बुल्लु प्रसाद के घर से लल्लु प्रसाद के बगीचा होते हुये सुशील देवी के घर तक, चिंतावन तांती के घर से चमरू तांती के घर तक रामनाथ तांती तक, गोवर्धन पहाड़ से कृष्णा तांती के घर होते हुये गली मंदिर तक अरविन्द प्रजापति के घर से सुशीला देवी घर होते हुये कृष्णा चौधरी के घर तक, लल्लु तांती बगीचा से मितराज तांती के घर पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण। | 2494600.00 | 49900.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड सं0–06 में कृष्णा तांती के घर से सलाम कुरैशी, बदरू कुरैशी के घर होते हुये मोहीउदीन कुरैशी के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1207100.00 | 24200.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 5 | वार्ड सं0 16 में शेरमोहम्मद के घर से नसीम खान के जमीन तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 1115600.00 | 22500.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड सं0 13 में चंद्रिका सोनार के दुकान से होते हुए लक्ष्मी भवन होते स्व0 चुन्नु प्रसाद के घर तक आर0सी0सी0 नाली एवं पुलिया निर्मण कार्य। | 1169400.00 | 23500.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 7 | वार्ड सं0 16 में मास्टर महफुज के घर से रिजवान कुरैशी के मकाना होते रउफ के घर तक आर0सी0सी0 नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1320800.00 | 26500.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 8 | वार्ड स0 02 में रामविलास त्रिगुनायत के घर से ब्रजेश साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य | 1481600.00 | 29700.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 9 | वार्ड सं0 06 में शमसुद्दीन अंसारी के घर से पूरब मो0 जिलानी, अख्तर अंसारी के घर होते हुए शेख कल्लु के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 1632400.00 | 32700.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 10 | वार्ड सं0–22 में त्रिलोकी नाथ सिपाही के घर से अजीत मुखिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1793600.00 | 36000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 11 | वार्ड सं0 06 मो0 सुहैल अंसारी के घर से मो0 शकील अंसारी, इरसाद अंसारी एवं लव राम के घर होते हुए निल कोठी मजार तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1950900.00 | 39100.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 12 | वार्ड सं0 08 एवं 09 में मो0 सरीफ के घर से मो0 परवेज किराना दुकान तक पी0सी0सी0 पथ एवं दोनों तरफ आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1990100.00 | 40000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 13 | वार्ड सं0 16 में पी0सी0सी0 रोड से सुरेश सिपाही के घर तक एवं रामानन्द सिंह के घर से महेन्द्र सिंह के घर होते हुए गोल्डन सिंह के घर तक रोड एवं नाली तथा नरेश सिंह के घर से भोला सिंह के घर एवं रामकेश्वर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2209700.00 | 44200.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 14 | वार्ड सं0 16 में जहाँगीर कुरैशी के घर से अलीम मियाँ के जमीन तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2213400.00 | 44300.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 15 | वार्ड सं0 08एवं 09 में अंजान शहीद मजार से मो0 सैफुल्लाह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं दोनो तरफ आर0सी0सी0 नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य | 2402200.00 | 48100.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.inअथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद, दाउदनगर**

**PR. No. 016166 (B&C) 25-26**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

## जलालगढ़ में उप विकास आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

# योजनाओं व खेती पर सख्त निर्देश

**■ मुख्यमंत्री आवास से ड्रैगन फ्रूट तक, हर विकास कार्य की समीक्षा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** अंजनि कुमार, उप विकास आयुक्त, पूर्णिया ने शनिवार को जलालगढ़ प्रखंड का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों और योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना एवं अन्य सहायता योजनाओं में शेष लक्ष्यों का प्रस्ताव तुरंत अभिकरण कार्यालय को भेजने का आदेश दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के बचें हुए प्रखंडों में नियमावली के अनुसार सामग्री क्रय सुनिश्चित करने की भी हिदायत दी गई। ग्राम पंचायत जलालगढ़ में निर्मित खेल मैदान का निरीक्षण कर इसे संबंधित विद्यालय को नियमानुसार हस्तांतरित करने का निर्देश कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, जलालगढ़ को दिया गया। वहीं दनसर पंचायत के निजी भूमि पर किए गए वृक्षारोपण कार्य का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूरा करने का आदेश भी दिया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत हासी बेगमपुर में ड्रैगन फ्रूट की खेती का अवलोकन कर संबंधित किसान से जानकारी प्राप्त की गई और इस खेती को और विकसित करने के निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार ने कहा कि प्रखंड में सभी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की समीक्षा नियमित रूप से कर प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजी जाए।

## साढ़े चार साल की निस्वार्थ सेवा के बाद अंगरक्षक दीपक कुमार झा को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**■ बनमनखी अनुमंडल कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित**




**बनमनखी/पूर्णियां।** तकरीबन साढ़े चार वर्षों तक बनमनखी अनुमंडल पदाधिकारी के अंगरक्षक पद पर निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यरत दीपक कुमार झा का अरवल स्थानांतरण होने पर अनुमंडल कार्यालय में भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने की।

इस अवसर पर अनुमंडल के सभी कर्मी मौजूद थे और उन्होंने दीपक कुमार झा को पुष्प गुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि "सरकारी नौकरी में स्थानांतरण होते रहते हैं, लेकिन जो कर्मचारी निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा और कर्तव्य का निर्वाह करते हैं, वे सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ जाते हैं। दीपक कुमार झा उनमें से एक हैं। उनका मृदुभाषी स्वभाव, कुशल व्यवहार और कर्तव्य के प्रति निष्ठा सभी के लिए उदाहरण रही। उनका स्थानांतरण अरवल जिले में हो गया है। मेरी प्रार्थना है कि वे जहां भी रहें, अपने कर्तव्यों का पालन इसी तरह करते रहें।" दीपक कुमार झा के सहयोगियों और अनुमंडल कर्मियों ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी ने माला पहनाकर और उपहार देकर खुशी-खुशी विदाई दी।

## विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर पूर्णिया में हरित संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**■ डॉ. ए.के. गुप्ता की पहल से 'ग्रीन पूर्णिया' बन रहा जीवन का प्रतीक**

**पूर्णिया।** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर यह संदेश गूंज रहा है स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण अनिवार्य है। इस दिशा में 'ग्रीन पूर्णिया' के संस्थापक सह अध्यक्ष,समाजसेवी ,भाजपा नेता डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने पूर्णिया वासियों से अपील की कि वे एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें।

उनका कहना है कि यदि हर नागरिक आज एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल स्वयं करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पानी और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। डॉ. गुप्ता ने पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के घनिष्ठ संबंध को रेखांकित करते हुए कहा, स्वच्छ वातावरण केवल सुविधा नहीं, बल्कि जीवन की मूल आवश्यकता है। जब मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन होगा, तभी समाज स्थायी और स्वस्थ बनेगा। इसी दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने के लिए उन्होंने 'ग्रीन पूर्णिया' के माध्यम से हरा-भरा और जागरूक पूर्णिया का अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत अब तक हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। डॉ. गुप्ता अपने ग्रीन पूर्णिया के सदस्यों के सहयोग से समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण कर आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति सक्रिय बनाते रहे हैं। उनका यह प्रयास केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया है, जिसमें हर वर्ग के लोग जुड़कर हरा-भरा पूर्णिया बनाने में योगदान दे रहे हैं। ग्रीन पूर्णिया के सदस्य और डॉ. गुप्ता विशेष अवसरों पर आम नागरिकों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हैं और संदेश देते हैं कि एक पेड़ सिर्फ छाया नहीं, बल्कि जीवन का प्रतीक है। इसके लिए उन्होंने ग्रीन पूर्णिया नाम से एक नर्सरी भी स्थापित की है, जहां विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए जाते हैं और निशुल्क वितरण के साथ शहर के सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण भी कराया जाता है। डॉ. गुप्ता का यह सतत प्रयास पूर्णिया को पर्यावरण-संरक्षण में नई पहचान दिला रहा है। डॉ एके गुप्ता का स्पष्ट संदेश है कि 'हरा-भरा पूर्णिया, स्वस्थ पूर्णिया यही हमारा संकल्प, यही हमारा भविष्य।' सच कहा जाए तो ग्रीन पूर्णिया अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि पूर्णिया वासियों की पर्यावरण जागरूकता और हरियाली की प्रतीक शक्ति बन चुका है, जो व्यक्तिगत पहल से सामूहिक परिवर्तन की क्षमता का उदाहरण पेश करता है।

## स्नातक छात्रों को भी मिलेगा निश्चय भत्ता का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**■ रोजगार तलाश रहे युवाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह, दो वर्ष तक सहायता राशि**


**पूर्णिया।** बेरोजगार स्नातक छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का दायरा अब स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तक बढ़ा दिया गया है। जिला योजना पदाधिकारी राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सात निश्चय योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना वर्ष 2016 से संचालित है।

अब तक इस योजना का लाभ इंटर (12वीं) उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को दिया जा रहा था। लेकिन अब राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 20 से 25 वर्ष की आयु वर्ग में आने वाले ऐसे बेरोजगार छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया है, जिन्होंने राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान से स्नातक (B.A., B.Com., B.Sc.) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इन छात्रों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे न तो किसी सरकारी/ निजी/ अनुबंध/स्थायी/ अस्थायी नौकरी में कार्यरत हों, न ही किसी अन्य शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत। रोजगार की तलाश कर रहे ऐसे पात्र युवाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के लाभार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए श्रम संसाधन विभाग, बिहार की ओर से निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

## धर्म रक्षा और विजय की देवी, मां कात्यायनी की आराधना आज

# साहस और संकल्प का पावन पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पूर्णिया।** शारदीय नवरात्रि का आज छठा दिन है, जो धर्म, न्याय और विजय की आराधना का अद्वितीय पर्व माना गया है। आज मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की भक्ति और पूजन-अर्चना पूरे जिले में आस्था और विश्वास के साथ की जा रही है। भक्तों के लिए यह दिन साहस और धर्म रक्षा की साधना का विशेष अवसर है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऋषि कात्यायन के तप से प्रकट हुईं मां कात्यायनी ने असुरों के संहार और अधर्म के विनाश के लिए सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। इसलिए इन्हें धर्मस्थापना की देवी कहा गया है। चार भुजाओं वाली मां के एक हाथ में कमल पुष्प, दूसरे में तलवार, तीसरे में अभय मुद्रा और चौथे में वर मुद्रा रहती है। उनका यह तेजस्वी स्वरूप भक्तों को न्याय, साहस और अडिग संकल्प का संदेश देता है। पंडितों का कहना है कि मां कात्यायनी की उपासना से साधक को आत्मविश्वास, साहस और विवेक की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से अविवाहित कन्याओं के लिए यह दिन विवाह संबंधी मनोकामनाओं की सिद्धि का वरदान लेकर आता है। आज श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में स्नान-ध्यान कर विधि-विधानपूर्वक मां की पूजा-अर्चना करेंगे, उन्हें पुष्प, फल, धूप, दीप, नैवेद्य और पंचामृत अर्पित करेंगे। धमार्चार्यो के अनुसार, मां कात्यायनी की कृपा से भक्तों के जीवन में आने वाली विघ्न-बाधाओं का नाश होता है और धार्मिक चेतना का विकास होता है। नवरात्रि का यह दिन व्यक्ति को प्रेरित करता है कि वह अपने भीतर की दुर्बलताओं पर विजय पाकर धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहे। माता के दरबार में आज विशेष सजावट की गई है। आस्था के इस पर्व पर शहर से लेकर गांव तक श्रद्धा और विश्वास का वातावरण व्याप्त है। भक्तों के मुख से गूंज रहे मां के जयकारे संकल्प, साहस और धर्म की साधना का स्वर बन चुके हैं।

## कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पूर्णिया।** जिला जनसंपर्क कार्यालय (प्रेस क्लब) के सभागार में शनिवार को एक सादे मगर गरिमामय समारोह का आयोजन कर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मियों द्वारा प्रदीप कुमार शर्मा को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

श्री शर्मा ने अपने सेवा काल में जनसंपर्क विभाग के प्रति अनुकरणीय निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। पदाधिकारी द्वारा सौंपे गए किसी भी कार्य को उन्होंने सदैव तत्परता, लगन और सहजता के साथ पूरा किया। परिचारी पद पर रहते हुए भी उन्हें विभागीय कार्यों का व्यापक अनुभव रहा, जो उनकी कार्यकुशलता को दशार्ता है। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दिलीप सरकार ने श्री शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि "वे जहां भी रहें, स्वस्थ और प्रसन्न रहें, यही हमारी शुभेच्छा है।" कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कर्मियों ने श्री शर्मा के योगदान को याद करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विजैया, चतरो, करियातपुर समेत विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंडालों में बिजली, अग्निशमन और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया तथा समिति के सदस्यों से किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी, जिससे श्रद्धालु निर्भय होकर पूजा-अर्चना कर सकें। इस अवसर पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, विजैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मंसूर आलम, विभिन्न पूजा समिति पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दलित बेटी के बलात्कारी को फांसी दो : कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**■ कपूर्री ठाकुर चौक से भगत सिंह चौक तक भाजपाइयों ने किया कैंडल सह चेतावनी मार्च**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी में स्थानीय विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कैडल मार्च निकालकर नाबालिग दलित बेटी के साथ हुए बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले बलात्कारी को फांसी देने की मांग की। ? कैंडल मार्च में शामिल भाजपाइयों ने जननायक कपूर्री ठाकुर चौक से भगत सिंह चौक सहित पांकी नगर का भ्रमण किया।

मौके पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने कहा कि पांकी थाना क्षेत्र के फुलवरिया चांपी गांव में नवरात्रि के दौरान रामायण देखने के बाद घर लौट रही एक नाबालिग दलित बेटी के साथ शाहिद राजा नामक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है। यह घटना बेहद शर्मनाक व दुखद है। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर देना सराहनीय है। किंतु यह अत्यंत चिंता का विषय है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय थाना स्तर पर डराने-धमकाने की शिकायतें सामने आ रही है। कहा कि वे प्रशासन से पीड़िता को पूर्ण सुरक्षा व न्याय दिलाने की मांग करते हैं। साथ ही दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रशासन व पुलिस मामले में तेजी से कार्रवाई करे। दोषियों को फांसी दे। ताकि ऐसा घृणित कृत्य करनेवाले दोषियों को इस प्रकार की घृणित घटना करने से पहले सोचना पड़े। कहा कि उन सभी का कर्तव्य है कि बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कैंडल मार्च सह चेतावनी मार्च में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा नेत्री मंजूलता दुबे, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, अजय गुप्ता, पांकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, आदि शामिल थे।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने शहर को चार जोन में बांटा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति की टीम शहर को विभिन्न जोन में बांट कर अपने पदाधिकारियों को पूजा पंडाल के देखरेख की जिम्मेवारी सौंपी। शनिवार को पूजा महासमिति की दुर्गा मंडप में आयोजित बैठक में सभी पूजा समितियों के वोलेंटियर को शर्ट व आई कार्ड का वितरण किया गया। महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। दुर्गा जौहरी ने कहा कि अकास्मिक दुर्घटना से बचाव के लिए प्रत्येक पूजा पंडाल में बालु का गिराव किया जा रहा है। वहीं सभी पूजा पंडाल के देखरेख व संरक्षण के लिए महासमिति को चार जोन में बांटा गया।

## पूर्णिया में कृषकों के लिए उर्वरक उपलब्धता पर कड़ी निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पूर्णिया ।** शनिवार को पूर्णिया जिले में कृषकों को समय पर, सुगमतापूर्वक और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समीक्षात्मक बैठक प्रज्ञान सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने की।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी हरिप्रसाद चौरसिया ने वर्तमान उर्वरक उपलब्धता की स्थिति से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार जिले में यूरिया 9719.393 MT, डी॰ए॰पी॰ 14671.557 MT, NPK 7990.291 MT, MOP 24284.438 MT तथा रख 7155.851 MT उपलब्ध हैं। वहीं थोक विक्रेताओं के पास यूरिया 696.69 MT, डी॰ए॰पी॰ 5329.5 MT, MOP 3985.34 MT, NPK 11649.0 MT और SSP 2939.5 MT मौजूद हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और लगातार आवश्यक स्टॉक पहुंच रहा है। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे खुदरा विक्रेताओं को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। साथ ही, प्रखंड स्तर पर थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि आगामी रबी मौसम 2025-26 में कृषकों को उर्वरक समय पर, सुगमता से और निर्धारित मूल्य पर मिल सके। बैठक में उर्वरक की आपूर्ति, कालाबाजारी और जमाखोरी जैसे हर पहलू पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या मुनाफाखोरी की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। रबी मौसम का आगाज हो चुका है और सभी ने मिलकर कृषकों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

## "विकसित भारत का अमृत काल : सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल" विषय पर लखीसराय में चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के चौथे दिन दिखी कलात्मकता और विकसित भारत की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**लखीसराय/पटना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक कार्यालय पटना द्वारा लखीसराय के कनीराम खेतान उच्च विद्यालय मैदान में विकसित भारत का अमृत काल : सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज चौथा दिन था।

चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन आज अनेक जागरुकता सह संचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकसित भारत विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें श्री दुर्गा बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर अपनी सोच व कलात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आशी कुमारी को प्रथम, रिसिद्धि को द्वितीय, प्रतिभा को तृतीय तथा वैष्णवी व माही श्री को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी अर्चना एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। आज कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार तथा जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक अनीता कुमारी थीं । उनके द्वारा उपस्थित आम जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम स्थल पर आज भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एसएसबी, सीआरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका, डाक विभाग, लीड बैंक सहित अनेक विभागों के स्टॉल भी लगाए गए तथा आम जनता को सेवा तथा सूचना का लाभ पहुंचाया गया। आम लोगों के बीच उत्साह का संचार करने लिए एसएसबी द्वारा डॉग शो दिखाया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में आम जनता को जानकारी देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विगत 11 वर्षों में किए गए कार्यों से संबंधित चित्र लगाए गए हैं। बिहार के विकास से संबंधित नवीनतम चित्र तथा आंकड़े भी दिखाए गए हैं। यह चित्र प्रदर्शनी आम जनता को जागरूक करने के लिए आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम आज आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में कुमारी रानी, सुषमा देवी, चंद्र प्रभा, लाली कुमारी, रीता आदि शामिल रहे । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से संबद्ध मेसर्स जन चेतना लोक कल्याण समिति, पटना द्वारा मिथिला का प्रसिद्ध जाट जट्टीन लोक नृत्य तथा गीत-संगीत का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही पटना से आए मेसर्स अभिनंदन कुमार जादूगर द्वारा जादू का खेल दिखाकर मनोरंजन के साथ लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी अभिषेक कुमार, ग्यास अख्तर, सुदर्शन किशोर झा, आदर्श कुमार, राकेश कुमार, राजू कुमार , संतोष कुमार प्रभात कुमार तथा बड़ी संख्या में जीविका दीदियां, छात्र छात्राएं तथा लखीसराय व आसपास के आम लोग उपस्थित थे। कल 28 सितंबर को इस जागरुकता कार्यक्रम का पांचवां एवं अंतिम दिन है। इसके साथ कार्यक्रम का समापन हो जायेगा। चित्र- प्रदर्शनी में प्रवेश आम जनों के लिए निः शुल्क है।

## मुखिया देवकी महतो ने टेकलाल महतो की 14वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चुरचू/चरही (हजारीबाग)।** झारखंड अलग राज्य के जननायक एवं अग्रणी योद्धा, गिरिडीह लोकसभा के पूर्व सांसद और मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो की 14वीं पुण्यतिथि शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर हजारीबाग जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष और बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने चरही लाल बंगला स्थित महतो एंड सन्स पेट्रोल पंप के प्रांगण में उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

मुखिया देवकी महतो ने कहा कि स्वर्गीय टेकलाल महतो का झारखंड अलग राज्य निर्माण में अहम योगदान रहा, और उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राज्य निर्माण के प्रयासों में भाग लिया।



भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राज्य सदस्य मुरारी सिंह ने भी कहा कि टेकलाल महतो के योगदान और विधानसभा में किए गए उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जीतू ठाकुर और चरही के पूर्व उप मुखिया रमेश क्रमाली समेत अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बैंकिग लेन-देन में बरतें विशेष सतर्कता

## प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय संधारण हेतु अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियां चरणबद्ध रूप से की जा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा अवैध धन के संकलन, वितरण एवं संदेहास्पद गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक ने जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार अग्रणी बैंक प्रबंधक और जिले के सभी व्यवसायिक बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत संदिग्ध लेन-देन, अवैध जमा एवं निकासी पर विशेष टीम द्बारा सतत अनुश्रवण किया जाएगा। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी उपभोक्ता एवं ग्राहकों के संदिग्ध लेन-देन की सूचना संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि संदिग्ध परिस्थितियों में तत्काल निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग और आयकर विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि इस कार्य को शत-प्रतिशत निष्पादित करने हेतु सभी व्यवसायिक बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ निरंतर बैठक आयोजित करते रहे। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय संधारण हेतु एक अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा। इस उद्देश्य से सभी बैंकों में पृथक काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। चुनाव अवधि के दौरान बैंकिग से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अग्रणी बैंक प्रबंधक द्बारा कैश ट्रांसफर ऑनबोर्डिंग पास की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर राज्य कर विभाग के अधिकारी ज्ञानी दास, राज्य कर संयुक्त आयुक्त संतोष कुमार, राज्य कर उप आयुक्त गुंजन कुमार एवं राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी ने निर्वाचन आयोग की मार्गदर्शिका के आलोक में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर अग्रणी बैंक प्रबंधक विशाल कुमार, सभी व्यवसायिक बैंकों के शाखा प्रबंधक इरशाद अली, तबरेज कुमार, चंदन कुमार, परमिता कुमारी, अवधेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुदामा कुमार सहित मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक के पास मिला बुजुर्ग का शव

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** गया-मुगलसराय रेलखंड पर अवस्थित रफीगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के पास से एक बुजुर्ग का शव मिला है। ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। शव के पास से एक थैला मिला है जिससे टॉर्च और चादर मिला है। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहतान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर मौत होना प्रतीत हो रहा है। छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक डेड बॉडी सुरक्षित रखी जाएगी। शव की तस्वीर आसपास के थानों में भेजा गया है। पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें मतदानकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के दृष्टिगत अंतर-जिला एवं अंतर्राज्यीय स्तर पर समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करने हेतु सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेहरी के बीच बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, चेकिंग, बॉर्डर सीलिंग, निगरानी एवं आपसी समन्वय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि सीमावर्ती थाना क्षेत्रों एवं पुलिस पदाधिकारियों के बीच सतत संपर्क एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा तथा नक्सल, अपराध एवं साम्प्रदायिक गतिविधियों से संबंधित आसूचना साझा कर संयुक्त कार्रवाई की जाएगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय अपराधकर्मियों, असामाजिक तत्वों एवं फरार अभियुक्तों की सूची आपस में साझा कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीमा क्षेत्रों में स्थापित चेकनाका पर संयुक्त वाहन जांच प्रारंभ कर दी गई है और चुनाव अवधि तक इसे जारी रखा जाएगा। नक्सली गतिविधियों, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं आग्नेयास्त्रों की तस्करी रोकने हेतु संयुक्त अभियान संचालित किए जाएंगे। चुनाव कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-107 के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चुनाव पूर्व, चुनाव के दिन एवं चुनाव उपरांत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने पर बल दिया गया। चुनाव ड्यूटी हेतु आने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के आगमन में समुचित सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में यह भी सहमति बनी कि दोनों जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आपसी सहयोग और समन्वय स्थापित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कटिबद्ध रहेंगे।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारिश के साथ आयी आंधी-तूफान से एक ऑटो पर अचानक पेड़ गिर गया जिसमें ऑटो सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य चार लोगों को मामूली चोटे आई है। घटना शुक्रवार की शाम बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के उरदाना के समीप नबीनगर-बारून पथ की है। मृतक की पहचान एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के गमहरियां गांव निवासी लखन पासवान के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिन्होंने सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कार दिया। वहीं जख्मियों का इलाज किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक ऑटो नबीनगर से बारून की ओर जा रही थी। इसी क्रम उस जगह हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटे आई है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हुई है। इस घटना में अन्य चार लोगों को मामूली चोटे आई है जिनका इलाज करवाया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नीतीश सरकार ने महिलाओं को बनाया सशक्त : वीरेन्द्र सिंह

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत कर रहे जन संवाद यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवीनगर(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि नीतीश सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं के खाते में सीधे 10 हजार रुपए भेजकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। यह रकम डायरेक्ट उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की गई है। वे शनिवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के गोठौली ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' कर रहे थे। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि डीबीटी भारत सरकार की ओर से 2013 में शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य कल्याणकारी भुगतानों और सब्सिडी को सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर करना है। इससे उनको दिए गए लाभों का पूरी डिटेल उनके बैंक खातों में दर्ज होती है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है और भ्रष्टाचार कम होता है। साथ ही प्रशासनिक खर्च में कमी आती है और लाभार्थियों को समय पर लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता संभाली है तब से वे महिलाओं के लिए कई अहम कदम उठा चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में महिलाओं के हक में फैसला लेते हुए ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में 50 फीसदी सीटों पर आरक्षण फिक्स किया। साथ ही मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना लेकर आए और 2016 में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य की सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया। इसके अलावा 2018 में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना लॉन्च की, जिसमें छात्राओं को ग्रेजुएशन तक फाइनेंशियल सहायता दी जाती है। बारून के प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने गोठौली, भरत बिगहा, दिघी, बगाही, मुसाफिर बिगहा, सुखराम बिगहा, चुरा, धनौती, धनौती पुल, परशुरामपुर, धर्मपुरा, मखरा, बैरिया बीघा एवं महुअरी गांव में जन संवाद यात्रा किया। इस दौरान जगहऽजगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत भी किया। यात्रा में सुरेंद्र कुमार सिंह, विभूति नारायण पांडे, अनिल कुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, रविंद्र यादव उर्फ केदार यादव, राजकुमार ठाकुर, अरविंद पांडे, जमीदार यादव, नागेंद्र सिंह, कृष्णा राम, पवन कुमार यादव, सनी पटेल, विमलेश कुमार, विपुल कुमार, अरविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, विनय सिंह, पप्पू सिंह, मनीष सिंह, गुड्डू सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की जन संवाद यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज-कासमा पथ पर मियां बिगहा मोड़ के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में गया जिले के गुरुआ थाना अंतर्गत नोडिहा गांव निवासी सुरेश पासवान के 24 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टर केसरी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। घायल के परिजन संजीत कुमार ने बताया कि गया से अपने घर टोटो चलाकर जाने के क्रम में मियां बिगहा मोड़ के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे गिरकर वह घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए औरंगाबाद भेज दिया गया है।

# मतदाता जागरुकता के लिए डांडिया कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय कला मंच द्वारा नवरात्र के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला खेल अधिकारी पप्पू कुमार, सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा, भागवत प्रसाद सिंह बीएड कालेज के निदेशक अभय कुमार सिंह, बेबी प्रिया, अंतरा सिंह, एबीवीपी के नगर मंत्री प्रभात कुमार, गोल्डी सिंह व अन्य संयुक्त रूप से किया। डांडिया उत्सव के दौरान स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से नए मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं लोकतंत्र में मतदान की गरिमा एवं महत्व से अवगत करना था। कार्यक्रम में नये मतदाताओं, विशेषकर युवतियों, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डांडिया उत्सव के दौरान मेरा वोट मेरा अधिकार, मतदान जरूर करेंगे हम के स्लोगन के साथ एक विशेष सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया, जहां उपस्थित युवतियों ने उत्सव का आनंद लेते हुए सेल्फी लेकर इसे सामाजिक जागरूकता का संदेश रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में युवक एवं युवतियों ने अपने हाथों पर मतदान देने से संबंधित फर्स्ट टाइम वोटर टैटू भी लगाया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी तथा सभी को सक्रिय रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने पहली बार मतदाताओं से आग्रह किया गया कि जिस उमंग के साथ आप लोग डांडिया उत्सव मना रहे हैं उससे कहीं ज्यादा उत्सव और उमंग के साथ आप आने वाले चुनाव को मनाएं, आप घर से बाहर निकल कर पहली बार मतदान करेंगे। साथ ही साथ आप अपने माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी एवं अन्य संबंधियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं युवतियों से आग्रह किया कि आप लोग औरंगाबाद को मजबूत बनाने में हमारा सहयोग करें और वह तभी संभव होगा जब आप मतदान के महत्व को समझेंगे एवं मतदान करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवक एवं युवतियों से आने वाले चुनाव में अवश्य मतदान करने का आग्रह किया।

# युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के माली थाना अंतर्गत सिमरी धमनी गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद किया है जिसमें घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के झांसी जिला अंतर्गत मोठ थाना क्षेत्र के चेलरा गांव निवासी मान सिंह के पुत्र पुष्पेंद्र सिंह के रूप के हुई है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। शनिवार की शाम पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल पहुंचे सिमरी धमनी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पेंद्र पिछले एक साल से नवीनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गोलगप्पा बेचने का काम करता था। तीन महीने से वह सिमरी धमनी गांव में एक किराए का रूम लेकर रहता था। इसके पहले वह बैरिया बाजार में रहकर गोलगप्पा बेचने का काम करता था। उसके साथ-साथ उसकी पत्नी व साला भी रहता था। तीन दिन पहले पत्नी व साला किसी काम से अपने घर झांसी चले गए थे। शनिवार की सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक को शक हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि पुष्पेंद्र फंदे से झूल रहा है। उसके शव को उतार घटना की सूचना परिजनों को दी गयी।

# पीड़ितों से मिल पूर्व सांसद ने बंधाया ढांढस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मृत लोगों के परिजनों से मिल पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने ढांढ़स बंधाया। शनिवार को पूर्व सांसद कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के लभरी व सड़सा गांव पहुंचे। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व लभरी गांव निवासी दुधेश्वर चंद्रवंशी के पुत्र पंकज चंद्रवंशी की दूसरे प्रदेश में मौत दो गई थी। वहीं सड़सा गांव निवासी कमलेश ठाकुर के पुत्र आयुष कुमार की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसकी सूचना मिलने पर पूर्व सांसद ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और यथोचित मुआवजा दिलाने तथा आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में युवक और किशोर की मौत अत्यंत दुखद है। ईश्वर शोक संतप्त परिजनों को इस हृदय विदारक घटना को सहन करने की शक्ति दें। मौके पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, नलिनी रंजन, हिमांशु शेखर सिंह, ईश्वर दयाल सिंह, अशोक सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रभात सिंह आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बघोई गांव स्थित पाण्डेय बिगहा टोला में समाजसेवी स्व. लालमुनि देवी की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. जयप्रकाश कुमार के नेतृत्व में दिवंगत लालमुनि देवी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को भाव विभोर कर दिया। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक और कलम देकर सम्मानित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन, समाजसेवी श्रीकृष्ण कुमार, पूर्व मुखिया संतोष शर्मा और सोनू कुमार ने दिवंगत लालमुनि देवी के जीवन मूल्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गांव में रहकर गरीबों और असहायों की सेवा को ही अपना धर्म माना। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने स्थानीय कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया और उनके हौसले को बढ़ाया।

# अभिषेक पाठक बिहार कला पुरस्कार से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के रियासत पवई निवासी अभिषेक पाठक को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार ने बिहार कला पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। 24 सितंबर को पटना में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विभागीय मंत्री मोतीलाल प्रसाद की उपस्थिति में अभिषेक पाठक को यह सम्मान मिला है। अभिषेक पाठक ने बताया कि उन्हें बिहार कला सम्मान 2022-23 के अंतर्गत पं रामचतुर मल्लिक पुरस्कार (नवोदित श्रेणी) मिला है। इनके पिता कृष्ण मुरारी पाठक और माता रेणु पाठक हैं। इनका जन्म 12 सितंबर 1996 को पटना में एक संगीतज्ञ घराने में हुआ। इनके दादाजी स्वर्गीय पंडित जीवरंजन पाठक गया घराना के सुप्रसिद्ध सितार वादक तथा आकाशवाणी पटना में सेवारत थे। श्री पाठक की शास्त्रीय संगीत एवं ध्रुपद गायन की विधिवत शिक्षा गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत 'दरभंगा घराना' के महान गायक पद्मश्री स्वर्गीय पंडित रामकुमार मल्लिक के सानिध्य में हुई है तथा इन्होंने उप शास्त्रीय संगीत की शिक्षा अपने चाचा पंडित सुनील पाठक से ली है। श्री पाठक पटना आकाशवाणी के अप्रूव्ड कलाकार हैं। इन्होंने बिहार एवं राज्य के बाहर भी कई संगीत समारोहों में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# युवाओं को रोजगार के अवसर व करियर चुनने में मदद करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के हित में बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना तथा नियोजन सेवा का विस्तार योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला नियोजनालय, औरंगाबाद के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों को स्टडी किट एवं टूल किट उपलब्ध कराया जायेगा। नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत ऐसे अभ्यर्थी जो बिहार राज्य के निवासी हैं, जिनका निबंधन न्यूनतम आठ माह पूर्व से नियोजनालय में किया गया है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये है, जिन्होंने सरकारी सेवा हेतु आवेदन किया है, जिनकी आयु सरकारी सेवा हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप है तथा जिनकी शैक्षणिक योग्यता प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निर्धारित मानक के अनुसार है, वे आवेदन करने के पात्र होंगे। इस योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों में से यूपीएससी एवं बीपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को पांच हजार रुपये तक तथा अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को ढाई हजार रुपये तक का स्टडी किट उपलब्ध कराया जायेगा। नियोजन सेवा का विस्तार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रेडों जैसे इलेक्ट्रीशियन, सिलाई मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर, मोबाइल रिपेयर, फिटर, ब्यूटीशियन, प्लंबर इत्यादि में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को टूल किट उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत ऐसे अभ्यर्थी जो बिहार राज्य के निवासी हैं, जिनका निबंधन न्यूनतम छह माह पूर्व से नियोजनालय में किया गया है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये है, जिन्होंने केंद्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया है अथवा आरपीआई के अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्राप्त है तथा जिनकी आयु अठारह से चालीस वर्ष के बीच है, वे आवेदन करने के पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को अधिकतम पंद्रह हजार रुपये तक का टूल किट उपलब्ध कराया जायेगा। दोनों योजनाओं हेतु पात्र अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित आवेदन पत्र 10 अक्टूबर तक जिला नियोजनालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर उप निदेशक (नियोजन) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। लाभुकों के चयन में निबंधन की वरीयता को प्राथमिकता दी जायेगी तथा दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं महिला वर्ग को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला नियोजनालय से संपर्क कर सकते हैं।

# टहलने के दौरान पइन में गिरने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के कोशडीहरा गांव में टहलने के दौरान पइन में गिरने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी रामचंद्र यादव के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम की बतायी जा रही है। सदर अस्पताल में आये मृतक के परिजन ने बताया कि रामचंद्र यादव शाम के समय अपने गांव के ही सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वे अनियंत्रित होकर पइन में गिर गये और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर हमलोग पहुंचे और उन्हें जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसके बाद दाह संस्कार के लिए शव को घर लेकर चले गये। वृद्ध की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।